# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 10 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-23 | पृष्ठ-13 | मूल्य : 01 | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


संक्षिप्त खबरें

### मार्च के सभी रविवार को खुलेंगे रहेंगे निबंधन कार्यालय

**पटना।** राज्य के सभी निबंधन कार्यालय मार्च महीने के रविवार को खुले रहेंगे। मद्य निषेद, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अनुसार, सभी निबंधन कार्यालयों में रविवार को आम दिनों की भांति जमीन/फ्लैट का निबंधन किया जाएगा। ये फैसला आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। निबंधन विभाग ने जनवरी 2026 से रविवार समेत अन्य सभी छुट्टियों पर निबंधन कार्यालय सामान्य कार्य दिवसों की तरह खुले रखने की शुरूआत की थी। कामकाजी वर्ग के लिए यह सुविधा बेहद फायदेमंद साबित हो रही है, वे अब छुट्टियों के दिन बढ़चढ़ कर निबंधन करवा रहें हैं।

### गुरुग्राम में सोसाइटी की दीवार गिरी : सात मजदूरों की मौत

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में सोमवार रात ग्लोबल सिग्नेचर सोसाइटी में निमार्णाधीन प्रोजेक्ट की दीवार गिर गई। इस हादसे में 7 मजदूरों की मौत हो गई। 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों और घायलों को राजस्थान के भिवाड़ी जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बिलासपुर थाना पुलिस और रऊक्र्कमौके पर पहुंची। मिट्‌टी और मलबे में अभी भी लोगों के दबे होने की आशंका है। टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए हुए है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि हादसा कैसे हुआ। पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं और मामले की जांच कर रहे हैं। घटना के बाद बिल्डर ने सोसाइटी के मेन गेट पर बाउंसर खड़े कर दिए हैं, किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा। जानकारी के मुताबिक, ग्लोबल सिग्नेचर सोसाइटी में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) का काम चल रहा था।

### बंगाल पहुंचे चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार

**कोलकाता।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार रविवार शाम को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने कोलकाता पहुंचे। 3 दिन चलने वाली चुनाव आयोग की फुल बेंच मीटिंग के बीच सोमवार को ज्ञानेश कुमार कालीघाट में पूजा करने पहुंचे। मंदिर के बाहर मौजूद प्रदर्शनकारियों ने गो बैक के पोस्टर और काले झंडे दिखाए। इसके पहले रविवार को भी कोलकाता पहुंचने पर कुछ लोग उनके काफिले के सामने झंडे लेकर पहुंचे और नारेबाजी करते दिखे। इधर, BJP के एक डेलीगेशन ने सोमवार को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की फुल बेंच से मुलाकात की और मांग की कि 2026 का पश्चिम बंगाल असेंबली चुनाव तीन फेज में ही कराया जाए।

# संपर्क पथ के निर्माण से लोगों को जाम से मिलेगी निजात : मुख्यमंत्री

## सीएम ने जेपी गंगा पथ अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना जिला के जेपी गंगा पथ अंतर्गत पटना साहिब रेलवे स्टेशन से पटना घाट तक निमार्णाधीन संपर्क पथ का मालसलामी मारुफगंज में निरीक्षण किया। सीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। पटना साहिब रेलवे स्टेशन से शुरू होकर जेपी गंगा पथ के पटना घाट तक 52.54 करोड़ रुपए की लागत से 1.5 किलोमीटर लंबे संपर्क पथ का निर्माण हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संपर्क पथ इस क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसके बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। लोगों को जाम से निजात मिलेगी। इससे आवागमन में समय की बचत होगी। इस संपर्क पथ का निर्माण ससमय पूर्ण करायें। ज्ञातव्य है कि इस संपर्क पथ के निर्माण से अशोक राजपथ एवं मारुफगंज मंडी क्षेत्र में जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही पटना साहिब रेलवे स्टेशन पर आरओबी के माध्यम से जेपी गंगा पथ को नए एनएच-30 से संपर्कता भी प्रदान करेगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने कंगन घाट पहुंचकर भद्रघाट-दीदारगंज पथ के 4 लेन चौड़ीकरण/निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को ससमय कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। 7.80 किलोमीटर लंबे पथ के चौड़ीकरण/निर्माण कार्य के लिये 158.4037 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। सेक्शन 1 में भद्रघाट से मिरचाई घाट (कुल लंबाई 2.35 किमी), सेक्शन-2 में मिरचाई घाट से पटना घाट (कुल लंबाई 1.65 किमी), सेक्शन-3 में पटना घाट से शरीफागंज घाट (कुल लंबाई 1.55 किमी) तथा सेक्शन-4 में शरीफागंज घाट से दीदारगंज तक (कुल लंबाई 2.25 किमी) चौड़ीकरण/निर्माण कार्य किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि भद्रघाट से दमराही घाट के बीच अवस्थित 2 लेन पथ से अशोक राजपथ पर वाहनों का दबाव घटा है एवं पटना सिटी के लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने में सफलता मिली है। उक्त पथ को भद्रघाट से दीदारगंज तक 4 लेन पथ के निर्माण से अशोक राजपथ पर वाहनों का दबाव कम होगा तथा जाम की समस्या से लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार व चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### समृद्धि यात्रा : कल अररिया आएंगे सीएम नीतीश

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 11 मार्च को समृद्धि यात्रा के तहत अररिया जिले का दौरा करेंगे। राज्य सरकार की इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करना, जनता से सीधा संवाद स्थापित करना और नई परियोजनाओं को गति प्रदान करना है।

# हड़ताल से नहीं लौटने वाले भू-राजस्व पदाधिकारियों पर होगी कार्रवाई : मंत्री



## प्रेस वार्ता में उपमुख्यमंत्री ने सरकार के 100 दिन की उपलब्धियों को गिनाया

**पटना (एनएसबी)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारियों को उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने साफतौर पर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि राजस्व पदाधिकारी और कर्मचारी अपना आंदोलन जल्द समाप्त नहीं करते हैं, तो उन्हें निलंबित किया जाएगा। विभागीय कामकाज के लिए उनके स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाएगी।

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सोमवार को मुख्य सचिवालय स्थित विभागीय कार्यालय कक्ष में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंचलाधिकारी कुछ लोगों के बहकावे में न आएं। समय रहते वह काम पर लौट आएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार की सहानुभूति को कमजोरी नहीं समझा जाए। जनता के कामकाज को प्रभावित करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्री सिन्हा सोमवार को नई सरकार के 100 दिन की उपलब्धियों को गिना रहे थे। उन्होंने बताया कि अविवादित और विवादित भूमि की मापी क्रमशः 7 व 11 दिन, मापी प्रतिवेदन पोर्टल पर लोड करने के लिए 14 दिन का समय निर्धारित है। उन्होंने कहा कि भूमि से संबंधित जिन मामलों में आपत्ति नहीं है, उन्हें 14 दिन में निस्तारित किया जाय। खसरा, लगान में मामूली त्रुटियों के सुधार के लिए 35 दिन, विशेष-जटिल मामलों के निराकरण के लिए 75 और परिमार्जन में सुधार के लिए 15 दिन का समय निर्धारित है। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम कानून व्यवस्था बनाए रखना है न कि मौके पर जाकर जमीन पर कब्जा दिलाना। बिना सक्षम आदेश के हस्तक्षेप पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी डीएम और एसपी को निर्देश दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के तहत वंशावली निर्गत करने का काम अंचलाधिकारियों को सौंपा गया है। एससी, एसटी पचार्धारियों को कब्जा दिलाने के लिए राज्य में ऑपरेशन भूमि लागू किया गया। शहरी क्षेत्र में वंशावली जारी करने की जिम्मेदारी अंचलाधिकारियों को सौंपा गया है।

# सीवान में दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान से 25 लाख की लूट



## हथियार के बल पर अपराधियों का तांडव

**सीवान (एनएसबी)।** सीवान जिले के बसंतपुर बाजार में सोमवार को दिनदहाड़े बड़ी लूट की वारदात से हड़कंप मच गया। थाना रोड स्थित अरुण ज्वेलर्स की दुकान पर लगभग आधा दर्जन सशस्त्र अपराधियों ने धावा बोलकर करीब 25 लाख रुपये के आभूषण लूट लिये। घटना से पूरे बाजार में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार सोमवार को अपराह्न करीब तीन बजे हथियारों से लैस करीब छह अपराधी बाइक से बसंतपुर थाना के समीप स्थित अरुण ज्वेलर्स की दुकान पर पहुंचे। इनमें से चार अपराधी चेहरे ढके हुए दुकान के अंदर घुस गए। अपराधियों ने हथियार का भय दिखाते हुए दुकान में मौजूद लोगों को डराया और अलमारी में रखे सोने-चांदी के सभी आभूषण थैले और बैग में भर लिए। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने दुकान की पूरी अलमारी खाली कर दी और करीब 25 लाख रुपये के आभूषण लेकर आराम से फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई है। वहीं पुलिस विभाग के वरीय पदाधिकारी भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। दिनदहाड़े हुई इस बड़ी लूट की वारदात से व्यवसायियों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है।

# गन्ना व कृषि उत्पादन में एआई का उपयोग किसानों को देगी नई दिशा

## ज्ञान भवन में गन्ना प्रौद्योगिकी सेमिनार-2026 का किया गया आयोजन

**पटना (एनएसबी)।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि अब एआई को ताकत बनाने का समय आ गया है। टेक्नोलॉजी हमारे जीवन, गन्ना उद्योग, खेती और किसानी के क्षेत्र में शामिल हो, इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी आधारित कृषि से ही किसानों का पूर्ण विकास संभव है। इसके लिए पिछले बजट में ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का प्रावधान किया गया है और आवश्यक राशि भी उपलब्ध कराई गई है, जल्द ही इसे पूरा किया जाएगा। इससे कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक का सीधा लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने किसानों की खुशहाली के लिए कैश क्रॉप यानि नगदी फसल की खेती को भी जरूरी बताया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ज्ञान भवन में आयोजित गन्ना प्रौद्योगिकी सेमिनार-2026 को संबोधित कर रहे थे।

**इंसेंटिव पॉलिसी 2026 का ड्राफ्ट हो रहा तैयार :** बिहार में लगभग 90% चीनी मिलें को-ऑपरेटिव सेक्टर से जुड़ी हुई हैं। हम लोग लोन के माध्यम से उनकी संरचना को मजबूत करने का काम करेंगे। इसमें 90% तक लोन की व्यवस्था होगी और केवल 10% राशि को-ऑपरेटिव को देनी पड़ेगी। चीनी उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए इंसेंटिव पॉलिसी 2026 का ड्राफ्ट भी तैयार हो रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि गन्ना खेती और चीनी उद्योग को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़े और बिहार के मजदूरों को राज्य में ही रोजगार के अवसर मिलें।



### बिहार में बंद पड़ी 10 चीनी मिलें हुई चालू

उन्होंने कहा कि बिहार में पहले बड़ी संख्या में चीनी मिलें थीं। लेकिन कांग्रेस और आरजेडी के शासन में अधिकांश मिलें बंद हो गईं। अब नीतीश कुमार के संकल्प और नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इन्हें फिर से चालू किया जा रहा है। राज्य में 9 से 10 चीनी मिलें फिर से चालू की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि धान के साथ-साथ गन्ने जैसी कैश क्रॉप को बढ़ावा मिले ताकि किसान की आय बढ़े। महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा समेत कई राज्यों में नगदी फसल की खेती कर किसान अपने जीवन को खुशहाल बना रहे हैं।

### एनडीए का शीर्ष नेतृत्व तय करेगा बिहार का सीएम : सम्राट चौधरी

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की राजनीतिक एंट्री को लेकर सियासी माहौल गर्म है। इसी बीच उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस पूरे मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि बिहार में मुख्यमंत्री को लेकर अंतिम फैसला एनडीए का शीर्ष नेतृत्व करेगा और जो भी निर्णय लिया जाएगा, उसे सभी सहयोगी दल स्वीकार करेंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि यदि निशांत कुमार राजनीति में आते हैं तो उनका स्वागत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जदयू का आंतरिक निर्णय है और हर राजनीतिक दल को अपने संगठन से जुड़े फैसले लेने का अधिकार होता है। श्री चौधरी ने कहा कि किसी भी युवा का राजनीति में आना लोकतंत्र के लिए सकारात्मक माना जाता है। यदि कोई व्यक्ति जनता की सेवा करने की भावना से राजनीति में प्रवेश करता है तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करता है।

# राज्यसभा चुनाव से पहले ही 26 नेता निर्विरोध चुने गए

## शरद पवार, रामदास आठवले, विनोद तावड़े, अभिषेक मनु सिंघवी जैसे दिग्गज शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दस राज्यों की 37 सीटों के लिए हो रहे राज्यसभा चुनाव में सात राज्यों के 26 उम्मीदवार बिना मुकाबले के ही निर्वाचित हो गए हैं। इनमें एनसीपी (शरद) प्रमुख शरद पवार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

निर्विरोध निर्वाचित होने वाले नेताओं में विभिन्न दलों के उम्मीदवार शामिल हैं। कई राज्यों में विपक्षी दलों ने उम्मीदवार नहीं उतारे, जिसके कारण ये नेता बिना मतदान के ही राज्यसभा पहुंच गए। हालांकि बिहार, ओडिशा और हरियाणा की 11 सीटों पर मुकाबला होना तय है। इन राज्यों में अतिरिक्त उम्मीदवार मैदान में होने के कारण चुनाव कराया जाएगा।

**अब 11 सीटों के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में :** नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि के बाद बिहार की 5, ओडिशा की 4 और हरियाणा की 2 सीटों पर चुनाव 16 मार्च को होंगे। इन चुनावों में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के राज्यसभा पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। कुल 10 राज्यों की 37 सीटों के लिए 40 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। अब 11 सीटों के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिसके कारण बिहार, ओडिशा और हरियाणा में एक-एक सीट पर मुकाबला होगा।

# ईरान जंग पर विपक्ष का दोनों सदनों में हंगामा

## सरकार बोली- स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर बहस के लिए तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के पहले दिन की लोकसभा की कार्यवाही खत्म हुई। विपक्ष ने अमेरिकी-इजराइल और ईरान जंग पर जमकर हंगामा किया। विपक्ष जंग के बाद पश्चिम एशिया में बने हालातों का भारत पर असर पर चर्चा की मांग करता रहा।

सरकार ने कहा कि विपक्ष स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ नो कॉन्फिडेंस मोशन लाई है, हम इस पर चर्चा करने पर तैयार हैं, विपक्ष चर्चा करे, लेकिन विपक्ष दूसरा मोशन ले आया है, जिसका विदेश मंत्री ने बहुत अच्छे से जबाव दिया है। इसके बाद सदन मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित किया गया। वहीं, आज विदेश मंत्री ने पहले राज्यसभा में और फिर लोकसभा में गल्फ देशों से भारतीयों की वापसी और एनर्जी संकट को लेकर तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा- इस समय ईरान की लीडरशिप से कॉन्टैक्ट मुश्किल है, लेकिन भारत शांति और बातचीत के पक्ष में है। राज्यसभा में जब जयशंकर संबोधन दे रहे थे तब विपक्ष ने राज्यसभा का वॉक आउट किया। लोकसभा में उनके संबोधन के दौरान विपक्ष ने वी वॉन्ट डिस्कशन के नारे लगाए, खबू हंगामा किया। चेयर के बार-बार बोलने पर भी विपक्षी सांसद शांत नहीं हुए थे। राज्यसभा की कार्यवाही अभी जारी है।



**विदेश मंत्री ने कहा- 67,000 नागरिक इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर चुके, 6 बड़ी बातें :** मौजूदा संघर्ष भारत के लिए भी चिंता की बात है। हम पड़ोसी हैं, और वेस्ट एशिया में स्थिरता बनाए रखना हमारी भी जिम्मेदारी है। खाड़ी देशों में एक करोड़ भारतीय रहते और काम करते हैं। ईरान में भी, कुछ हजार भारतीय पढ़ाई या नौकरी के लिए हैं। यह इलाका हमारी एनर्जी सिक्योरिटी के लिए बहुत जरूरी है और इसमें तेल और गैस के कई जरूरी सप्लायर शामिल हैं।

# केजरीवाल-मनीष सिसोदिया को हाईकोर्ट का नोटिस

## दिल्ली आबकारी नीति मामला





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आबकारी नीति मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पार्टी नेता मनीष सिसोदिया को नोटिस जारी किया है। इस मामले में सभी 23 आरोपियों से सीबीआई की याचिका पर अपने जवाब दाखिल करने को कहा गया है। अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। सोमवार को सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने सीबीआई और उसके जांच अधिकारी के खिलाफ ट्रायल कोर्ट की टिप्पणियों पर रोक लगाई। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने राऊज एवेन्यू कोर्ट को इस मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस की सुनवाई तब तक टालने का भी निर्देश दिया, जब तक कि ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर फैसला नहीं कर लिया जाता। एसजी तुषार मेहता ने मांग की थी कि हाईकोर्ट फिलहाल ये आदेश पास करे कि मनी लॉन्ड्रिंग वाले केस पर राऊज एवेन्यू कोर्ट के इस फैसले का असर नहीं पड़ेगा। तुषार मेहता ने कहा, "यह राष्ट्रीय राजधानी के सबसे बड़े घोटालों में से एक है। वैज्ञानिक जांच की गई और साजिश के हर पहलू को साबित किया गया है।" इसके बाद, हाईकोर्ट ने साफ किया कि जब तक इस केस का हाईकोर्ट में निपटारा नहीं हो जाता, तब तक निचली अदालत में दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले पर सुनवाई नहीं होगी।

## खबरें : एक नजर में

### यश राज फिल्म्स ने अल्फा की थिएट्रिकल रिलीज डेट का ऐलान किया, 10 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में आएगी फिल्म

**पटना/ मुंबई (एनएसबी)।** यश राज फिल्म्स ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर अल्फा की थिएट्रिकल रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। आलिया भट्ट अभिनीत यह फिल्म अब 10 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस घोषणा के साथ ही यश राज फिल्म्स, आलिया भट्ट और शर्वरी ने सोशल मीडिया पर एक बिल्कुल नया टीजर पोस्टर भी साझा किया। इस पोस्टर में आलिया भट्ट का एक नया और बेहद दमदार एक्शन अवतार दिखाई दे रहा है, जिसमें वह चोटों और कट के निशानों से भरी हुई नजर आ रही हैं, मानो किसी खूनखराबे वाली भिड़ंत के बाद की स्थिति हो। अल्फा में आलिया भट्ट के साथ हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की उभरती स्टार शर्वरी नजर आएंगी। यह एक जबरदस्त एक्शन थ्रिलर है, जिसमें अनिल कपूर और बबी देओल भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में आलिया और शर्वरी का आमना-सामना बबी देओल से होने वाला है, जहां यह दोनों एक क्रूर और तीव टकराव में दिखाई देंगी। यह फिल्म आलिया भट्ट की यश राज फिल्म्स के साथ पहली फिल्म है। साथ ही यह भारत की पहली ऐसी महिला-प्रधान पूर्ण एक्शन फिल्म है, जिसमें आलिया और शर्वरी मिलकर ऐसे एक्शन सीँस करती नजर आएंगी, जैसा दर्शकों ने अब तक किसी अभिनेत्री को बड़े पर्दे पर करते नहीं देखा होगा। अल्फा का निर्देशन शिव रवैल ने किया है, जिन्होंने इससे पहले यश राज फिल्म्स की वैश्विक स्तर पर सफल वेब सीरीज द रेलवे मेन का निर्देशन किया था। इस फिल्म का निर्माण आदित्य चोपड़ा ने किया है।



यश राज फिल्म्स ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर अल्फा की थिएट्रिकल रिलीज डेट का ऐलान कर दिया।

### राष्ट्रपति का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा देश : प्रभाकर मिश्र

**पटना (एनएसबी)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि राष्ट्रपति का अपमान देश कभी सहन नहीं करेगा। राष्ट्रपति का पद कोई राजनीतिक नहीं, बल्कि सांवैधानिक पद है। राष्ट्रपति का सम्मान किसी व्यक्ति का सम्मान नहीं बल्कि राष्ट्र का सम्मान होता है। श्री मिश्र ने यहां कहा कि नौवें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में भाग लेने गयीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करने के लिए न मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उपस्थित थीं और न ही पश्चिम बंगाल सरकार का कोई मंत्री। इसे महज संयोग नहीं कहा जा सकता। बल्कि देश के सर्वोच्च सांवैधानिक पद को अपमानित करने की सोची-समझी साजिश थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति के पद का अपमान करने के साथ-साथ एक ऐसी महिला का अपमान किया है, जो देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हैं और आदिवासी समाज से आती हैं। श्री मिश्र ने कहा कि असल में ममता बनर्जी को विधानसभा चुनाव में करारी हार का डर सता रहा है, हार के डर से वह मानसिक रूप से शून्य हो चुकीं हैं। राष्ट्रपति के प्रोटोकल को भूल जाना या जानबूझकर अनदेखी करना मानसिक शून्यता को ही दर्शाता है। श्री मिश्र ने कहा कि पश्चिम बंगाल टीएमसी के हाथ से निकल चुका है। ममता बनर्जी खुद अपनी सीट भी बचा नहीं पाएंगी। ममता बनर्जी और टीएमसी की करारी हार होनी भी चाहिए, क्योंकि ममता बनर्जी ने अपने शासनकाल में बंगाल को दिया ही क्या है। अपराध, गरीबी और बेरोजगारी। अब बंगाल में मुस्कुराता हुआ कमल खिलेगा, जो बंगाल को विकास और समृद्धि की राह पर ले जाएगा।

### मनोनीत राज्यपाल नन्दकिशोर यादव को डा. अनिल सुलभ ने दी बधाई

#### नागालैंड में राजकीय हिन्दी संस्थान तथा हिन्दी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए किया आग्रह

**पटना (एनएसबी)।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा. अनिल सुलभ ने नागालैंड के मनोनीत राज्यपाल नन्द किशोर यादव को उनके आवास पर मिलकर बधाई दी। उनका नागालैंड का राज्यपाल बनाए जाने को हिन्दी-भाषा के लिए अत्यंत शुभ बताते हुए उन्होंने आग्रह किया कि राज्य के संवैधानिक-प्रमुख के रूप में उन्हें प्रदेश में श्राजकीय हिन्दी संस्थानश तथा एक शहिन्दी विश्वविद्यालयश की स्थापना हेतु राज्य सरकार को निर्देश देना चाहिए। डा सुलभ ने आशा व्यक्त की कि उनके द्वारा दीमापुर में दो वर्ष पूर्व स्थापित किए गए नागालैंड हिन्दी साहित्य सम्मेलन को भी श्री यादव का संरक्षण और पोषण मिलेगा, जिससे उस प्रदेश में भी हिन्दी भाषा और साहित्य की सम्यक् उन्नति हो पाएगी। उन्होंने अंग-वस्त्रम और पुष्प-गुच्छ देकर श्री यादव का अभिनन्दन भी किया। डा सुलभ के साथ सम्मेलन के अर्थमंत्री कुमार अनुपम, कवि विनोद किसलय, राजेश राज, रामाशंकर प्रसाद तथा संजीव यादव ने भी पुष्प-गुच्छ देकर श्री यादव को बधाई दी।

### शंभू देव ने गहरी संवेदना व्यक्त

**पटना (एनएसबी)।** ईरान के सुप्रीम लीडर की शहादत पर ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन की ओर से बिहार के राज्य अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शंभू देव ने गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने ईरान दूतावास के पदाधिकारियों से औपचारिक मुलाकात की और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शंभू देव ने कहा कि जो लोग जनता के अधिकारों, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देते हैं, उनका बलिदान इतिहास में हमेशा सम्मान और गर्व के साथ याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर की शहादत केवल ईरान के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया भर में न्याय, शांति और मानवीय मूल्यों के लिए संघर्ष करने वाले लोगों के लिए भी एक बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि जो लोग इंसाफ और मानवता के लिए शहादत देते हैं, उनके लिए जन्नत के दरवाजे खुले होते हैं। ऐसे महान बलिदान आने वाली पीढ़ियों को अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करने की प्रेरणा देते हैं।

## मंडल रेल प्रबंधक ने बरौनी-कटिहार एवं बरौनी-जमालपुर रेल खंड का किया निरीक्षण

# यात्री सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा

**पटना (एनएसबी)।** 9 मार्च 2026 को पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन द्वारा बरौनी- कटिहार रेल खंड के मध्य दनौली -फूलबड़िया एवं साहेबपुर कमाल स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही बरौनी- जमालपुर रेल खंड पर स्थित मुंगेर रेल सह सड़क पुल का भी विस्तृत निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था, प्लेटफर्म की स्थिति, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय तथा सुरक्षा मानकों का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने यात्रियों को बेहतर एवं सुरक्षित रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

स्टेशनों पर स्वच्छता व्यवस्था को और सुढ़ करने, यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा परिचालन प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्तरेलवे परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने तथा यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए।



सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन द्वारा बरौनी- कटिहार रेल खंड के मध्य दनौली - फूलबड़िया एवं साहेबपुर कमाल स्टेशनों का निरीक्षण किया गया।

मुंगेर रेल सह सड़क पुल के निरीक्षण के दौरान पुल की संरचना, परिचालन व्यवस्था तथा सुरक्षा मानकों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। मंडल रेल प्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को पुल के रखरखाव एवं परिचालन को उच्चतम मानकों के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक के साथ मंडल के अन्य शाखा अधिकारी भी उपस्थित रहे।

सोनपुर मंडल द्वारा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने, रेलवे परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने तथा सुरक्षित और सुगम रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। यह निरीक्षण उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


जिलाधिकारी, पटना द्वारा शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों के साथ गाँधी मैदान, पटना का निरीक्षण कर बिहार दिवस समारोह (22 से 24 मार्च, 2026) की तैयारियों का जायजा लिया गया। पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर उत्ष्ट भीड़ प्रबंधन, सुचारू यातायात तथा सुदृढ़ विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करने हेतु निर्धारित मानकों के अनुसार तीव गति से तैयारी करने का निदेश दिया गया।

## प. बंगाल में संवैधानिक संस्थाओं का अपमान चिंताजनक, राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए : संतोष कुमार सुमन

**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री एवं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने पश्चिम बंगाल में मुख्य चुनाव आयुक्त को काले झंडे दिखाए जाने और हाल के दिनों में संवैधानिक पदों के प्रति हो रहे अपमानजनक व्यवहार पर गहरी चिंता और नाराजगी व्यक्त की है।

. सुमन ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिस तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को कोलकाता में विरोध और काले झंडों का सामना करना पड़ा, वह केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि देश की एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था का अपमान है। लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं की गरिमा और स्वतंत्रता सर्वोपरि होती है, लेकिन राज्य सरकार के संरक्षण में इस प्रकार का माहौल बनना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और खतरनाक संकेत है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की राजनीति अब खुले तौर पर तुष्टिकरण और घुसपैठियों को संरक्षण देने तक सीमित हो गई है। यह बेहद चिंताजनक है कि राज्य की सरकार ऐसे तत्वों को बढ़ावा दे रही है जो देश की संवैधानिक संस्थाओं को चुनौती दे रहे हैं।

. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि हाल ही में जिस तरह से देश की महामहिम राष्ट्रपति के प्रति भी गैरजिम्मेदाराना बयान और व्यवहार देखने को मिला, वह भी अत्यंत निंदनीय है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में राष्ट्रपति देश की सर्वोच्च संवैधानिक गरिमा का प्रतीक होते हैं, और उनके प्रति इस प्रकार का रवैया पूरे राष्ट्र का अपमान है।

उन्होंने कहा कि लगातार हो रही इन घटनाओं से यह स्पष्ट हो रहा है कि पश्चिम बंगाल की सरकार का मिजाज अब संवैधानिक मर्यादाओं और राष्ट्रीय हितों के खिलाफ होता जा रहा है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति भी लगातार बिगड़ रही है और संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान सुरक्षित नहीं रह गया है।

. सुमन ने केंद्र सरकार से मांग की कि पश्चिम बंगाल की मौजूदा परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए वहाँ राष्ट्रपति शासन लागू करने पर विचार किया जाए, ताकि राज्य में संवैधानिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन संवैधानिक पदों और संस्थाओं का अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता।

# बिहार में कनेक्टिविटी की नई बयार : उत्तर-दक्षिण बिहार जुड़ेगा, नेपाल से व्यापार होगा और आसान

**पटना (एनएसबी)।** खगड़िया और भागलपुर के बीच गंगा नदी पर बनाए जा रहे 3 किमी 160 मीटर लंबा फोर लेन ब्रिज (चार लेन पुल) का निर्माण कार्य नवंबर 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। इस ब्रिज के बन जाने से उत्तर-दक्षिण बिहार के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल से सीधा जुड़ाव आसान होगा और राज्य में व्यावसायिक गतिविधियों को एक नई उड़ान मिलेगी।

बिहार पुल निर्माण निगम की ओर से निर्माणाधीन पुल की लागत 1 हजार 710 करोड़ रुपये निर्धारित है। गंगा नदी पर भागलपुर के सुल्तानगंज और खगड़िया के अगवानी घाट को जोड़ने वाले पुल के साथ 20 किलोमीटर लंबा पहुंच पथ का निर्माण भी किया जा रहा है। पहुंच पथ का चार किमी का हिस्सा सुल्तानगंज और 16 किमी अगवानी घाट की ओर होगा।

पुल निर्माण निगम के अधिकारियों का कहना है कि सुल्तानगंज-अगवानी घाट के बीच चार लेन पुल के बनने से क्षेत्रीय, अंतरराज्यीय बिहार के साथ झारखंड, बंगाल के बीच की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार और नेपाल के बीच का सीधा जुड़ाव संभव हो सकेगा। इससे कृषि उत्पादों के साथ-साथ औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को एक नई ऊर्जा मिलेगी।

**कांवड़ियों की बढ़ेगी सहूलियत :** सुल्तानगंज-अगवानी घाट के बीच गंगा नदी पर बनाए जा रहे चार लेन पुल से बैजनाथ धाम दर्शन-पूजन के लिए आने वाले लाखों, करोड़ों श्रद्धालुओं की सहूलियत बढ़ेगी। दरअसल, श्रावण मास और दूसरे अवसरों पर श्रद्धालु सुल्तानगंज में गंगा का पवित्र जल उठाव करते हैं। फोर लेन पुल के बन जाने से जल का उठाव कर बैजनाथ धाम जाने वाले इन कांवड़ियों की सहूलियत बढ़ जाएगी और समय की भी बचत होगी।

> नवंबर 2027 तक सुल्तानगंज-अगवानी घाट पुल के बनने की जगी उम्मीद, द्रुत गति से चल रहा निर्माण कार्य

**झारखंड-बंगाल और नेपाल के साथ मिलेगा व्यापार को बढ़ावा :** भागलपुर और खगड़िया के साथ ही दूसरे जिलों के किसान व्यापक स्तर पर गन्ना, आलू, मक्का, केला, आम, धान-गेहूं, दलहनी आदि फसलों की खेती करते हैं। सुल्तानगंज-अगवानी घाट के बीच फोर लेन ब्रिज के बनने के बाद इन किसानों की फसलों के आयात-निर्यात के लिए एक नया रास्ता बनेगा और उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। यह किसान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल के साथ भी अपनी व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा दे सकेंगे।

**एनएच-31 पर पसराहा के पास आरओबी का निर्माण :** सुल्तानगंज-अगुवानी घाट पुल के एप्रोच रोड को सुगम बनाने की दिशा में एनएच-31 पर पसराहा के पास एक रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जा रहा है। पुल निर्माण निगम के अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षित और सुचारू यातायात के लिए पसराहा में ही ट्रैफिक रोटरी और ग्रेड सेपरेटर का भी निर्माण होगा। इससे खगड़िया, भागलपुर, पूर्णिया और आसपास के क्षेत्रों को जाम से राहत मिलेगी। साथ ही लोगों को तेज आवाजाही और बेहतर कनेक्टिविटी का सीधा लाभ मिलेगा।

# भाजपा ने नीतीश कुमार को 'डिजिटल अरेस्ट' कर लिया है, बिहार में बेमेल गठबंधन की सरकार : राजेश राम

**पटना (एनएसबी)।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के साथ हाल के घटनाक्रम से कांग्रेस को कोई आश्चर्य नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि यह घटना होना ही था, क्योंकि मौजूदा सरकार वोट चोरी की बदौलत बनी थी और भारतीय जनता पार्टी लगातार पर्दे के पीछे से नीतीश कुमार को हटाने की साजिश रच रही थी।

राजेश राम ने कहा कि भाजपा ने अब नीतीश कुमार को डिजिटल अरेस्ट कर लिया है। जो नीतीश कुमार हमेशा समाजवादी विचारधारा की लड़ाई लड़ते रहे, आज वही उस लड़ाई को भाजपा के हवाले कर चुके हैं और आरएसएस के एजेंडे पर समझौता कर लिया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि नीतीश कुमार अपने ही कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के आंसुओं से भी नहीं पिघल रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा की राजनीति सहयोगी दलों को कमजोर करने और खत्म करने की रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह भाजपा ने शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे को साथ रखकर बाद में मूल शिवसेना को कमजोर किया, उसी तरह अकाली दल को भी कमजोर किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एनसीपी के नेता शरद पवार की पार्टी को तोड़ने का काम किया और बीजू जनता दल के नेता नवीन पटनायक के साथ ही कई क्षेत्रीय को धीरे-धीरे समाप्त करने की रणनीति अपनाई।

> नीतीश के बाद अब चंद्रबाबू नायडू की बारी : राजेश राम

राजेश राम ने कहा कि भाजपा का इतिहास रहा है कि वह अपने सहयोगियों को पहले साथ लेकर चलती है और बाद में उन्हें खत्म कर देती है। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा और जनता दल (यू) का गठबंधन पूरी तरह से बेमेल गठबंधन है, जो जनता के हितों के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की यही रणनीति अब अन्य सहयोगी दलों के साथ भी अपनाई जा रही है और आने वाले समय में इसका अगला निशाना आंध्र प्रदेश के नेता चंद्रबाबू नायडू होंगे।

संवाददाता सम्मेलन में मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़ , पंकज यादव, वैद्यनाथ शर्मा, कमल कमलेश, नदीम अख्तर अंसारी मौजूद थे।


प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के साथ हाल के घटनाक्रम से कांग्रेस को कोई आश्चर्य नहीं हुआ है।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर पटना शहर में पाँचवें दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

**पटना (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, पटना त्यागराजन एसएम के निर्देश पर पटना शहर में मार्च माह के अग्रिम कैलेण्डर के अनुसार आज पाँचवें दिन भी अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें। प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अगिशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में 11:00 बजे पूर्वा से 02:30 बजे अपरा तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ जी़पी़ओ़ से स्टेशन, बुद्धा पार्क से चिरैयाटाड़ पुल, पुनः स्टेशन से जी़पी़ओ़ तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 1 ठेला, 2 बेंच, 3 कुर्सी जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 12,000- जुर्माना वसूल किया गया। पाटलिपुत्र अंचल में 10:00 बजे पूर्वा से 02.00 बजे अपरा तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ राजापुर पुल से एल़सी़टी़ होते हुए गोसाई टोला पाटलिपुत्र थाना तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 1 लोहा का एंगल एवं 20 कैरेट जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 20,000 - जुर्माना वसूल किया गया। पटना सिटी अंचल में 10:20 बजे पूर्वा से 02:15 बजे अपरा तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ चौक थाना से होते हुए अशोक राज पथ दीदारगंज थाना तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 1 चौकी, 1 काउन्टर जब्त किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में महिलाओं को मिलेगा वैश्विक मंच 'विमेन इन फिल्म-इंडिया' और आईएफएफडी ने मिलाया हाथ

**पटना/ नई दिल्ली (एनएसबी)।** राजधानी दिल्ली अब वैश्विक सिनेमा के फलक पर अपनी अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल दिल्ली 2026 (आईएफएफडी) ने एक युगांतकारी पहल की घोषणा की है। एकेडमी आवार्ड विजेता निर्माता गुनीत मोंगा के नेतृत्व वाली संस्था विमेन इन फिल्म-इंडिया ने आईएफएफडी के साथ हाथ मिलाया है। इस साझेदारी के तहत हर लेंस नामक एक विशेष कार्यक्रम की शुरुआत की गई है, जिसका केंद्र बिंदु महिला कहानीकारों और महिला-प्रधान कहानियों को विश्व पटल पर लाना है।

**सिनेमा में महिला शक्ति का नया सूर्योदय :** यह पहल उन महिला फिल्मकारों, अभिनेत्रियों, लेखिकाओं और निर्माताओं की उपलब्धियों को सम्मानित करती है, जिन्होंने पर्दे पर महिलाओं के चित्रण को नई गहराई और विस्तार दिया है। आज के दौर में जब रचनात्मक उद्योगों में महिलाओं के नेतृत्व और दृश्यता पर वैश्विक स्तर पर चर्चा हो रही है, तब हर लेंस कार्यक्रम दिल्ली को इस संवाद के केंद्र में स्थापित करेगा।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस गौरवशाली क्षण पर कहा, दिल्ली ने सदैव संस्कृति को गढ़ा है, उसका अनुकरण नहीं किया। इस अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के माध्यम से हम एक ऐसा सार्वजनिक उत्सव बना रहे हैं जो इस शहर के जन-मानस का अपना है। यह केवल कुछ गिने-चुने लोगों का आयोजन नहीं, बल्कि सिनेमाई उत्सव है जो सृजनात्मकता के जरिए दिल्ली को विश्व के सांस्तिक मानचित्र पर मजबूती से अंकित करेगा।

**सार्थक संवाद और भविष्य की पटकथा :** इस कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण सिनेमा में महिलाएं आवाज, शक्ति और कहानी कहने का भविष्य विषय पर आयोजित होने वाली परिचर्चा होगी। इस सत्र में दिग्गज महिला निर्देशक, निर्माता और रचनात्मक हस्तियां हिस्सा लेंगी। इसमें इस बात पर मंथन किया जाएगा कि कैमरे के पीछे और सामने महिलाओं की भूमिका कैसे बदल रही है और वितरण से लेकर विकास तक एक समावेशी तंत्र कैसे खड़ा किया जाए।

दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने इस गठबंधन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, महिलाओं द्वारा कही गई कहानियां अनूठे दृष्टिकोण लेकर आती हैं, जो सिनेमाई परिदृश्य को समृद्ध करती हैं। हमारी सरकार एक ओजस्वी महिला मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कार्य कर रही है, और हमें पूरा विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन में हम सिनेमा में महिलाओं के चित्रण को लेकर एक सकारात्मक और प्रेरणादायक दिशा प्रदान करेंगे।

वहीं, विमेन इन फिल्म इंडिया की संस्थापक गुनीत मोंगा ने कहा, सिनेमा में वास्तविक बदलाव तब आता है जब अवसर और पहचान मिलती है। दिल्ली सरकार और अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव दिल्ली के साथ हमारी यह साझेदारी फिल्म उद्योग में अधिक से अधिक महिलाओं के लिए इसी तरह के अवसर और मंच तैयार करने के बारे में है।

## रैंक और परिणामों से परे : एलन ऑनलाइन के राइज टू द टॉप पॉडकास्ट में एमएस धोनी ने देश की नई पीढ़ी से की बातचीत

**पटना (एनएसबी)।** एलन ऑनलाइन ने राइज टू द टॉप नामक एक छात्र संवाद श्रृंखला की शुरुआत की है, जिसमें देशभर के युवा प्रतिभाशाली छात्रों से एमएस धोनी की सच्ची और प्रेरक बातचीत को प्रस्तुत किया गया है। इसका पहला एपिसोड अब एलन ऑनलाइन के यूट्यूब चैनल पर लाइव है।

इस श्रृंखला का केंद्र छात्र हैं और साथ हैं उनके सपने, उनकी शंकाएँ, परिवार का सहयोग और जीवन के वे निर्णायक मोड़ जिन्होंने उन्हें आगे बढ़ाया। यहां पढ़ाई के घंटों या अंकों की चर्चा के बजाय, उनकी उपलब्धियों के पीछे की मानवीय कहानियों पर फोकस किया गया है। बातचीत का नेतृत्व धोनी करते हैं, जो अपने अनुभवों के आधार पर अपेक्षाओं और दबाव को संभालने की समझ साझा करते हैं, लेकिन कहानी छात्रों की ही रहती है।

पहला एपिसोड 'सपने देखो' में ओडिशा के ग्रामीण क्षेत्र से शेख गालिब रजा और पश्चिम बंगाल के एक दूरस्थ गांव की अर्पिता घोष को शामिल किया गया है। दोनों अब सरकारी मेडिकल कलेजों में पढ़ाई कर रहे हैं।

अर्पिता की कहानी घर से शुरू होती है। एक ऐसे गांव में पली-बढ़ीं, जहां बहुत कम लड़कियां उच्च शिक्षा हासिल करती हैं, वह न केवल अपना सपना बल्कि अपने पिता का वर्षो पुराना सपना भी साथ लेकर चलती हैं अपनी बेटी को डॉक्टर बनते देखने का सपना। परिवार के लगातार समर्थन के साथ वह इस लक्ष्य की तैयारी करती हैं कि एक दिन अपने गांव की पहली डक्टर बनकर लौटें।

> एक ऐसी सीरीज, जो अकादमिक उपलब्धि हासिल करने वाले मेधावी छात्रों की मानवीय यात्राओं को सामने लाती है

गालिब का सपना बचपन में अपनी मां के साथ स्थानीय अस्पताल जाने के दौरान शुरू हुआ, जहां उन्होंने देखा कि डॉक्टर परेशान परिवारों को कितना सुकून देते हैं। व्यक्तिगत स्वास्थ्य चुनौतियों और कई प्रयासों के बावजूद, उन्होंने अपने लक्ष्य की दिशा में मेहनत जारी रखी और अंततः सरकारी मेडिकल कलेज में प्रवेश हासिल किया।

यह श्रृंखला एक सरल विचार को रेखांकित करती है। सपनों की कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती। देशभर के छोटे शहरों और गांवों से अर्थपूर्ण सफलता की कहानियां उभर रही हैं, जो केवल अकादमिक प्रदर्शन से नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और दृढ़ संकल्प से भी गढ़ी जाती हैं।

एलन ऑनलाइन के सीईओ राकेश रंजन ने कहा, अक्सर छात्रों को सिर्फ उनके परिणामों से पहचाना जाता है, जबकि उन्हें आकार देने वाली यात्राएं अनसुनी रह जाती हैं। राइज टू द टॉप इन्हीं मानवीय कहानियों को सामने लाने के लिए तैयार किया गया है। एमएस धोनी जैसे व्यक्तित्व का इन संवादों का नेतृत्व करना दबाव और अपेक्षाओं को संभालने के वास्तविक अनुभव को जोड़ता है, जिससे बातचीत और गहरी बनती है, जबकि केंद्र में छात्र ही रहते हैं।

दशकों से एलन का ईकोसिस्टम उन छात्रों और परिवारों के साथ काम करता रहा है जो चुनौतीपूर्ण शैक्षणिक रास्तों पर आगे बढ़ रहे हैं। यह श्रृंखला उसी छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण का विस्तार है, जो महत्वाकांक्षा, ईमानदारी और विकास का उत्सव मनाती है। इसके नए एपिसोड एलन ऑनलाइन के यूट्यूब चैनल पर जारी किए जाएंगे।

## शहर में पेयजल संकट के समाधान हेतु समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी कौशल कुमार ने दिया निर्देश

# सभी वार्डों में करें पानी के टैंकर की खरीद

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी कौशल कुमार के अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में पेयजल की उपलब्धता एवं संभावित पेय जल संकट से निपटने की तैयारियों को लेकर नगर निगम,नगर परिषद एवं नगर पंचायत के संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई।

बैठक के दौरान नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता ने जानकारी दी कि दरभंगा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी वार्डों में दो-दो बोरिंग का कार्य कराया जा चुका है,जिससे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। कुछ वार्डों में अतिरिक्त व्यवस्था की आवश्यकता को देखते हुए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। वार्ड संख्या 03 एवं 07 में पेयजल आपूर्ति की समस्या को देखते हुए बुडको को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।साथ ही पीएचईडी एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं के अंतर्गत संचालित जलापूर्ति योजनाओं के रख-रखाव एवं मरम्मति कार्यों के लिए नीविदा की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।


समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी कौशल कुमार।

जिलाधिकारी ने नगर परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी वार्डों में आवश्यकता के अनुसार पानी टैंकर की खरीद सुनिश्चित की जाए,ताकि आपात स्थिति में पेयजल की आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने सभी वार्डों में उपयुक्त स्थानों की पहचान कर बोरिंग कराने का भी निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि पेयजल आपूर्ति को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को पूर्व से ही आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें। विभागीय निदेर्शानुसार प्रत्येक वार्ड में कम से कम दो-दो बोरिंग कराया जाना अनिवार्य है। संभावित खराबियों के त्वरित समाधान के लिए मरम्मति दल का गठन कर लें। बैठक में नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, बुडको के कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## अमृतसर में केंद्रीय कार्यालयों का निरीक्षण किया, राजभाषा के उपयोग पर दिया जोर

**दरभंगा (एनएसबी)।** संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप समिति की सदस्य एवं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ अमृतसर तथा आसपास के केंद्रीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कार्यपालक अभियंता विद्युत सीपीडब्ल्यूडी, जालंधर तथा सीमा शुल्क कार्यालय, अमृतसर में अधिकारियों के साथ बैठक कर राजभाषा हिन्दी के उपयोग की स्थिति की समीक्षा की। बैठक के दौरान डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने सरकारी कार्यों, पत्राचार तथा अभिलेखों में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप कार्यालयों में हिन्दी का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।


निरीक्षण करतीं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ।

## संक्षिप्त खबरें

### सदर थाना में आईपीएस डॉक्टर केतन आलोक हिंगोली ने किया योगदान

**दरभंगा (एनएसबी)।** सदर थाना में नए थाना अध्यक्ष के रूप में आईपीएस डॉक्टर केतन आलोक हिंगोली ने पदभार ग्रहण किया है। वे 2024 बैच के आईपीएस हैं और सदर थाना में प्रशिक्षण हेतु तीन माह के लिए नियुक्त हुए हैं। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बकेट देकर आईपीएस डॉक्टर हिंगोली का स्वागत किया। इस अवसर पर सदर थाना सब इंस्पेक्टर मोनीषा गुप्ता, कौशल कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे ।



### विषपान से सफाई कर्मी की मौत, परिवार में मातम

**दरभंगा (एनएसबी)।** संदिग्ध विषपान से तबियत बिगड़ने से डीएमसीएच के मेडिसिन विभाग में इलाजरत युवक की सोमवार की सुबह मौत हो गई। मृतक की पहचान जाले थाना क्षेत्र के भटपोखरा निवासी राम सागर दास के पुत्र अनमोल कुमार (24) के रूप में की गई है। सात मार्च की रात से उसका इलाज चल रहा था। बेंता थाना की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत से उसके परिजनों के बीच कोहराम मच गया है। उसके पिता ने बताया कि अनमोल जाले नगर पंचायत में सफाई कर्मी के रूप में काम करता था। उन्होंने बताया कि सात मार्च की शाम घर लौटने पर उसे लगातार उल्टियां होने लगी। इलाज के लिए आनन फानन में उसे जाले पीएचसी पहुंचाया गया था। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे डीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि वह शादी शुदा था। उसकी ढाई साल की बेटी और आठ माह का बेटा है। उन्होंने बताया कि बेटे जी मौत के बाद परिवार का पूरा बोझ उनके कंधे पर आ गया है। वे मजदूरी करते हैं।

### बिहार विधानसभा के सभापति ने किया बाबा कुशेश्वरनाथ महादेव मंदिर में पुजा अर्चना

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)।** बाबा कुशेश्वरनाथ महादेव मंदिर में पुजा अर्चना के लिए आये बिहार विधानसभा के सभापति प्रेम कुमार ने कुशेश्वरनाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया और बिहार के आम जनमानस कि सुख समृद्धि और अमन चैन कि कामना किये। जहां न्यास के सदस्यों के द्धारा पाग और फुल माला से सम्मानित किया गया। मौके पर बीजेपी के संतोष यादव, रौशन राय,मणिकांत झा, गोपाल नारायण चौधरी, बीजेपी प्रखंड अध्यक्ष अजय राय सहित दर्जनों एनडीए कार्यकर्ता और प्रशासन पदाधिकारी मौजूद थे ।

### अनुमंडलीय अस्पताल में मिशन परिवार विकास पखवाड़ा का भव्य उद्घाटन

**बेनीपुर (एनएसबी)।** उपस्वास्थ्य केंद्र में मिशन परिवार विकास पखवाड़ा का धूमधाम से उद्घाटन उपाधीक्षक डॉ. कुमारी भारती ने किया। यह कार्यक्रम सहयोगी संस्था पी एस आई इंडिया के सक्रिय सहयोग से आयोजित हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जनसंख्या स्थिरीकरण को गति देना है। बिहार सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत चलाए जा रहे पखवाड़े से महिलाओं के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण को नई दिशा मिलेगी।उद्घाटन समारोह के दौरान डॉ. कुमारी भारती ने लाभार्थियों को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों का वितरण किया।

### ड्राइवर संगठन ऑफ बिहार के सदस्यों ने की बैठक

**दरभंगा (एनएसबी)।** ड्राइवर संगठन ऑफ बिहार के सदस्यों ने 15 सूत्री मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष रंजीत यादव की अध्यक्षता में लहेरियासराय धरना स्थल पर धरना दिया। धरना स्थल से पांच सदस्यीय टीम जिलाधिकारी कौशल कुमार को ज्ञापन सोपा। जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने कहा कि जिलाधिकारी से मिलकर 15 सूत्री मांगों के लिए ज्ञापन में कहा कि सड़क दुर्घटना में होने वाले ड्राइवर की मृत्यु को आपदा श्रेणी में सम्मिलित किया जाए। ड्राइवर आयोग का गठन किया जाए, दुर्घटना में मृत्यु होने पर ड्राइवर के परिजन को 20 लाख रुपया, अपंगता होने पर 10 लाख रुपए और दुर्घटना में मुफ्त चिकित्सा की व्यवस्था करने का अनुरोध किया, 60 वर्ष की आयु के बाद पेंशन योजना के तहत पेंशन दी जाए वही दुर्घटना में मृत्यु होने पर उसके अस्तित्व को तत्काल प्रभाव से पेंशन दिया जाए। धरना स्थल पर संगठन के कोषाध्यक्ष मनोज यादव, कार्य प्रभारी मोहन यादव, सचिव शिव कुमार, सलाहकार सैनी पासवान,जितेंद्र झा, चंदन कुमार, सुजीत कुमार पासवान, अरुण कुमार पासवान, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद अली, अर्जुन पासवान, सुनील कमती,सुनील कुमार चौधरी, मनोज महतो, शशि मंडल सहित दर्जनों ड्राइवर मौजूद थे।

### वरिष्ठ आईपीएस सुनील कुमार को एडीजी मुख्यालय बनने पर जताया हर्ष

**कुशेश्वरस्थान।** प्रखंड अंतर्गत हरिगोविंद स्मारक पुस्तकालय एवं सरस्वती बाल संगम के सदस्यों सहित गणमान्य लोगों ने शाहाबाद क्षेत्र एवं भोजपुर की कर्मभूमि से जुड़े 1996 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार को बिहार का नया अपर पुलिस महानिदेशक एडीजी मुख्यालय नियुक्त होने पर हर्ष व्यक्त किया है। अपने लंबे और प्रभावशाली पुलिस सेवा काल में उन्होंने पटना के सेन्ट्रल डीआईजी ,सारण डीआईजी, पटना जोनल डीआईजी, तथा मुजफ्फरपुर रेंज के आईजी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी जिम्मेदारी निभाई है उनकी गिनती बिहार के कर्तव्यनिष्ठ अनुशासित और प्रशासनिक दक्षता से परिपूर्ण आईपीएस अधिकारी में होती है राज्य पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। बता दें कि सुनील कुमार किसी कार्यक्रम में पूर्व मे बेरि गांव आए हुए थे जिससे यहां के लोगों से उन्हें गहरा लगाव हो गया नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही है।


वरिष्ठ आईपीएस सुनील कुमार के साथ ग्रामीण (फाइल फोटो)।

## सिंहवाड़ा सीएचसी का आरडीडी हेल्थ ले लिया जायजा, गार्ड प्रोवाइड करने वाली कंपनी के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिंहवाड़ा सीएचसी मे सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के लिए लगाए गए विशेष शिविर का निरीक्षण रीजनल डिप्टी डायरेक्टर डा सचिदानंद सिंह ने किया। जब अधिकारियों की टीम निरीक्षण में पहुंची तो शिविर में 128 मरीजों की जांच हो चुकी थी।

हाई रिस्क वाले 12 गर्भवती महिलाओं की विशेष देख रेख करने का आदेश उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा प्रेमचंद को दिया। सीएचसी के सुरक्षा गार्ड को ड्रेस में नहीं देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। सुरक्षा गार्ड को प्रोभाडड करने वाली एजेंसी इलाइट फाल्कन के खिलाफ कार्रवाई का आदेश उन्होंने दिया। सीएचसी परिसर में साफ सफाई का जायजा लेने के दौरान उन्होंने बाथरूम को गंदा पाया। साफ सफाई में लगी एजेन्सी के कर्मियों को उन्होंने फटकार लगाई। एक सप्ताह के अंदर साफ सफाई अच्छे ढंग से नहीं होने की स्थिति में दस प्रतिशत भुगतान पर रोक लगाने की चेतावनी दी।

आउटडोर, दवा भंडार, जांच व्यवस्था, प्रसुती कक्ष की व्यवस्था के संबंध में पूरी जानकारी ली। मरीज से बात कर उनको मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। हेल्थ मैनेजर जमील अहमद सहित चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों से बात की। आरडीडी हेल्थ के साथ आये डा सरोज कुमार ने सीएचसी के अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## बिना परमिट या नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करें : डीएम

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जिले की ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने के लिए सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर मुक्त करने के लिए समीक्षात्मक बैठक हुई।बैठक में शहर में बढ़ती यातायात समस्या, ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा के संचालन तथा सड़क अतिक्रमण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगर निगम दरभंगा क्षेत्र में ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए उन्हें पाँच अलग-अलग जोन में विभाजित करने का निर्देश दिया। प्रत्येक जोन को पहचान के लिए प्रयुक्त गाड़ियों को अलग-अलग रंग निर्धारित करने की भी बात कही गई,ताकि वाहनों की पहचान आसानी से हो सके और यातायात व्यवस्था को बेहतर ढंग से नियंत्रित किया जा सके।

उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी ऑटो रिक्शा के परमिट की सघन जांच की जाए तथा बिना परमिट या नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।बैठक में शहर के प्रमुख सड़कों पर लगने वाला अवैध ठेला एवं अतिक्रमण को हटाने पर भी विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि लहेरिया सराय टावर चौक से लोहिया चौक तक लगने वाले सब्जी और फलों के ठेला को जप्त कर विधि संबंध करवाई करें। थाना प्रभारी लहेरियासराय कों लोहिया चौक तक सड़क किनारे लगाए गए ठेलों को जब्त करने का शख्त निर्देश दिया । अतिक्रमण होने से हाजमा चौक पर जाम रहता है जिसे यातायात प्रभावित होती है। पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) हाजमा चौक को अतिक्रमण मुक्त करते हुए यातायात व्यवस्था को सुसंचालित करने का निर्देश दिया।

**डीएम की अध्यक्षता में यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए अतिक्रमण मुक्त हेतु समीक्षात्मक बैठक**

बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी ने पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) को विशेष अभियान चलाकर शहर की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया।

## नेत्रम फाउंडेशन के संरक्षकों एवं सहयोगियों का महत्वपूर्ण परामर्श संवाद सत्र आयोजित

**दरभंगा (एनएसबी)।** श्री कामेश्वरी प्रिया पूअर होम परिसर में नेत्रम फाउंडेशन के संरक्षकों एवं सहयोगियों का एक महत्वपूर्ण परामर्श संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें संस्था की वर्तमान गतिविधियों तथा भावी योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में फाउंडेशन को संगठित एवं सुदृढ़ रूप में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण विषयों पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। बैठक में नेत्रम फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष राकेश किरण झा ने कहा कि नेत्रम फाउंडेशन के लिए एक सुव्यवस्थित सदस्यता मॉडल विकसित करने पर सहमति व्यक्त की गई, जिसके माध्यम से समाज के प्रबुद्ध एवं संवेदनशील नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा संस्था की विभिन्न सामाजिक एवं विकासात्मक गतिविधियों को स्थायी आधार मिल सकेगा।

बैठक में आगामी जून माह में आयोजित होने वाले अनुगूंज : प्रथम दृष्टि दिव्यांग अखिल भारतीय सुगम संगीत महोत्सव के आयोजन पर भी सहमति बनी। यह बिहार में अपनी तरह का एक महत्वपूर्ण प्रयास होगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से दृष्टि दिव्यांग प्रतिभागी अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और उन्हें राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान किया जाएगा।इस अवसर पर डॉ. प्रो. श्रीमती इंदिरा झा, डॉ. अंजू अग्रवाल प्रख्यात दंत चिकित्सक, कुमार राघवेंद्र मोहन चौधरी, अमित कुमार मिश्रा तथा उज्ज्वल उपस्थित रहे। वहीं डॉ. प्रो. जयशंकर झा ने दूरभाष के माध्यम से बैठक में लिए गए निर्णयों पर अपनी सहमति व्यक्त की। इसके अतिरिक्त सिंगरौली (मध्य प्रदेश) से दृष्टि दिव्यांग राजभाषा अधिकारी श्री कल्याण सिंह, सिवान से श्री रमेश कुमार सिंह तथा डॉ. सूरज भी ऑनलाइन माध्यम से बैठक से जुड़े और प्रमुख विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। समाज के प्रबुद्ध जनों के सहयोग और सहभागिता से ही दिव्यांगजनों के लिए सार्थक और स्थायी परिवर्तन संभव है और नेत्रम फाउंडेशन इसी दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

## संस्कृत विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी में हुआ दो पुस्तकों का लोकार्पण

**दरभंगा। (एनएसबी)।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर दर्शन विभाग द्वारा कुलपति प्रो. लक्ष्मीनिवास पांडेय की अध्यक्षता में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं ग्रंथ लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय भारतीय ज्ञान परंपरा में मूल्य विमर्श रखा गया था। मौके पर कुलपति प्रो. पांडेय ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित अनेक विषय अभी भी शोध के क्षेत्र में हैं। इन पर गंभीर अध्ययन की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. देवनारायण झा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सिद्धार्थ शंकर सिंह (प्राचार्य, मिल्लत कॉलेज, दरभंगा), डॉ. सुनील नारायण उपाध्याय (प्रख्यात प्रबंधन शास्त्र विशेषज्ञ, वाराणसी), डॉ. बौआनंद झा (पूर्व विभागाध्यक्ष, दर्शन विभाग) शामिल थे ।

कार्यक्रम का प्रारंभ विश्वविद्यालय के छात्र विश्वमोहन झा और अवधेश द्वारा मंगलाचरण से हुआ। इसके पश्चात कुलगीत का प्रस्तुतीकरण विश्वविद्यालय की शिक्षिकाओं डॉ. माया, डॉ. साधना शर्मा, डॉ. देवहुति कुमारी, डॉ. प्रीति कुमारी तथा छात्राओं नेहा और अंशु द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीतेश कुमार चतुर्वेदी ने किया।कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुधीर कुमार (साहित्य विभाग) थे, जबकि समन्वयक के रूप में डॉ. शंभु शरण तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वागत भाषण देते हुए डॉ. धीरज कुमार पांडे ने भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ह्मूल्य वही है जो मनुष्य में मनुष्यता को स्थापित करता है।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डॉ. विमल नारायण ठाकुर द्वारा रचित दो ग्रंथों का लोकार्पण किया गया जिनमें योगी बच्चा झा तथा उपनिषद् पोएट्री प्रमुख हैं। ग्रंथकार डॉ. ठाकुर ने अपने संबोधन में योगी बच्चा झा के जीवन, उनके विद्वत्व तथा भारतीय ज्ञान परंपरा में उनके योगदान का विस्तृत परिचय दिया। साथ ही उपनिषदों में प्रतिपादित मूल्यों और भगवद्गीता के प्रसंगों के माध्यम से उनके दार्शनिक महत्व को रेखांकित किया।

## ग्रामीण विधानसभा में उत्क्रमित माध्यमिक एवं पल्स टू उच्च विद्यालय का अतिशीघ्र बनेगा भवन : ईश्वर मंडल

**दरभंगा सदर (एनएसबी)।** जदयू जिलाध्यक्ष सह विधायक राजेश कुमार मंडल उर्फ ईश्वर मंडल ने उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय छोटाईपट्टी एवं पल्स टू उच्च विद्यालय दुलारपुर का निरीक्षण कर आवश्यक सभी जानकारियों से अवगत हुए।

इस दौरान प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विधि व्यवस्था से संबधित बारीकी से विधायक को बताया। विद्यालय के निरीक्षण को पहुंचे ग्रामीण विधानसभा से विधायक ईश्वर मंडल ने कहा कि मूलभूत सुविधा सुनिश्चित कराने को लेकर विधानसभा में आसन एवं सरकार का ध्यानकृष्ट कराया गया। ताकि इस विद्यालय का भवन अतिशीघ्र बनकर तैयार हो जाए। सुव्यवस्थित भवन बच्चों को प्राकृतिक आपदाओं, खराब मौसम और खतरों से बचाते हैं, जिससे वे भयमुक्त होकर पढ़ सकें।

निर्माण होने वाले भवन में प्रयोगशाला, लाइब्रेरी और कक्षाओं का सुसज्जित करना प्राथमिकताओं में रहेगा। विधायक ने प्राचार्य को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ हर हाल में छात्रों को दें। छात्र छात्राओं को समस्या न हो इसका ख्याल रखें।


विद्यालय का निरीक्षण करते विधायक ईश्वर मंडल ।

### पलवा गांव में भीषण आग, लाखों की संपत्ति राख

**गौड़ाबौराम।** प्रखंड के मानसरा पंचायत अंतर्गत पलवा गांव में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इस अगलगी की घटना में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। इस घटना में दो बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक भैंस आंशिक रूप से झुलसकर घायल हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पानी और अन्य संसाधनों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कई घरेलू सामान और पशुओं को भारी नुकसान हो चुका था।ग्रामीणों के अनुसार, आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को सरकारी स्तर पर उचित मुआवजा और सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे इस नुकसान से उबर सकें।

# शीघ्र शुरू होगा शीशो रेलवे स्टेशन पर 3 सौ करोड़ की लागत से प्रस्तावित मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण : गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा (एनएसबी)।** दिल्ली स्थित रेल भवन में रेलवे स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन सीएम रमेश की अध्यक्षता में आज सोमवर को स्टैंडिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न होने जिसमें दरभंगा सहित देश स्तर पर विभिन्न राज्यों में चल रही रेलवे की निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की गई तथा रेलवे मंत्रालय तथा रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत एवं चयनित विषयों के संबंध में चर्चा की गई।

रेलवे के स्टैंडिंग कमिटी की बैठक में स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य लोकसभा में भाजपा सचेतक सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र की रेलवे की निमार्णाधीन परियोजनाओं में तेजी लाने तथा नई परियोजनाओं को शुरू करने के मुद्दे पर चर्चा किया। सांसद डा ठाकुर ने अमृत भारत योजना के तहत दरभंगा में बन रहे विभिन्न स्टेशनों, नए आरोबी, नए रेल लाइन, रेलवे आधारित औद्योगिक निवेश के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। सांसद डा ठाकुर ने बैठक में रेल मंत्रालय द्वारा दरभंगा के शीशो में प्रस्तावित मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू किए जाने के मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि दरभंगा रेलवे स्टेशन मिथिला क्षेत्र का अति व्यस्ततम स्टेशन है। इस स्टेशन से प्रति दिन 15 ट्रेनें खुलती हैं जबकि 51 यात्री ट्रेने तथा 14 मालगाड़ी औसतन प्रतिदिन गुजरती है।


बैठक में सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ।

वर्तमान में इस स्टेशन पर मौजूद सीमित ढांचागत सुविधाओं के कारण ट्रेनों का समयबद्ध परिचालन मुश्किल हो रहा है जिसके समाधान हेतु दरभंगा स्टेशन से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित शीशो स्टेशन पर रेलवे द्वारा मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स बनाया जाना प्रस्तावित है तथा मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण हेतु सभी औपचारिकताओं को पूरा कर इसमें तेजी लाने के लिए यथाशीघ्र पहल किया जाना आवश्यक है। सांसद डा ठाकुर ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में अध्यक्ष सहित कमिटी के सदस्यों को इस कोचिंग कॉम्प्लेक्स की महत्ता से अवगत कराते हुए कहा कि प्रस्तावित कोचिंग कॉम्प्लेक्स में 5 वाशिंग पीट, 3 स्टेबलिंग लाइन और 1 सिक लाइन बनाए जाने की योजना है जिसकी अनुमानित लागत लगभग 3 सौ करोड़ रुपए है।

रोजगार सृजन के मुद्दे पर इस प्रस्तावित मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स को मील का पत्थर बताते हुए सांसद डा ठाकुर ने बैठक में बताया कि इस परियोजना के पूरा हो जाने के बाद न सिर्फ ट्रेनों का परिचालन समयबद्ध होगा अपितु कई लंबी दूरी की नए ट्रेनों का चलना भी शुरू हो जाएगा तथा इस क्षेत्र का देश के दूसरे भागों से संपर्क के नए रास्ते सुगम हो जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सुशीला ठाकुर प्राइवेट आईटीआई की दौड़ प्रतियोगिता में दामिनी और गौरव ने मारी बाजी

**ताजपुर (एनएसबी)** सुशीला ठाकुर प्राइवेट आईटीआई रामापुर महेशपुर के तत्वावधान में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता सीजन-1 का सफल समापन रविवार को जल जीवन हरियाली पार्क में हुआ। इस प्रतियोगिता में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। जिसका उद्देश्य युवाओं में शारीरिक फिटनेस और खेल भावना को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में कड़े मुकाबले के बीच दामिनी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं माया कुमारी दूसरे और अर्चना कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में गौरव कुमार ने अपनी रफ्तार का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया तो मो. एनुल हक ने द्वितीय और अर्जुन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। संस्थान के डायरेक्टर गौरव ठाकुर ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य है। जल जीवन हरियाली पार्क जैसे प्राकृतिक वातावरण में इस तरह के आयोजन से छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मौके पर अविनाश ठाकुर, नवनीत ठाकुर, विजय कुमार झा, सुमित कुमार, मीत कुमार, मनोज ठाकुर, महेश सिंह आदि मौजूद थे।



### सीएचसी में 120 गर्भवती महिलाओं की हुई एएनसी जांच

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत सोमवार को 120 गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व (एएनसी) जांच किया गया। इसकी जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पारसनाथ ने दी। उन्होंने बताया कि प्रखंड के अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंची गर्भवती महिलाओं का ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, वीडीआरएल, यूरिन, आरएच फैक्टर, टीबी स्क्रीनिंग सहित अन्य जांच की गयी। जांच के बाद गर्भवती महिलाओं को आयरन व कैल्शियम की दवा मुहैया करायी गयी। इस दौरान उन्हें गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया। चिकित्सकों ने प्रसव के बाद गर्भधारण से बचाव के लिए बरती जाने वाली स्थायी व अस्थायी विधि की जानकारी दी। मौके पर डॉ स्नेहल कुमारी, एएनएम, आशा कार्यकताओं सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



### पंचायत भवन, वाजिदपुर के परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार अनुमंडल विधिक सेवा समिति, दलसिंहसराय के सौजन्य से रविवार को पंचायत भवन, वाजिदपुर के परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया । विधिक जागरूकता शिविर में पैनल अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध ) अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम एवं महिलाओं से संबंधित कानून की जानकारी दिया तथा बाल विवाह मुक्त भारत के विषय में विस्तारपुर्वक ग्रामवासियों को जानकारी दिया । विधिक जागरुकता शिविर में मुखिया मुकेश कुमार, सरपंच डॉ अंजनी कुमार द्विवेदी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों समेत पारा विधिक स्वयं सेवक जितेंद्र कुमार सिंह एवं आमलोगों ने भाग लिया।



### विश्व कल्याण के लिए सूर्यपुर में महा विष्णु यज्ञ शुरू महा विष्णु यज्ञ के लिए निकली कलश शोभा यात्रा

**मोरवा (एनएसबी)।** यज्ञ करने से जहां पर्यावरण पवित्र होता है वही संपूर्ण विश्व का कल्याण होता है। महा विष्णु यज्ञ के मुख्य अध्वर्यु प्रयागराज से पधारे ऋषिकांत जी महाराज उर्फ हांडिया बाबा ने उक्त बातें कही। उन्होंने ने स्पष्ट किया कि यज्ञ करने से जहां देवता प्रसन्न होते हैं, वहीं वायुमंडल पवित्र होता है, समय पर वर्षा होती है, सुख समृद्धि बढ़ती है और विश्व का कल्याण होता है। अयोध्या एवं वाराणसी के पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वृंदावन की कथा वाचक पंडित आचार्य श्रीमद भागवत कथा महायज्ञ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 1151 कुमारी कन्याओं के द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। नगर परिक्रमा करते हुए कलश यात्रा यज्ञ मंडप पर पहुंची। यज्ञ मंडप पर पहुंचते ही भगवान के जयकारों से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इसका नेतृत्व आचार्य ऋषिकांत महाराज, पंडित दिग्विजय झा, स्थानीय युवा नेता अभय कुमार सिंह,फूल बाबू झा,श्यामलाल राय, सुबोध कुमार झा, राम मोहन झा, पवन कुमार झा, प्रशांत कुमार झा, वीआईपी के नेता मंजय कुमार सहनी, गुड्डू झा, यशवंत कुमार झा आदि लोग कर रहे थे। गाजे बाजे गोर एवं रथ के साथ निकाली गई,कलश शोभा यात्रा में कुंवारी कन्याओं के साथ क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।



### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस स्मृति पर्व आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के बेला पंचरुखी स्थित मध्य विद्यालय में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस स्मृति पर्व का आयोजन वरीय शिक्षिका विमला कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन शिक्षिका खुशबू राय ने किया ।कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं के स्वागत गीत और नृत्य से किया गया। तत्पश्चात शिक्षिका विभा कुमारी ने विषय प्रवेश कराया।उसके बाद शिक्षिका इंदिरा कुमारी, कामिनी कुमारी, प्रियंजली, मनीषा भारद्वाज, कोमल पाण्डेय, रुचि वर्मा,




अंजुमन शाहीन आदि ने महिलाओं की समस्या, समाधान, परिवार व समाज के लिए महिलाओं की उपादेयता, देश व विश्व की अर्थव्यवस्था में सहयोग आदि बिंदुओं पर अपने विचारों को साझा किए। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि, आज की महिलाओं को दोहरे दायित्व का निर्वहन करना पड़ता है। पहले पारिवारिक और सामाजिक और दूसरा अपने कर्तव्य स्थल पर।जिसे वे बखूबी निभा रही हैं। उनके इस कार्य कुशलता को अब जा कर समाज ने भी स्वीकारा है। इस अवसर पर नेतृत्व क्षमता एवं नवाचार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली शिक्षिका इंदिरा कुमारी, रुचि वर्मा एवं खुशबू राय और वर्ग प्रथम से अष्टम तक की छात्रायें क्रमशः संगम, प्रीति, अनन्या,रिया राज,प्रियांशु, स्नेहा, साक्षी और शालिनी को प्रशस्ति - पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में बाल संसद की प्रधानमंत्री शालिनी कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर में विकसित भारत युवा संसद- 2026 संपन्न, 45 प्रतिभागी हुए शामिल, राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए 5 प्रतिभागी चयनित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के जितवारपुर स्थित समस्तीपुर कॉलेज में विकसित भारत युवा संसद- 2026 का सफल आयोजन किया गया। मेरा युवा भारत एवं समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय था- आपातकाल के 50 वर्ष : भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) शशि भूषण कुमार शशि एवं नेतृत्व नोडल पदाधिकारी डॉ. महेश कुमार चौधरी ने किया। अतिथियों व प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं कुल गीत के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। आमंत्रित अतिथियों का मैथिल परंपरानुसार पुष्पमाला, चादर, पाग, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। युवा संसद को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. (डॉ.) शशि ने कहा कि, युवा देश के भविष्य होते हैं क्योंकि युवाओं के विचारों से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। आपके विचारों का मूल्यांकन करने तथा बेहतर भविष्य निर्माण में यह मंच सहायता करेगा। अपने संबोधन में, मेरा युवा भारत की उप निदेशक दीक्षा मिश्रा ने कहा कि, यह कार्यक्रम युवाओं की समझदारी, बुद्धि कौशल एवं अभिव्यक्ति कौशल आदि का मूल्यांकन करने उनकी प्रतिभा को निखारने को लक्षित है। अपने संबोधन में विधायक अश्वमेध देवी ने कहा कि हम लोकतांत्रिक देश में रहते हैं। लोकतंत्र की मयार्दा को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। एक नागरिक होने के नाते हमें अपने कर्तव्यों और अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए। भारत को विकसित बनाने में हम सब का योगदान आवश्यक है। इसलिए हम सब को अपनी-अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करना होगा।



उद्घाटन करते अतिथि व अन्य।

मुख्य अतिथि एम.एन.डी. कॉलेज, शाहपुर पटोरी, के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) अजय कुमार ने कहा कि, युवाओं के विचारों पर आधारित युवा संसद कार्यक्रम राज्य भर के विश्वविद्यालय में संचालित हो रही है। समस्तीपुर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन होना समस्तीपुर जिला के युवाओं के लिए के लिए गौरव का विषय है।

नोडल पदाधिकारी डॉ. महेश कुमार चौधरी ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल युवाओं की भीड़ नहीं बल्कि उनमें जागरूकता लाने, उनके संकल्पना को मजबूती प्रदान करने, उनके विचारों को बेहतर मंच प्रदान करने का अवसर देता है। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना को साकार कर करने का यह प्रमुख चरण है। जिसमें सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने की जरूरत है। इस दौरान जिला गंगा समिति समस्तीपुर के डीपीओ नीरजेश कुमार, आर.एन.ए.आर. कॉलेज, समस्तीपुर के राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रौशन, डॉ. एल.के.भी.डी. कॉलेज, ताजपुर के अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुलेखा कुमारी ने युवाओं के विचारों का मूल्यांकन किया। इस कार्यक्रम में शामिल कुल 43 प्रतिभागियों में से कुमारी अनुष्का ने प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं हिमांशी ने द्वितीय, नवनीत कुमार ने तृतीय, गौरव आनन्द चतुर्थ एवं नेहा भारती ने पंचम स्थान प्राप्त किया। ये सभी प्रतिभागी बिहार राज्य संसद में अपना विचार रखेंगे। मंच संचालन डॉ शालिनी कुमारी भावसिंका एवं डॉ रीना दुबे ने संयुक्त रूप से किया एवं धन्यवाद डॉ. खुर्शीद अहमद खान ने किया। मौके पर डॉ. राहुल मनहर, डॉ. रितेश चौरसिया, डॉ. शिवानंद पटेल, डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ. कुमारी माला यादव, डॉ. मीनाक्षी कुमारी, डॉ प्रतिभा कुमारी, डॉ. रणधीर कुमार, डॉ. प्रिया दुबे, डॉ. चांदनी रानी, डॉ. सर्वेश कुमार, डॉ. जितेंद्र प्रसाद , डॉ. दिनेश्वर राय ,डॉ कमलेश कुमार मिश्रा, डॉ रवि कुमार गुप्ता, डॉ. सत्य प्रकाश गुप्ता, योगेंद्र राय, शशि शेखर प्रसाद यादव, विकास कुमार, प्रमेश पावन, अमरजीत कुमार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नींबू की खेती से लाखों कमा रहे किसान, नींबू का पौधा भी होता तैयार, कम खर्च में ढाई से तीन लाख सालाना होती आमदनी

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के गढ़सिसई एवं मनियारपुर पंचायत में नींबू की खेती कर किसान रोजगार का साधन ही नहीं बनाया बल्कि साधन संपन्न बेरोजगारों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना है। नींबू की खेती में कम लागत से सालाना किसान को ढाई से तीन लाख की आमदनी हो रही है। साथ ही किसान द्वारा नींबू का पौधा भी तैयार कर किसानों के बीच और नर्सरी में बेचा जा रहा है। जो छेत्र के अन्य किसानों के लिए उदाहरण बन गया है। नींबू की खेती कर रहे मनियारपुर के किसान पुष्पेंद्र ठाकुर ने बताया की पहले भी खेती करते थे लेकिन कोरोना बीमारी के समय नींबू की बढ़े डिमांड और इसके महत्व को देख कर पाँच सालों से पंजाबी कागजी नींबू की खेती दस कट्ठा में शुरू किया, जिसपर खर्च कम लगता है लेकिन आमदनी अच्छी हो रही है। जिसका बिक्री दलसिंहसराय बाजार के साथ समस्तीपुर बाजार समिति में भेजा जा रहा है। जहाँ सालाना ढाई से तीन लाख कम से कम आमदनी होती है। जिसको देख गांव के गोपाल सिंह भी नींबू की खेती शुरू किया है। नींबू की खेती कर रहे गढ़सिसई के किसान सह किसान सलाहकार ग्रीस साह ने बताया कि 15 कट्ठा मे कागजी नींबू की खेती विगत पाँच वर्षों से कर रहा हूँ। और नींबू का पौधा भी तैयार कर किसानों तथा नर्सरी वाले के बीच बेचा जा रहा है। जैसे जैसे पौधा पुराना होता जा रहा है उसी हिसाब से नींबू का फल भी ज्यादा निकलने से आमदनी बढ़ी है। दलसिंहसराय के अलावे बाहर से भी व्यापारी आकर नींबू ले जाते है।जिससे सालाना कम से कम दो से तीन लाख की आमदनी हो रही है। इसको देख आस पड़ोस के किसान भी नींबू की खेती को मुखातिब हो रहे है। मौके पर भाजपा मंडल के उत्तरी अध्यक्ष अविनाश भारद्वाज आदि किसान मौजूद थे।



नींबू लदा पेड़।

## दिन दहाड़े हुई लूट से दहशत में व्यवसाई, जर्दा कारोबारी से 4.50 लाख लूट कर आराम से चलते बने बदमाश

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समस्तीपुर मेंचुस्त निगहबानी और नियमित गश्ती के दावे की पोल खुल गई जब दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने एक जर्दा व्यवसायी और वहां मौजूद ग्राहकों को हथियार के बल पर बंधक बना कर लाखों रुपये लूट लिए। घटना नगर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर की है। जहां तीन नकाबपोश अपराधियों ने राहुल इंटरप्राइजेज में उक्त घटना को अंजाम दिया और आराम से फरार हो गये। घटना के बारे में कारोबारी राहुल कुमार ने बताया कि, रोज की तरह दुकान पर ग्राहक और कर्मी थे। इसी बीच एक व्यक्ति अंदर आया उसने मुंह ढक रखा था। जब तक हम कुछ समझ पाते और कुछ करते तब तक उसने मुझे अलग एक कमरे में बंद कर दिया और मेरे भाई को हथियार दिखा कर उस वक्त उपलब्ध करीब 4.50 लाख रुपए बैग में भर कर चले गए। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक एक ही बाइक पर तीनों बदमाश आए थे। घटना की जानकारी मिलने पर नगर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गयी है। पुलिस दुकान में लगे सीसी कैमरे की जांच और आसपास के व्यवसायियों से पूछताछ कर अपराधियों की शिनाख्त कर रही है। साथ ही अपराधियों के भागने की दिशा में छापामारी भी कर रही है। घटना को लेकर आरक्षी अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि, तीन बदमाशों द्वारा 4.50 लाख लूटे जाने की खबर मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही जिले की सीमाओं को सील कर दिया गया है। डीआईयू एवं फॉरेंसिक टीम घटना स्थल पर पहुंच कर कार्रवाई में जुट गई है। जल्द ही बदमाश पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## गर्मी बढ़ते ही गहराने लगा पेयजल संकट, सुबह होते ही पानी के जुगाड़ में जुट जाते लोग

### प्रखंड में हर घर तक नहीं पहुंच सका नलजल का पानी

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** विभागीय उदासीनता के कारण प्रखंड क्षेत्र में गर्मी बढ़ते ही गहराने लगा पेयजल संकट। पंचायतों में नलजल की अधूरी व्यवस्था से पीने के पानी के लिए लोग परेशान बने है। सुबह उठते ही लोग अन्य कामो को छोड़ पानी की व्यवस्था में लगे रहते है। जिसका खामियाजा पंचायत के जनप्रतिनिधियों को भुगतना पर रहा है। बताया गया है कि नलजल द्वारा घर घर पानी पहुचाने की सरकार की कोशिश असफल दिख रहा है। नलजल की व्यवस्था पीएचईडी को देने के बाद भी व्यवस्था में सुधार के बजाए गंभीर समस्या बनी है। चौदह पंचायत में कमो बेस सभी पंचायतों में पानी के लिए पाइप सभी वार्डो में नहीं पहुचने से इस बढ़ते गर्मी में ही लोग पीने के पानी को लेकर परेशान बने है। शेरपुर पंचायत के मुखिया राम प्रवेश राय ने बताया कि वार्ड सात में सबकुछ रहते करीब एक हजार लोंगो को पानी नहीं मिलता है जिसके कारण जेब से चापा कल लगवाए है। विभाग ध्यान नहीं देता है। साहिट मुखिया पति लालबाबू सिंह ने बताया की वार्ड 4, 5 और छह में नलजल का पाइप ही नहीं पहुंचा है। जिस कारण उस वार्ड के करीब दो हजार लोग पानी के लिए परेशान बने है। काम विभाग को करना है। इसी प्रकार गढ़सीसाई पंचायत के वार्ड 5,6 और 7 में करीब ढाई से तीन हजार की अवादी नलजल के पाइप नहीं पहुंचने से पानी के लिए परेशान बने है। भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष अविनाश भारद्वाज ने बताया कि विभाग को कहकर थक चुके है लेकिन पेयजल समस्या के सुधार के प्रति नजर नहीं होने से जनप्रतिनिधि तो परेशान है ही आम लोगो में भी छोभ है। वही सिमरी पंचायत के मुखिया पुत्र विजय कुमार ने बताया कि वार्ड 2,6,7,9 और 10, 13 में नलजल की अधूरी व्यवस्था से करीब छह हजार लोग पीने के पानी के लिए परेशान है। और यही स्थिति कमो बेस प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी है।

## वीमेंस कॉलेज में भव्य समारोह पूर्वक मन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के वीमेंस कॉलेज सभागार में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गृह विज्ञान विभाग द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य प्रो. आदित्य चंद्र झा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का थीम ह्लअधिकार और न्याय के साथ साथ हर महिला और बालिका के सशक्तिकरण के लिए वास्तविक कार्रवाईह्व था। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्य प्रो. डॉ. झा सहित प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया।



समारोह में शामिल प्राध्यापक व अन्य।

छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य प्रो. झा ने कहा कि, आज महिलाएँ शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल, उद्योग और प्रशासन सहित प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं की समान भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं के सामने शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता से जुड़ी अनेक चुनौतियाँ मौजूद हैं, जिनका समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। इसके पूर्व डॉ. सोनी सलोनी ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि, आज यह दिवस महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण के प्रतीक के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है।

इस अवसर पर डॉ. नेहा कुमारी जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि वैदिक काल से ही भारतीय समाज में महिलाओं का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। उन्होंने कहा कि, हमारे शास्त्रों में भी नारी को अत्यंत सम्मान दिया गया है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 : नगर मंडल में मंडल स्तर से बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण सम्पन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत भाजपा समस्तीपुर (उत्तरी) नगर मंडल के कार्यकताओं का प्रशिक्षण शिविर खाटू श्याम मंदिर समस्तीपुर में सम्पन्न हुआ। मंडल से बूथ स्तर तक के कार्यकताओं केलिए आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सुजय पासवान एवं संचालन राकेश कुमार राज ने किया।



मंचासीन भाजपा नेता



मौजूद कार्यकर्ता।

इस अवसर पर विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार ने कार्यकताओं का भारत को 2047 तक विकसित एवं वैभवशाली राष्ट्र बनाने का आह्वान किया। वहीं, भाजपा उत्तरी के जिलाध्यक्ष नीलम सहनी ने संगठन शक्ति से प्रगति पथ बढ़ने के लिए कार्य विस्तार पर विस्तार से चर्चा की। अपने समापन भाषण में भाजपा दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशिधर झा ने संगठित होकर संयुक्त प्रयास से 2047 से भारत को विकसित बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इसी क्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार शर्मा ने सुरक्षित प्रकृति, पर्यावरण, खेत खलिहान और भारत को श्रेष्ठ बनाने हेतु वैचारिक अधिष्ठापन पर प्रशिक्षण दिया। इसी दौरान भाजपा जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता ने केंद्र सरकार के उपल्बिधयों की चर्चा करते हुए, भारतीय सभ्यता संस्कृति की प्रेरणा के साथ राष्ट्रवाद के विचार को प्रबल बनाने की बात कही। जबकि, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सह विधानसभा संयोजक वीरेंद्र यादव ने बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने का प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा वक्ताओं ने सेवा और ज्ञान के साथ सामुहिकता, समरसता के बदौलत भारत को 2047 तक वैभवशाली बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्याम पासवान, मीडिया प्रभारी अमृतांशु कुमार, राजीव सुर्यवंशी, राजीव कुमार, योगेन्द्र साह, राजीव रंजन, आलोक कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार, प्रवीण कुमार मीना देवी, रूपा तनेजा, विकास सरार्फ, सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय आयुर्वेद औषधालय मुरलियाचक को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को विकसित करने की जरूरत

**बिस्फी(एनएसबी)।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की ओर से प्रखंड क्षेत्र के मुरलियाचक राजकीय आयुर्वेद औषधालय को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में विकसित किया जाएगा. आयुष पद्धति से संचालित राजकीय आयुर्वेद औषधालय पर आयुर्वेदिक, होम्योपैथी, यूनानी पद्धति के अलावा योगा के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. औषधालय को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए 19 लाख, 65 हजार रुपये स्वीकृत किए गए.जिससे हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के भवन की मरम्मत, रंग-रोगन आदि कार्य किए जाएंगे. आवश्यक उपकरण लगाए जाएंगे. सेंटरों पर हर्बल गार्डन बनाया जाएगा, जिसमें औषधीय पौधे लगाए जाएंगे. जुलाई के पहले पखवाड़े से इसका कार्य शुरू होने की संभावना जताई जा रही है. हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिए योग शिक्षक का नियोजन किया जाएगा. सेंटर पर सृजित एक-एक चिकित्सक, एक-एक मिश्रक व एक-एक परिचारी के रिक्त पदों भरे जायेगे. मुरलियाचक राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय में चिकित्सक डा. कुमार लक्ष्मी नारायण पदस्थापित हैं.



### चोरी के सामान बरामद एवं एक विधि-विरूद्ध बालक को किया गया निरूद्ध

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि 25 फरवरी की रात्रि नगर थाना क्षेत्र के शंकर चौक वार्ड नंबर 14 में ध्रुव नारायण चौधरी के घर अज्ञात चोरों द्वारा सोना-चांदी के आभूषण एवं अन्य सामान चोरी कर ली गई थी परंतु आवेदक द्वारा उक्त घटना की सूचना नगर थाना को 6 मार्च को दी गई। तत्पश्चात नगर थाना द्वारा इस संदर्भ में 113/26,तहत कांड दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ की गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए उक्त घटना के उद्भेदन हेतु नगर थाना द्वारा तकनीकी अनुसंधान और मानवीय आसूचना संकलन के आधार पर निरंतर छापेमारी की जा रही थी। जिसके परिणामस्वरूप उक्त घटना में संलिप्त नगर थाना के सोनरपट्टी से 01 विधि विरूद्ध बालक को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में किशोर द्वारा द्वारा घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया गया हैं एवं उनकी निशानदेही पर चोरी की गई संपत्ति को भी बरामद कर लिया गया हैं। बरामद समान को विधिवत जप्त करते हुए उक्त विधि विरूद्ध बालक को निरूद्ध किया गया हैं एवं अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

### अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्रीमती रमा निषाद का भव्य स्वागत

**मधुबनी (एनएसबी)।** सोमवार को मधुबनी परिसदन में बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग और अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री श्रीमती रमा निषाद भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभाशूं झा के नेतृत्व में मिथिला पेंटिंग पाग और अंगवस्त्र पहनाकर परिसदन में स्वागत और अभिनदंन किया गया। मौके पर स्वागत करने वाले में विधान परिषद सदस्य घनश्याम ठाकुर, जिला महामंत्री सुबोध कुमार चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राधा देवी, जिला मिडिया प्रभारी मनोज कुमार मुन्ना, जिला आई टी सेल जिला संयोजक आदित्य झा, कार्यालय मंत्री कन्हैया साह, सुदर्शन कुमार, शिव नाथ दास सहित कई लोग शामिल थे।



### शैक्षणिक परिभ्रमण से ऐतिहासिक व वैज्ञानिक स्थलों पर भ्रमण से छात्रों में खुशी

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय बजराहा, मध्य विद्यालय बेलौजा, मध्य विद्यालय सोहॅास के छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत सोमवार को बीपीआरओ सह बीईओ शेखर कुमार, विद्यालय प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद शाह, शत्रुघ्न राय, रामसेवक ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया. परिभ्रमण के दौरान शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया. छात्रों ने तारामंडल दरभंगा में खगोल विज्ञान से संबंधित विभिन्न जानकारियाँ प्राप्त कीं.वही सौरमंडल, ग्रह-नक्षत्र एवं अंतरिक्ष की संरचना के बारे में विस्तार से समझा. मिथिला विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण कर उच्च शिक्षा के महत्व, विश्वविद्यालय की स्थापना एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी. दरभंगा राज की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसकी स्थापत्य कला, राजपरिवार की भूमिका तथा क्षेत्र के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास में इसके योगदान के बारे में विस्तारपूर्वक समझा. बच्चों को ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के महत्व पर भी बल दिया और उन्हें अपने इतिहास पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया.भ्रमण दल में रविंद्रर कुमार झ ,दीपेंद्र कुमार झा, नीतू देवी, दुर्गा मोहन यादव सहित कई लोग उपस्थित थे!



### पंडौल औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों के साथ सेमिनार का आयोजन

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश के आलोक में पंडौल स्थित औद्योगिक क्षेत्र के परिसर में उद्यमियों के साथ एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया।इस सेमिनार में जिला उद्योग केंद्र, मधुबनी के परियोजना प्रबंधक, बीयाडा दरभंगा के उप महाप्रबंधक, पंडौल औद्योगिक क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक तथा पंडौल स्थित औद्योगिक इकाइयों के कई उद्यमी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देना, उद्यमियों की समस्याओं को सुनना तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित औद्योगिक प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान जिला उद्योग केंद्र, मधुबनी के परियोजना प्रबंधक द्वारा उपस्थित उद्यमियों को राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद, बिहार औद्योगिक प्रोत्साहन नीति, 2016 तथा बिहार औद्योगिक प्रोत्साहन पैकेज, 2025 से संबंधित विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही इन योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध प्रोत्साहन, अनुदान तथा अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि उद्यमी इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपने उद्योगों का विस्तार कर सकें और जिले में नए निवेश को बढ़ावा मिल सके।उद्यमियों से आग्रह किया गया कि वे राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक निवेश करें और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में योगदान दें। सेमिनार के दौरान उद्यमियों ने औद्योगिक गतिविधियों के संचालन में आ रही विभिन्न समस्याओं एवं चुनौतियों से भी अधिकारियों को अवगत कराया। अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। इस प्रकार के नियमित संवाद कार्यक्रमों से प्रशासन और उद्यमियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा, जिससे जिले में औद्योगिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।



# मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए बस रवाना



बस को हरी झंडी दिखाते ।

**जयनगर (एनएसबी)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025झ26 में विद्यार्थियों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव कराने के उद्देश्य से लदनियां प्रखंड क्षेत्र स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय शिधपकला द्वारा शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार राय के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से भरी परिभ्रमण बस को विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित एक सादे लेकिन उत्साहपूर्ण कार्यक्रम के दौरान शिधपकला पंचायत के मुखिया सह बिहार प्रदेश मुखिया संघ के पदाधिकारी एवं जिला जदयू उपाध्यक्ष अशोक मंडल तथा सरपंच लाल बिहारी यादव ने संयुक्त रूप से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्रों और शिक्षकों के बीच काफी उत्साह देखा गया। बच्चे इस शैक्षणिक यात्रा को लेकर काफी उत्साहित नजर आए और खुशी-खुशी बस में सवार होकर अपने शिक्षकों के साथ भ्रमण के लिए रवाना हुए।यह परिभ्रमण बस विद्यालय परिसर से खुलकर छात्र-छात्राओं, शिक्षक और शिक्षिकाओं को लेकर सुपौल जिले के ऐतिहासिक पुल सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों के भ्रमण के लिए रवाना हुई। इसके अलावा विद्यार्थियों को पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के सप्तरी जिले में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां छिन मस्तिका स्थान सखरा मंठ का भी दर्शन कराया जाएगा। इस शैक्षणिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को इतिहास, संस्कृति, भूगोल और धार्मिक आस्थाओं से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना है।मुखिया अशोक मंडल ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के लिए एक सराहनीय पहल है। इस योजना के माध्यम से छात्र-छात्राओं को अपने राज्य और पड़ोसी क्षेत्रों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के स्थलों को देखने और समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से बच्चों में जिज्ञासा बढ़ती है और उन्हें किताबों में पढ़ी गई बातों को वास्तविक रूप में देखने और समझने का मौका मिलता है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार राय ने बताया कि मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों के ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक और अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के भ्रमण कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे बच्चों में नई चीजों को जानने और समझने की उत्सुकता बढ़ती है तथा वे अपने आसपास के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति जागरूक होते हैं।इस अवसर पर मुखिया अशोक मंडल, पूर्व मुखिया केशव कुमार सिंह, सरपंच लाल बिहारी यादव सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को नई जगहों को देखने और सीखने का अवसर मिलता है, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा।विद्यालय प्रबंधन की ओर से बताया गया कि यात्रा के दौरान बच्चों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। शिक्षकों की एक टीम लगातार बच्चों के साथ रहेगी और उन्हें विभिन्न स्थलों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी देती रहेगी। मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत आयोजित यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और यादगार साबित होगा।

## 528 कार्टन शराब से लदा पिकअप जब्त गोदाम सील

### चालक एवं गोदाम मालिक गिरफ्तार



गिरफ्तार कारोबारी।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में मद्य निषेध कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मद्य निषेध टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले में अवैध रूप से विदेशी शराब का भंडारण एवं परिवहन किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के उपरांत उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, मधुबनी की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया गया।इस कार्रवाई के दौरान एक पिक-अप वाहन से 528 कार्टन में कुल 4616 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। मौके पर मौजूद पिक-अप वाहन को जब्त कर लिया गया। साथ ही जांच के क्रम में एक भंडारण गोदाम की पहचान कर उसे सील कर दिया गया।छापेमारी के दौरान पिक-अप वाहन के चालक तथा संबंधित गोदाम के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बिहार में पूर्ण मद्य निषेध कानून लागू है और इसके उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण अथवा तस्करी से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर प्रशासन को अवश्य सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मधुबनी जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## शहीद मुख्य आरक्षी सिकंदर यादव स्मृति वॉलीबॉल प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ



खिलाड़ियों से मिलते अधिकारी।

**जयनगर (एनएसबी)।** जिले के भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में तैनात 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) जयनगर द्वारा वीर सपूत शहीद मुख्य आरक्षी (सामान्य) सिकंदर यादव की पावन स्मृति में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ सोमवार को सीमा चौकी खौना में किया गया। यह प्रतियोगिता 9 मार्च से 11 मार्च 2026 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें सीमावर्ती क्षेत्रों की विभिन्न टीमों के खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वितीय-कमान अधिकारी हरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने शहीद मुख्य आरक्षी सिकंदर यादव के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देश के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और राष्ट्रसेवा की भावना को प्रबल करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और समाज में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का भी प्रभावी साधन है।कार्यक्रम के दौरान 48वीं वाहिनी के कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी ने अपने संदेश में कहा कि शहीद मुख्य आरक्षी सिकंदर यादव का बलिदान हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सीमा बल केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को खेल, शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से सकारात्मक मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए भी निरंतर प्रयासरत है।उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएँ युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, आपसी सहयोग तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देती हैं। साथ ही ऐसे आयोजन सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और सुरक्षा बलों के बीच आपसी विश्वास, समन्वय और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में उप-कमांडेंट (नोडल अधिकारी) विवेक ओझा ने स्वागत संबोधन देते हुए उपस्थित अतिथियों, खिलाड़ियों और ग्रामीणों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता शहीद की स्मृति को सम्मान देने के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को खेल के माध्यम से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास है।

## 24 मार्च को दिल्ली रैली के समर्थन में विशाल सभा होगी : दिलीप झा

**मधुबनी (एनएसबी)।** भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)का मधुबनी रांटी में बैठक आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता रेखा देवी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सीपीआई ( एम) के जिला सचिव मंडल सदस्य गणपति झा, माकपा जिला सचिव मंडल सदस्य दिलीप झा ने कहा कि आज देश की हालात काफी नाजुक है, आजादी के बाद यह पहली सरकार है जिसकी तानाशाही एवं अलोकतांत्रिक फैसलों से देश के किसान मजदूर, नौजवान, महिलाओं का जीवन जीने का अधिकार ही समाप्त किया जा रहा है, केंद्र सरकार मनरेगा योजना को रद्द कर बीबी जी रामजी कानून देश पर थोपा जा रहा है जो घातक है नेता द्वय ने कहा कि चार श्रम कानूनों के जरिए कारपोरेट पूंजीपतियों का गुलाम बनाने की साज़िश रची गई है 8 घंटे के बदले 12 घंटे काम लिया जाएगा जिसको माकपा बर्दाशत नहीं करेगा, प्रधानमंत्री अमेरिका व्यापार समझौते कर देश के किसान मजदूरों का कमर तोड़ने की निति थोपा जा रहा है,देश के प्रधानमंत्री अमेरिका के तलवे चाटने पर उतारू हो गए हैं, दुसरी तरफ किसान, मजदूर, तमाम स्कीम कामगारों, आंगनबाड़ी, रसोईया, ममता आदि का स्थाईकरण को लेकर 24 मार्च 26 को दिल्ली में विशाल रैली होगी जिसके समर्थन में 11 मार्च को मधुबनी में औंसी,रांटी और फुलपरास में माकपा के पोलित ब्यूरो सदस्य और देश के प्रसिद्ध किसान नेता अशोक धावले जी और सीपीएम विहार राज्य सचिव ललन चौधरी जी सभा को संबोधित करेंगे जिस सभा में हजारों लोग शिरकत करेंगे। दिल्ली रैली में माकपा के जिला सचिव मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में हजारों लोग भाग लेंगे।बैठक में कैलाश पासवान, विकास कुमार, बीबी खातुन,मुन्नी खातुन, सोनिया देवी,रेखा देवी, लक्ष्मी पासवान,कपली देवी,गोपी सदाय, जोगेन्दर सदाय,मो क्यूम अन्य नेता विचार व्यक्त किए।

## डी.बी. कॉलेज जयनगर में एनसीसी की गतिविधियाँ तत्काल प्रभाव से निलंबित

**जयनगर (एनएसबी)।** जयनगर स्थित डी.बी. कॉलेज में संचालित एनसीसी की सभी गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह निर्णय 34 बिहार बटालियन एनसीसी मधुबनी की ओर से लिया गया है। जानकारी के अनुसार, कॉलेज में 4/34 एनसीसी कंपनी के तहत एनसीसी की गतिविधियाँ संचालित हो रही थीं, जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा की भावना का प्रशिक्षण दिया जा रहा था।

बताया गया है कि डी.बी. कॉलेज में संचालित एनसीसी कंपनी के सीटीओ (केयर टेकर ऑफिसर) का कार्यकाल 6 मार्च को समाप्त हो गया। सीटीओ के कार्यकाल की समाप्ति से पहले ही 34 बिहार बटालियन एनसीसी मधुबनी के मुख्यालय की ओर से महाविद्यालय प्रशासन को कई बार पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था। इन पत्रों में या तो कार्यरत सीटीओ के कार्यकाल को बढ़ाने के लिए आवेदन भेजने या फिर नए एएनओ (एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर) की नियुक्ति के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया था।हालांकि निर्धारित समय सीमा तक महाविद्यालय की ओर से किसी भी प्रकार का आवेदन या पत्राचार बटालियन मुख्यालय को प्राप्त नहीं हुआ। इसी कारण बटालियन प्रशासन ने कॉलेज में संचालित एनसीसी गतिविधियों को अस्थायी रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया।इस संबंध में 34 बिहार बटालियन एनसीसी मधुबनी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नितिन झा ने बताया कि डी.बी. कॉलेज में एनसीसी पदाधिकारी के अभाव में सभी गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक कॉलेज की ओर से नए सीटीओ या एएनओ की नियुक्ति के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर आवेदन नहीं भेजा जाता और उसे बिहार एवं झारखंड एनसीसी निदेशालय, पटना से स्वीकृति नहीं मिल जाती, तब तक कॉलेज में एनसीसी की गतिविधियाँ बंद रहेंगी।उन्होंने यह भी कहा कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करना है। ऐसे में कॉलेज प्रशासन को इस दिशा में जल्द से जल्द पहल करनी चाहिए ताकि विद्यार्थियों को पुनः एनसीसी के माध्यम से प्रशिक्षण और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिल सके।

## जनगणना कार्य को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ प्रारंभ



प्रशिक्षण देते अधिकारी।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जनगणना कार्य को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण सोमवार से समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में प्रारंभ हुआ।प्रशिक्षण दो चरणों मे चलेगा। जिसमें सोमवार से प्रथम चरण प्रारंभ होकर 11 मार्च तक एवं 12 मार्च से द्वितीय चरण प्रारंभ होकर 14 मार्च तक दिया जाएगा।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मियों को जनगणना की प्रक्रिया, डेटा संकलन की विधि, आवश्यक दिशा-निर्देश तथा कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में जनगणना विभाग, बिहार से आये प्रशिक्षक रविशकान्त एवं तारकेश्वर गुप्ता के द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।प्रशिक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जनगणना से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं, प्रपत्रों के सही उपयोग, घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया तथा डिजिटल माध्यम से जानकारी संकलन के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया, ताकि जनगणना का कार्य पारदर्शी एवं सटीक तरीके से संपन्न किया जा सके।10 मार्च से डीआरडीए सभागार, मधुबनी में प्रशिक्षण दिया जायेगा। विभाग के प्रशिक्षक ने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न विकास योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जाता है। अतः सभी कर्मियों को पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ इस कार्य को संपादित करना सुनिश्चित करना होगा। प्रशिक्षण के प्रथम दिन कई अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद,नगर पंचायत तथा जिला स्तरीय समन्यवय समिति के सदस्यों ने भाग लिया।द्वितीय चरण में आईटी सहायक, प्रोग्रामर,जिला जनगणना कोषांग के कर्मी सहित अन्य भाग लेंगे।प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, मुकेश रंजन, नगर आयुक्त, उमेश भारती, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, चंदन कुमार झा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे!

## संक्षिप्त खबरें

### एक प्रयास मंच ने महात्मा गांधी के संदेश को आधार बनाकर महिलाओं को शिक्षा ग्रहण करने को किया प्रेरित


**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** एक प्रयास मंच के द्वारा नगर के पुरानी गुदरी अम्बेडकर नगर मे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंच के संस्थापक संजय रजक ने उपस्थित महिलाओं के बीच शिक्षा जागरूकता संवाद को संबोधित करते



हुए कहा कि पुरानी कहावत है कि यदि एक महिला पढ़ेगी सात पीढ़ी तड़ेगी। इस कहावत को वर्तमान समय मे सार्थक बनाने के लिए उन्होंने उपस्थित महिलाओं को स्वयं शिक्षित होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि एक महिला पढ़ लिख लेगी तो अपने साथ परिवार, समाज और देश को शिक्षित कर सकती है। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा कहे गए एक संदेश- एक व्यक्ति को पढाओगे तो एक ही व्यक्ति शिक्षित होगा, लेकिन एक स्त्री को पढाओगे तो पूरा परिवार शिक्षित होगा' पर बल देते हुए महिलाओं और बच्चियों को पढ़ने पढ़ाने का आव्हान किया। इस मौके पर उपस्थित महिलाओं और बच्चियों के बीच मंच द्वारा पठन पाठन सामग्री व पुस्तकें भी वितरित की गई। मौके पर सीता देवी, मंजु देवी, राधा देवी, सुनैना देवी, निभा कुमारी, ज्योति देवी, अंजू लाल, बिट्टू मसीह, संजय रजक सहित बच्चे व बच्चियां भी उपस्थित थे7

### आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** स्थानीय तुर्की स्थित आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नव-प्रवेशित पीजी ( एमडी, एमएस) छात्रों के लिए सोमवार को ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का



उद्देश्य नए पीजी रेजिडेंट डॉक्टरों को संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, अस्पताल की कार्यप्रणाली और प्रशिक्षण प्रणाली के बारे में जानकारी देना था। ओरिएंटेशन सेशन के दौरान कॉलेज की प्राचार्य प्रो डॉ आभा रानी सिन्हा ने छात्रों को मेडिकल प्रोफेशन की जिम्मेदारियों, अनुशासन, मरीजों की देखभाल और मेडिकल एथिक्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पीजी रेजिडेंट्स को प्रोत्साहित किया कि वे अपने ट्रेनिंग पीरियड के दौरान क्लिनिकल लर्निंग, रिसर्च एक्टिविटीज और अकादमिक डिस्कशन में सक्रिय रूप से भाग लें। वहीं कॉलेज के चिकित्सा शिक्षा निदेशक प्रो डॉ उदय कुमार ने छात्रों को अस्पताल की नीतियों, विभागीय कार्यप्रणाली, अकादमिक शेड्यूल, इवैल्यूएशन सिस्टम और रेजिडेंसी की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में एक इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किया गया, जिसमें पीजी छात्रों ने फैकल्टी मेंबर्स के साथ अपने सवाल व जिज्ञासाएं साझा कीं। कॉलेज के प्रशासनिक पदाधिकारी मनीष कुमार ने नए पीजी बैच का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि वे अपने प्रशिक्षण के दौरान मेडिकल एजुकेशन, रिसर्च और पेशेंट केयर के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देंगे और संस्थान की प्रतिष्ठा को और आगे बढ़ाएंगे। मौके पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष डॉ रामाकांत प्रसाद, डॉ विकास रंजन, डॉ कमलेश तिवारी, डॉ आशित कुमार, डॉ. आशिम शेखर, डॉ राहुल मोहन, डॉ. खुशबू रानी, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ. रीता चौधरी, डॉ रोहित कुमार, डॉ प्रभात कुमार, डॉ नेहा सिंह, डॉ अभिषेक प्रसाद, डॉ आर एस प्रसाद, डॉ अरुण कुमार पांडेय, डॉ मृणाल शंकर, डॉ अनामिका कुमारी, डॉ पियूष भारद्वाज, डॉ अब्दुल शालिक तथा डॉ पी एन प्रसाद आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### रास वर्ल्ड मार्शल आट्र्स के द्वारा महिला दिवस पर निकली गई प्रभातफेरी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गोबरसही स्थित रास वर्ल्ड मार्शल आर्टस क्लब परिसर से अतंरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को प्रभातफेरी निकाली गई। महिलाओं व लड़कियों को खेल के प्रति जागरूक करने तथा उनमें अपनी सुरक्षा के योग्य बनने को प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रभातफेरी में रास वर्ल्ड के विभिन्न ब्रांचों से 200 से अधिक खिलाड़ियों के अतिरिक्त कई सारे चैंपियन खिलाड़ियों, साथ ही सवात खेल के वर्ल्ड रैंकर्स, एशियन मेडलिस्ट खिलाड़ी व कई सारे अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय पदक विजेता कराटे व सवात खिलाड़ी



भी शामिल हुए। गोबरसही चौक से शुरू यह प्रभातफेरी डुमरी रोड होते हुए यादवनगर, भगवानपुर, आइकन प्लाजा होते हुए रास वर्ल्ड, गोबरसही ब्रांच पहुंची, जहां महिलाओं से संबंधित थिम पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमे खिलाड़ियों ने महिलाओं की सुरक्षा, समानता व आत्मनिर्भरता के आधार पर पोस्टर बनाकर प्रदर्शित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में तीन उत्कृष्ट पोस्टर चुना गया। साथ हीं बेहतरीन पोस्टर बनाने के लिए नंदनी को प्रथम पुरस्कार, तवीशा केजरीवाल को द्वितीय पुरस्कार व दिक्षा को तृतीय पुरस्कार देकर रास वर्ल्ड के सीईओ शिहान ई राहुल श्रीवास्तव ने सम्मानित किया। इससे पहले सीईओ शिहान ई राहुल श्रीवास्तव, एमडी शिल्पी सोनम, ऐसोसिएट डॉयरेक्टर ओम प्रकाश व प्रियंका ने हरी झंडी दिखाकर प्रभातफेरी को रवाना किया। मौके पर प्रभात कुमार, सुनील कुमार, सूरज पंडित उपासना आनंद, स्वीटी रॉय, रोहित प्रजापति व तन्नूश्री सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### चित्तरंजन अध्यक्ष ,उदय प्रधानमंत्री एवं उत्तम कुमार वित्तमंत्री पद पर पुनः निर्वाचित

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर की आमसभा नयाटोला स्थित थियोसोफिकल लाज में संपन्न हुई। इस सम्मेलन में अगले पांच वर्षों के लिए सर्वसम्मति से संगठन के नए कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसके लिए हुए चुनाव में चितरंजन सिन्हा कनक अध्यक्ष, साहित्य मार्तण्ड उदय नारायण सिंह प्रधानमंत्री एवं उत्तम कुमार वित्तमंत्री निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद के लिए कनक के नाम का प्रस्ताव डॉ हरि किशोर प्रसाद सिंह, प्रधानमंत्री पद के लिए नाम का प्रस्ताव डॉ विनोद कुमार सिन्हा और वित्तमंत्री पद के लिए नाम का प्रस्ताव मधुमंगल ठाकुर ने रखा। जिसे थियोसोफिकल लाज नया टोला में उपस्थित जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर के सभी सदस्यों ने ध्वनिमत मत से समर्थन एवं अनुमोदन किया। इस अवसर पर बोलते हुए उदय नारायण सिंह ने कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर के प्रधानमंत्री पद की पुनः जिम्मेदारी दी गई है, उस पर वे शत-प्रतिशत खड़ा उतरने की कोशिश करेंगे। चित्तरंजन सिन्हा कनक ने अपने उद्गार में कहा कि साहित्यकार का



काम सिर्फ कोरे कागज को रंगना नहीं बल्कि अपनी कृति से समाज, राज्य एवं देश की आम जनता को राह दिखाना और मार्गदर्शन करना होता है। वही रमेश प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा आगत सभी सुधीजनों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कनक को पुनः अध्यक्ष एवं उदय को पुनः सम्मेलन प्रधानमंत्री चुनें जाने पर डॉ महेन्द्र मधुकर, डॉ राम प्रवेश सिंह, डॉ शारदाचरण, डॉ विनोद कुमार सिन्हा, डॉ संजय पंकज, डॉ प्रियंवदा दास, डॉ वंदना विजय लक्ष्मी, प्रेम कुमार वर्मा, डॉ हरिकिशोर प्रसाद सिंह, डॉ लोकनाथ मिश्र, देवेन्द्र कुमार, डॉ नीलिमा वर्मा, दिलीप कुमार, उमाशंकर चौरसिया, उमानाथ प्रसाद सिह, मधुमंगल ठाकुर, गणेश प्रसाद सिंह, डॉ बी के मल्लिक, डॉ उषाकिरण, श्रीमन्नारायण सिह, प्रमोद नारायण मिश्र आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

# डीएसपी सहित 12 पुलिसकर्मियों पर जारी किया गैरजमानती गिरफ्तारी वारंट

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर की विशेष एनडीपीएस कोर्ट ने मादक पदार्थों से जुड़े दो महत्वपूर्ण मामलों में गवाही के लिए लगातार अनुपस्थित चल रहे डीएसपी समेत 12 पुलिसकर्मियों के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी कर किया है। साथ ही कोर्ट ने सभी आरोपित पुलिसकर्मियों को 9 मार्च तक गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने का सख्त आदेश दिया है। यह कार्रवाई संबंधित पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मियों द्वारा अदालत की कार्यवाही में बार-बार बाधा डालने और साक्ष्य प्रस्तुत न करने के कारण की गई है। विशेष एनडीपीएस कोर्ट दो के न्यायाधीश नरेंद्र पाल सिंह ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि बार बार समन जारी होने के बावजूद



विशेष एनडीपीएस कोर्ट की तस्वीर।

पुलिसकर्मी अदालत में उपस्थित नहीं हो रहे है, जिस कारण न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। ऐसे में कोर्ट में उपस्थिति दर्ज नहीं कराने वाले डीएसपी समेत 12 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी करना अनिवार्य हो गया। कोर्ट ने पुलिस प्रशासन को इन वारंटों को तामील कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। मिली जानकारी के अनुसार कुढ़नी थाना क्षेत्र के गरहुआ चौक से चार वर्ष पूर्व पुलिस ने रौशन कुमार को लोडेड कट्टा और 1.920 मिलीग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी थी, लेकिन साक्ष्य प्रस्तुत करने के दौरान गवाह अदालत में पेश नहीं हुए। जिसके कारण यह मामला 4 वर्षों से लंबित चल रहा है और न्याय में देरी हो रही है। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के खबरा भेल कॉलोनी से वर्ष 2020 में एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया था। इस कार्रवाई में एक किलो चरस, एटीएम क्लोनिंग मशीन और नगदी बरामद की गई थी। गिरोह को एटीएम फ्रॉड में भी लिप्त करार दिया गया था, लेकिन गवाहों की अनुपस्थिति के कारण मामला मजबूत साक्ष्यों के अभाव में प्रभावित हो रहा है। इन दोनों मामले में कोर्ट ने तत्कालीन कुढ़नी थानाध्यक्ष अरविंद पासवान, तत्कालीन डीएसपी (रक्षित) विपिन नारायण शर्मा, दारोगा विवेकानंद सिंह, एएसआई प्रकाश कुमार, गृहरक्षक कुमोद कुमार, दिनेश चौधरी, रघुवीर सिंह, राजेश कुमार यादव, सिपाही छोटेलाल सिंह, संजीव कुमार, गृहरक्षक अरविंद कुमार और धनिक कुमार राणा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया हैं। ये सभी पुलिसकर्मी दोनों मामलों में गवाह के रूप में सूचीबद्ध थे। कोर्ट ने 9 मार्च तक इन सभी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का समय पुलिस प्रशासन को दिया है। साथ हीं कहा है कि यदि गवाही के लिए सूचीबद्ध पुलिसकर्मी गिरफ्तार नहीं हुए या कोर्ट में पेश नहीं हुए, तो आगे की सख्त कार्रवाई संभव है। वहीं पुलिस प्रशासन अब इन वारंटों को अमल में लाने की तैयारी में जुट गया है। वहीं कोर्ट की यह कार्रवाई बिहार पुलिस के लिए एक चेतावनी के रूप में देखी जा रही है।

## 104वीं जयंती पर आधुनिक मुजफ्फरपुर के शिल्पकार व पूर्व मंत्री रघुनाथ पांडेय को प्रबुद्धजनों व कांग्रेसियों ने याद करते हुए अर्पित की श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** आधुनिक मुजफ्फरपुर के निमार्ता, पूर्व मंत्री और 'नगर पिता' के नाम से सुविख्यात स्वर्गीय रघुनाथ पांडेय की 104वीं जयंती उनके द्वारा स्थापित स्थानीय लॉ कॉलेज परिसर में मनाई गई। इस अवसर पर जिले के प्रबुद्धजनों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके ऐतिहासिक योगदानों को याद किया। रेड क्रॉस सोसायटी के प्रदेश उपाध्यक्ष व भारत स्काउट और गाइड के सभापति उदय शंकर प्रसाद सिंह तथा पूर्व मध्य रेलवे के जोनल सदस्य व भाजपा नेता हरेराम मिश्रा ने स्वर्गीय रघुनाथ पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उदयशंकर प्रसाद सिंह ने कहा कि



जयंती पर पूर्व मंत्री व नगर के पूर्व विधायक स्व रघुनाथ पांडेय को श्रद्धांजलि अर्पित करते रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश उपाध्यक्ष उदयशंकर प्रसाद सिंह।

आज मुजफ्फरपुर का जो विकसित और आधुनिक स्वरूप हम देख रहे हैं, वह स्वर्गीय रघुनाथ पांडेय की ही देन है। उनकी दूरदर्शिता के कारण ही यह जिला आज इस मुकाम तक पहुँच पाया है। हम सभी उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए संकल्पित हैं। वहीं हरेराम मिश्रा ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रघुनाथ बाबू सुचिता, अनुशासन और समय की पाबंदी के जीवंत उदाहरण थे। मुजफ्फरपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना में उनकी मुख्य भूमिका रही, जिससे आज पूरे उत्तर बिहार को बेहतर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने शिक्षा और समाज सेवा की जो नींव रखी, वह आज भी अटूट है। जयंती समारोह के दौरान हीं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज की महिला प्राध्यापकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान और कार्यकलापों के लिए मुख्य अतिथियों द्वारा मोमेंटो एवं विशेष उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनके समर्पण की सराहना की गई। आयोजन को सफल बनाने और इसमें सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए अमरनाथ पांडेय को विशेष रूप से बधाई दी गई। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद् और रेड क्रॉस के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे। उधर, नगर के तिलक मैदान स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के जिलाध्यक्ष अरबिंद कुमार मुकुल की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर पार्टी के कार्यकताओं ने स्व रघुनाथ पांडेय व उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर जिला प्रवक्ता समीर कुमार, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष जुही प्रितम, कुणाल सहाय, कौशल किशोर चौधरी, सबिहुल हसन लालबाबू, विकास टुल्लु, डॉं रिजवान अहमद एजाजी, रितेश कुमार संजु, मोजक्किर रहमान, मोहन कुमार, प्रभात चन्द्र, सकलदीप कुशवाहा, मो सरफराज अंसारी,अभय कुमार, शादिक अली सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाषा सिर्फ संचार का साधन नहीं बल्कि यह लैंगिक पूर्वाग्रहों का वाहक भी है : डॉ शेफाली राय

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रामदयालु सिंह महाविद्यालय के एनएसएस इकाई व आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "जेंडर इनइक्वलिटी इन ग्लोबल पर्सपेक्टिव" विषय पर श्रीकृष्ण सभा



परिचर्चा को संबोधित करती मुख्य वक्ता डॉ शेफाली राय।

भवन में आयोजित परिचर्चा को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए पटना विश्वविद्यालय सोशल साइंस की डीन डॉ शेफाली राय ने कहा कि लैंगिक असमानता और भाषाई बोध के बीच गहरा संबंध है। हिंदी भाषाओं में व्याप्त संरचनात्मक लिंग भेद लैंगिक रूढ़िवादिता को मजबूत करते हैं और असमानता को बढ़ावा देते हैं। महिलाओं के संदर्भ में उन्होंने कहा कि महिलाओं को अक्सर रिश्तों की दृष्टि से भावनात्मक रूप से बात करने वाला माना जाता है। जबकि पुरुषों की भाषा में मुखरता और भावनाओं को दबाने की प्रवृत्ति देखी जाती है। भाषाई संरचनाएं यह तय करती है कि हम पुरुषों और महिलाओं को कैसे देखते हैं। अनुसंधान से पता चलता है कि अधिक लिंग आधारित भाषा वाले समाजों में कम लिंग आधारित भाषा वाले समाजों की तुलना में अधिक लैंगिक असमानता पाई जाती है। भाषा सिर्फ संचार का साधन नहीं है, बल्कि यह लैंगिक पूर्वाग्रहों का वाहक भी है। लिंग समावेशी भाषा का प्रयोग अति आवश्यक है। इससे समाज में महिलाओं और विविध जेंडर की पहचानों को सशक्त बनाने की दिशा में बल मिलता है। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ शशिभूषण कुमार ने कहा कि लैंगिक असमानता का तात्पर्य लिंग के आधार पर अवसरों, अधिकारों और संसाधनों तक पहुंच में भेदभाव से है, जो शिक्षा, आय और निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है। वहीं डॉ नीलिमा झा ने फिल्मों में लैंगिक असमानता के प्रमुख पहलू पर प्रकाश डाला। लैंगिक असमानता पर शिक्षकों और छात्रों ने वक्ता से कई सवाल भी किया। मौके पर सिंडिकेट सदस्य डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, सीनेट सदस्य डॉ संजय कुमार सुमन, डॉ एम एन रजवी, डॉ आर एन ओझा, डॉ नीलिमा झा, डॉ आशुतोष मिश्रा, डॉ राजेश कुमार, डॉ आलोक त्रिपाठी, डॉ भगवान कुमार, डॉ नीरज मिश्रा, डॉ आनंद प्रकाश दुबे, डॉ रजनीकांत पांडे, डॉ हसन रजा, डॉ सौरभ राज, डॉ ललित किशोर, डॉ विकास कुमार, डॉ अमीता त्रिवेदी, डॉ आयशा जमाल, डॉ पूजा लोहान एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे। मंच संचालन व विषय प्रवेश डॉ श्रुति मिश्रा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनुराधा पाठक ने किया।

## नीमा बिहार राज्य कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक संपन्न

### कुछ शाखाओ की निष्क्रियता पर जताई गई चिंता

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** नीमा बिहार राज्य कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक का आयोजन जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एवं अनुसंधान दानापुर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मंचासीन अतिथियों के स्वागत एवं भगवान धन्वंतरि पूजन से हुआ। इस दौरान उपस्थित महिला चिकित्सकों का सम्मान केक काटकर तथा बुके भेंटकर किया गया। इसके पश्चात विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा संगठनात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए। इस क्रम में डा अनिल कुमार सिंह ने एमबीएस रिपोर्ट प्रस्तुत किया। डा रीता वर्मा सचिव विमेंस फोरम नीमा बिहार ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। नीमा के प्रदेश महासचिव डा आलोक कुमार ने नीमा आयुर्वेद फोरम के गठन का प्रस्ताव रखा। वहीं डा प्रेमलता अध्यक्ष, विमेंस फोरम नीमा बिहार ने नीमा में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में नीमा पटना, नीमा मोतिहारी, नीमा मोतिहारी-2, नीमा बेगूसराय, नीमा औरंगाबाद, नीमा गया, नीमा



दलसिंहसराय, नीमा सिवान, नीमा दानापुर तथा नीमा गोपालगंज के पदाधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। बैठक के दौरान डा मनोज शर्मा, डा एन के सिंह, डा रंजन दूबे, डा मृदुल, डा तनुजा पाटिल, डा संजय कुमार सिंह, डा उत्तम कुमार, डा गिनी तथा डा चंद्रतारा सहित अन्य सदस्यों ने अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए। महासचिव डा आलोक कुमार ने नीमा बिहार की गत वर्ष की सचिवीय रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सत्र 2026झ27 की एक वर्षीय कार्ययोजना भी बैठक के समक्ष रखी। नीमा बिहार के अध्यक्ष डा दिनेश्वर प्रसाद ने राज्य कार्यकारिणी बैठकों में कुछ शाखाओं की निष्क्रियता पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सभी शाखाओं से संगठन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# प्रदेश स्तर पर राजस्व कर्मचारी पहले से ही हड़ताल पर, अब सभी अंचलाधिकारी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए

### सभी अंचलों में दाखिल-खारिज, जाति, आय और आवास प्रमाणपत्र बनना पूरी तरह ठप

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** सरकार द्वारा मांगे पूरी नहीं किए जाने की स्थिति में राजस्व सेवा से जुड़े अधिकारियों ने सोमवार से हड़ताल पर चले गए हैं। ज्ञात हो कि राजस्व कर्मचारी पहले से ही वेमियादी हड़ताल पर डटे हैं। इस बीच

सोमवार से बिहार राजस्व सेवा के पदाधिकारियों के हड़ताल पर चले जाते से राज्य भर के अंचल कार्यालयों में प्रशासनिक कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो गया है। हड़ताल में अंचलाधिकारी व राजस्व अधिकारी शामिल हैं। हड़ताल में शामिल अंचलाधिकाडियों ने बताया कि सरकार और विभाग की ओर से लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा नहीं किए जाने के विरोध में यह कदम उठाया गया है। विभागीय सूत्रों की मानें तो राजस्व सेवा अधिकारियों के हड़ताल पर चले




जाने से सभी अंचलों में कामकाज लगभग पूरी तरह ठप हो गया है। इसका सीधा असर आम लोगों से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों पर पड़ना शुरू हो गया है। दाखिल खारिज, भूमि परिमार्जन, जमीन से जुड़े अन्य राजस्व मामलों के साथ-साथ जाति, आय और आवासीय प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया भी रुक गई है। इससे हजारों लोगों के जरूरी काम अटक गए हैं।

बताया गया है कि इस हड़ताल में बिहार राजस्व सेवा के दोनों प्रमुख संगठन—बिरसा और बिरसा यूनाइटेड पूरी तरह शामिल हैं। दोनों संगठनों ने संयुक्त रूप से सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए यह फैसला लिया है कि जबतक उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की जाती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। अधिकारियों का कहना है कि विभाग की ओर से कई बार आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञात हो कि बीते 11 फरवरी से राजस्व कर्मचारी संघ के आव्हान पर अपनी मानवों को लेकर राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से

राजस्व विभाग में पहले से ही कामकाज प्रभावित चल रहा था। कर्मचारियों की हड़ताल अभी जारी है। इस बीच 9 मार्च से राजस्व अधिकारियों के भी हड़ताल में शामिल हो जाने से स्थिति और भयावह हो गई है और राजस्व विभाग का पूरा सिस्टम ठप पड़ गया है। साथ ही प्रदेश भर में चल रहे सर्वे, चकबंदी और भूमि सुधार से जुडी योजनाओं का काम भी सोमवार से पूरी तरह बंद हो गया है।

विभागीय सूत्रों की मानें त कृषि से संबंधित आंकड़ों का संकलन और रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया भी बंद हो गई है।बिहार में जनगणना 2027 के लिए राजस्व विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। ऐसे में राजस्व अधिकारियों की हड़ताल से इस महत्वपूर्ण कार्य की तैयारियां भी प्रभावित होने की प्रबल संभावना है। जानकारों का कहना है कि राजस्व सेवा से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों की अगर यह हड़ताल लंबी खिंची तो इसका असर प्रशासनिक व्यवस्था के साथ-साथ विकास योजनाओं पर भी पड़ना तय है। वहीं अब आमलोगों को प्रमाणपत्र और जमीन से जुड़े कामों के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ सकता है। उधर, राजस्व सेवा से जुड़े अधिकारियों की शुरू हुई हड़ताल और कर्मचारियों की 11 फरवरी से चल रही वेमियादी हड़ताल के मामले को लेकर अबतक सरकार के पक्ष से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। जिसके कारण आमलोगों में भी निराशा देखी जा रही है।

# विभागीय विकास एवं समन्वय समिति की बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

## योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन व लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति के लिए डीएम ने दिए निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में सोमवार को परिचर्चा भवन में विभागीय विकास एवं समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा पीपीटी के माध्यम से संचालित योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने सभी विभागों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी रिची पाण्डेय व उपस्थित अन्य अधिकारी

बैठक के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी से किसान पंजीकरण की प्रगति की समीक्षा की गई तथा अनुमंडल कृषि भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्धता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने जिले के पशुपालकों एवं मत्स्यपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए एलडीएम, जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा।

भवन निर्माण विभाग द्वारा निमार्णाधीन नए सर्किट हाउस के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर इसे पूरा करने का निर्देश दिया। सहकारिता विभाग के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संभावित पेयजल संकट से निपटने के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने नए वार्डों में लंबित नल-जल योजनाओं को शीघ्र चालू करने तथा पीएचईडी एवं पंचायती राज विभाग के तहत संचालित जलापूर्ति योजनाओं के नियमित रख-रखाव और मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन के लिए आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि जलापूर्ति योजनाओं का संचालन निरंतर एवं सुचारु रूप से हो सके। साथ ही सभी अधिकारियों को सक्रियता, सतर्कता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवनों के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उद्योग, स्वास्थ्य, कृषि एवं शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की भी बिंदुवार समीक्षा की गई और सभी विभागों को योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। सात निश्चय योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम का लाभ अधिक से अधिक युवाओं तक पहुँचाने के लिए मिशन मोड में कार्य करने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा। इसके अतिरिक्त ह्लहर घर नल का जलह्व योजना के सुचारु संचालन तथा ग्रामीण एवं शहरी स्वच्छता से जुड़े कार्यों में प्रगति लाने के लिए नियमित निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में सात निश्चय-3 के तहत दोगुना रोजगार-दोगुनी आय, समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार, कृषि में प्रगति-प्रदेश की समृद्धि, उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य, सुलभ स्वास्थ्य-सुरक्षित जीवन, मजबूत आधार-आधुनिक विस्तार तथा सबका सम्मान-जीवन आसान जैसे संकल्पों के तहत प्रस्तावित कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, निदेशक डीआरडीए राजेश भूषण, डीपीओ आईसीडीएस निशिकांत, जिला पशुपालन पदाधिकारी प्रेम शंकर झा, जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी, वरीय उप समाहर्ता यूनुस अंसारी, मो. इस्लाम सहित विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस 5 एंबुलेंस को डीएम ने प्रखंडों की ओर किया रवाना



एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्टेट हेल्थ सोसायटी द्वारा उपलब्ध कराई गई 'बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस' 05 एंबुलेंस को विभिन्न प्रखंडों की ओर रवानगी की गई। समाहरणालय परिसर से जिलाधिकारी रिची पांडेय ने उक्त सभी एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर विदा किया। सदर अस्पताल, सीतामढ़ी, बाजपट्टी, सोनबरसा, परिहार एवं रुन्नीसैदपुर पीएचसी के द्वारा उक्त एंबुलेंस की निःशुल्क सेवा ली जाएगी। उक्त प्रखंड एवं आसपास के क्षेत्र के मरीजों को इसका लाभ होगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि एम्बुलेंस में टेक्नीशियन के साथ 37 प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध होंगी। यह वातानुकूलित होगा। डायल 102 पर इसकी निःशुल्क सुविधा ली जा सकती है। बताया गया कि अब जिले में कुल 70 एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है। मौके पर डॉ जेड जावेद, डीपीएम हेल्थ अशीत रंजन के साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## मासिक समीक्षा बैठक में फरार वारंटियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने का निर्देश


थानाध्यक्षों के साथ मासिक समीक्षा बैठक करते डीएसपी (सदर-2) आशीष आनंद)

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर डीएसपी (सदर-2) आशीष आनंद के नेतृत्व में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के सभी थानाध्यक्षों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान अनुमंडल क्षेत्र में दर्ज विभिन्न आपराधिक मामलों की बारीकी से समीक्षा की गई। डीएसपी आशीष आनंद ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि फरार वारंटियों और अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाई जाए तथा लंबे समय से लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की सक्रियता और सतर्कता बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में नियमित गश्ती बढ़ाएं और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखें। बैठक में अपराध की रोकथाम, लंबित कांडों की प्रगति, वारंट और कुर्की के निष्पादन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी पुलिस पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। कहा कि आम जनता की सुरक्षा और विश्वास बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसलिए सभी थानाध्यक्ष जनता के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर सक्रिय रहें।

## 'सबका सम्मान-जीवन आसान" कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनीं 106 जन समस्याएं


अपने कार्यालय कक्ष में आमजनों की समस्याओं को सुनते जिला पदाधिकारी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम ह्लह्लसात निश्चय-3ह्लह्ल अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। लगभग 106 लोगों द्वारा दिए गए परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,आई सी डी एस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड,अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 106 परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी श्री पाण्डेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है।

## चर्चित लेखिका नैना साहू संकल्प मिथिला महिला सम्मान व मातृशक्ति गौरव सम्मान से सम्मानित

**सुरसंड/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रखंड के मैदान गांव निवासी तथा मिथिलांचल की चर्चित लेखिका नैना साहू को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दरभंगा में आयोजित दो अलग-अलग समारोहों में सम्मानित किया गया। उन्हें ह्लसंकल्प मिथिला महिला सम्मान-2026ह्व और ह्लमिथिला मातृशक्ति गौरव सम्मान-2026ह्व से नवाजा गया।


समारोह में सम्मान प्राप्त करतीं नैना साहू

साहित्य, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए संकल्प मिथिला महिला सम्मान-2026 दरभंगा के जिला परिषद सभागार में आयोजित समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवगोपाल मिश्र के हाथों प्रदान किया गया। वहीं मिथिला मातृशक्ति गौरव सम्मान-2026 उन्हें दरभंगा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (डीएमसीएच) के ब्लड बैंक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मेयर अंजुम आरा एवं उपमेयर नाजिया हसन के हाथों प्राप्त हुआ। दोनों समारोहों में मिथिला क्षेत्र के विभिन्न जिलों से चयनित अलग-अलग क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नैना साहू ने कहा कि आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक गतिविधियों में महिलाओं की समान भागीदारी समाज और राष्ट्र के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या, महिला उत्पीड़न, नारी शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर व्यापक सामाजिक विमर्श और जनजागरूकता की जरूरत है। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि परिवार में महिलाओं की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए पुरुषों का सहयोग और प्रोत्साहन भी बेहद जरूरी है। गौरतलब है कि नैना साहू समकालीन हिंदी साहित्य की सक्रिय लेखिका हैं। उनका काव्य संग्रह ह्लनैना लिखते ऐसी पातीह्व हाल ही में प्रकाशित हुआ है। साहित्य और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें विद्यापति सम्मान, साहित्य-श्री सम्मान, सुभद्रा कुमारी चौहान सम्मान तथा वुमन प्राइड अवॉर्ड सहित कई प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका है। श्रीमती साहू ने दोनों आयोजक संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं की प्रतिभा को समय पर प्रोत्साहन मिलने से क्षेत्र की शैक्षणिक, सामाजिक और साहित्यिक प्रगति को नया बल मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला दिवस पर जानकी विद्या निकेतन की प्राचार्या सुभद्रा ठाकुर सम्मानित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जानकी विद्या निकेतन की प्राचार्या श्रीमती सुभद्रा ठाकुर को उनके शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें एक आदर्श शिक्षिका, कुशल प्रशासक एवं


प्राचार्या सुभद्रा ठाकुर को सम्मानित करते अतिथि व अन्य

विदुषी महिला के रूप में जाना जाता है। सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति के बाद से ही वे जानकी विद्या निकेतन की स्थापना के समय से बच्चों के शिक्षण कार्य से जुड़ी हुई हैं और प्राचार्या के रूप में विद्यालय का संचालन कर रही हैं। हाल ही में उनकी कविताओं का संग्रह ह्लदर्पणह्व नाम से प्रकाशित हुआ है। महिला दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कहकशा फातिमा ने की। इस मौके पर अंशु कुमारी, कविता सिंह, बबीता कुमारी, अंजलि कुमारी, सोनाली सिंह, सीमा सिंह, प्रियंका कुमारी, मेहर, सिमरन व नाजिया सहित अन्य ने अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय परिवार की ओर से अमरेन्द्र कुमार व अंजलि कुमार श्रीवास्तव ने भी सुभद्रा ठाकुर की विद्वता और कार्यक्षमता से सीख लेने की बात कही। कार्यक्रम का समापन समाज में महिलाओं के सम्मान और उनके महत्वपूर्ण स्थान को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ हुआ।

### शैक्षणिक संस्थानों के बेहतर संचालन एवं नवाचार को बढ़ावा देने को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक


**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं आईटीआई संस्थानों के प्रधानाचार्यों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शैक्षणिक संस्थानों के समुचित संचालन, नवाचार


प्रधानाचार्यों के साथ समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी रिची पाण्डेय

को प्रोत्साहन देने तथा प्रशासनिक व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी शैक्षणिक संस्थानों के साथ एक-एक नोडल पदाधिकारी नामित किए जाएँ। नामित नोडल पदाधिकारी प्रत्येक माह कम से कम एक दिन संबंधित संस्थान का भ्रमण करेंगे तथा वहाँ की प्रशासनिक गतिविधियों, साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, भवन की स्थिति, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे संस्थानों में अनुशासन, बेहतर शैक्षणिक वातावरण तथा प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संस्थानों के प्रधानाचार्यों से कॉलेजों में संचालित प्लेसमेंट गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की तथा विद्यार्थियों को अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्लेसमेंट गतिविधियों को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर ओएसडी ऋषव सहित इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं आईटीआई संस्थानों के सभी प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

### रमजान और ईद के अवसर पर गरीबों की मदद करें ताकि हर घर में खुशियां आएं : मो. अली जौहर

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पवित्र रमजान माह के दौरान सामाजिक सद्भाव और जरूरतमंदों की सहायता की भावना को मजबूत करते हुए बघाड़ी निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता मो. अली जौहर ने लोगों से अपील की है कि ईद से पहले गरीब और जरूरतमंद परिवारों की मदद करें, ताकि समाज का हर वर्ग ईद की खुशियों में शामिल हो सके। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना त्याग, सब्र, इबादत और इंसानियत का पैगाम देता है। इस महीने में रोजा रखने के साथ-साथ जरूरतमंदों की मदद करना भी एक बड़ी इबादत है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को चाहिए कि वे अपने आसपास रहने वाले गरीब परिवारों, बेसहारा लोगों और मजदूर वर्ग की सहायता करें, ताकि वे भी ईद के मौके पर अपने परिवार के साथ खुशियां मना सकें। मो. अली जौहर ने कहा कि ईद केवल खुशियां मनाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह आपसी भाईचारे, प्रेम और इंसानियत का संदेश भी देता है। अगर हम अपने आसपास के गरीब और असहाय लोगों की मदद करेंगे तो ईद की खुशी और भी बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि इस्लाम में जकात और फितरा देने की परंपरा भी इसी उद्देश्य से है कि समाज में कोई भी व्यक्ति अभाव में न रहे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रमजान के इन पाक दिनों में ज्यादा से ज्यादा दान, सदका और जकात देकर गरीबों की मदद करें। इससे न सिर्फ जरूरतमंदों को सहारा मिलेगा, बल्कि समाज में एकता, भाईचारा और मानवता की भावना भी मजबूत होगी।


वरिष्ठ कांग्रेस नेता मो. अली जौहर

### प्रा. उर्दू विद्यालय कपरौल में शौचालय निर्माण में अनियमितता का आरोप, डीएम से जांच की मांग

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** रीगा प्रखंड के कपरौल स्थित प्राथमिक उर्दू विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने आवेदन देकर कहा है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है और सरकारी राशि में गड़बड़ी की आशंका है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुराने सोखता को तोड़कर उसी के ऊपर शौचालय का निर्माण किया जा रहा है तथा पुरानी ईंटों का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही सीमेंट, बालू व गिट्टी का मिश्रण भी मानक के अनुरूप नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### सामूहिक इफ्तार पार्टी में हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे का दिया संदेश

**मोतिहारी (एनएसबी)।** मदरसा अंजुमन इस्लामिया, मोतिहारी में 8 मार्च 2026 को आपसी सद्भावना और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऑल बिहार उर्दू टीचर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में सामूहिक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करना, प्रेम-मोहब्बत और त्याग-बलिदान की भावना को सुदृढ़ करना तथा समाज में भाईचारा, सामाजिक समरसता और सहिष्णुता को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने भाग लिया'कार्यक्रम के दौरान देश में अमन-शांति, हिंदू-मुस्लिम एकता तथा गंगा-जमुनी तहजीब की सलामती के लिए विशेष दुआएँ की गईं। इफ्तार में पूर्वी चंपारण जिले की अनेक शैक्षिक, राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों, डॉक्टरों, बुद्धिजीवियों तथा सैकड़ों शिक्षकों ने धर्म और समुदाय से ऊपर उठकर भाग लिया और आपसी भाईचारे की एक सुंदर मिसाल पेश की। एक ही दस्तरखान पर हिंदू-मुस्लिम एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। इफ्तार में शामिल प्रमुख व्यक्तियों में एमएलसी आफाक अहमद, मोतिहारी की मेयर प्रीति गुप्ता, डिप्टी मेयर लाल बाबू गुप्ता, मुहिबुल हक खान, डॉ. मुबीन हाशमी, डॉ. फैसल परवाज खान, डॉ. फखरुद्दीन अली अहमद, डायट छतौनी के लेक्चरर, जन सुराज पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता तारिक अनवर चंपारनी, शिक्षक नेता प्रमोद यादव, केशव कुमार, सुनील कुमार, अबुटा के संयोजक डॉ. अकील मुश्ताक, सचिव मुहम्मद अमानुल्लाह, जिला अध्यक्ष नईमुद्दीन सलफी, कोषाध्यक्ष फिरोज आलम, संगठन सचिव ओजैर सालिम, संयुक्त सचिव मेहर आलम चंपारनी, मुहम्मद जहीरुद्दीन, अहमद तबरेज, मुबीन, अब्दुल अजीज, कलीमुल्लाह कलीम, डॉ. ताहिरुद्दीन ताहिर, उपाध्यक्ष अनीसुल हक शम्सी, कैसर आलम खान, मुहम्मद शाहिद इकबाल, जीशान इलाही तैमी, शकील शागिल, अनुवादक रजी अहमद, गुलाम रब्बानी, शाहिद रजा, हशमत अली, शौकत अली, असदुर्रहमान तैमी, डॉ. जौवाद आलम तैमी, प्रोफेसर मशहूर अहमद अलीग, कवि एवं शिक्षक एम.एन. अख्तर, मुहम्मद नूरुलहुदा, सामाजिक कार्यकर्ता इंजीनियर तनवीर अहमद खान, मुहम्मद आफताब आलम, हामिद इकबाल, तबरेज आलम, एडवोकेट अजमुद्दीन हाशमी, इंजीनियर जुनैद खान, वाहिद लतीफ, जावेद अहमद सहित सैकड़ों आमंत्रित अतिथि शामिल रहे।



### भिवाड़ी केमिकल फैक्ट्री अग्निकांड मृतकों के आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की सहायता

**मोतिहारी (एनएसबी)।** राजस्थान के भिवाड़ी में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से घटित दुर्घटना में पूर्वी चम्पारण जिले के 7 निवासियों की मृत्यु हो गई थी,जिसमें हरसिद्धि अंचल के 5 , घोड़ासहन अंचल एवं चिरैया अंचल के 1-1 व्यक्ति शामिल थे। माननीय मुख्यमंत्री बिहार सरकार द्वारा इस घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के निकटतम आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान की घोषणा की गई थी।इसी आलोक में जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल पूर्वी चम्पारण के निदेशानुसार आज सभी मृतकों के निकटतम आश्रितों को सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री अखिलेश कुमार द्वारा हरसिद्धि अंचल के मृतकों के निकटतम परिजनों नीतू देवी, मीना कुमारी, सेमा देवी, रीता देवी और पिंदा देवी, घोड़ासहन अंचल के देवंती देवी और चिरैया अंचल के शिवजी पासवान को 2-2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से सभी मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके घर तक लाया गया था और सभी आवश्यक सहायता प्रदान की गई हैं! किसी भी आपातकालीन स्थिति में जिला आपातकालीन संचालन केंद पूर्वी चम्पारण के दूरभाष नंबर 06252-242418 पर संपर्क करें।

### भोजपुर में जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

**आरा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर की अध्यक्षता में अनु० जाति एवं अनु० जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक के दौरान समिति द्वारा 26 मामलों में 44 पीड़ितों को कुल रू० 3662500.00/-(छत्तीस लाख बासठ हजार पाँच सौ) रू० की राशि के भुगतान का अनुमोदन किया गया। नियम 15 (1) (घ) के तहत हत्या के मामलों में 01 आश्रित को परिचारी के पद पर जिला कल्याण कार्यालय, भोजपुर आरा में नियुक्ति की अनुशंसा का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। इस अधिनियम के तहत अबतक कुल-08 आश्रितों को सरकारी नौकरी दी गई है एवं एक मामले में नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। वर्तमान में कुल-67 आश्रितों को प्रतिमाह पेंशन भुगतान किया जा रहा है। साथ ही वर्ष 2025 में कुल 604 पीड़ितों/ आश्रितों को रू० 57122950.00/- (पाँच करोड़ एकहत्तर लाख बाईस हजार नौ सौ पचास) रू० का मुआवजा भुगतान किया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त, पुलिस उपाधीक्षक (मु०), सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला शिक्षा पदाधिकरी, कायार्पालक अभियंता, सोन नहर/लघु सिंचाई, पीएचईडी, प्रमण्डल, आरा, समिति के सदस्य श्री रामबाबु पासवान, श्री भुनेश्वर पासवान, श्री शैलेन्द्र कुमार, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# बड़ी योजनाओं के लिए भूमि उपलब्धता शीघ्र सुनिश्चित करें :आयुक्त

**मोतिहारी (एनएसबी)।** तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने बड़ी सरकारी योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता शीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि का प्रस्ताव जल्द से जल्द सरकार को भेजा जाए ताकि योजनाओं का लाभ आम जनता तक समय पर पहुंच सके।

आयुक्त ने सोमवार को पूर्वी चंपारण जिले के राजस्व शाखा एवं अपर समाहर्ता कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष जोर देते हुए कहा कि वादों का समय पर निष्पादन होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि लोअर कोर्ट से संबंधित रिकॉर्ड समय पर नीचे भेजे जाएं और अनावश्यक रूप से जिला स्तर पर अभिलेखों को न रोका जाए। साथ ही अभिलेखों के रखरखाव और संधारण को और बेहतर बनाने पर बल दिया।



निरीक्षण करते आयुक्त, डीएम व अन्य ।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा में बताया गया कि 1 अप्रैल 2025 से 6 मार्च 2026 तक कुल 56,357 म्यूटेशन आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 49,642 मामलों का निष्पादन किया गया है। इस प्रकार निष्पादन की दर 88.07 प्रतिशत रही। आयुक्त ने शेष 6,379 लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे का निर्देश दिया।

**आयुक्त ने किया राजस्व शाखा एवं अपर समाहर्ता कार्यालय का निरीक्षण**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व वसूली के लिए 2,609 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके विरुद्ध 31 जनवरी 2026 तक 1,410 करोड़ रुपये की वसूली हुई है, जो लक्ष्य का लगभग 54 प्रतिशत है। आयुक्त ने राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया। सैरात बंदोबस्ती की समीक्षा में पाया गया कि जिले में करीब 1.67 करोड़ रुपये के सैरातों की बंदोबस्ती की गई है, जिसके विरुद्ध अब तक 35.95 लाख रुपये की वसूली हुई है। आयुक्त ने बकाया राशि की वसूली में तेजी लाने को कहा।परिमार्जन से संबंधित 1,38,440 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1,11,824 का निष्पादन किया जा चुका है जबकि 2,778 आवेदन कारण सहित वापस किए गए हैं। वहीं एलपीसी के लिए ऑनलाइन माध्यम से 81,391 आवेदन मिले, जिनमें 57,910 का निष्पादन किया गया है और 22,857 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने विभिन्न पंजीयों का अवलोकन किया और बताया गया कि सभी राजस्व कार्यालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू है।

### जसौली पट्टी में होगा 25 मार्च से चंपारण सत्याग्रह महोत्सव

**मोतिहारी (एनएसबी)।** महात्मा गांधी की जसौली पट्टी यात्रा की स्मृति में कोटवा प्रखंड के जसौली पट्टी में चंपारण सत्याग्रह महोत्सव की तैयारी हेतु राधाकृष्णन भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सदर द्वारा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन की तिथि 25, 26 एवं 27 मार्च को निर्धारित की गई। आयोजन स्थल पर सभी विभागों के लोक कल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल भी लगाया जाएगा। बैठक में स्थानीय विधायक कल्याणपुर श्री सचिंद्र प्रसाद सिंह ने महोत्सव को भव्य एवं आकर्ष रूप से मनाने का विचार रखा। बैठक में सांसद प्रतिनिधि डॉ लालबाबू प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, जिला महामारी पदाधिकारी, प्रमुख प्रतिनिधि सुनील कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी कोटवा, संजय पाण्डेय, अभय अनंत रंगकर्मी, विनय कुमार आदि उपस्थित रहे।

**लंबे समय से बकाया राशि नहीं देने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीडीसी**

# नीलाम पत्रवाद में होगी गिरफ्तारी

**मोतिहारी (एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले में नीलाम पत्रवाद के तहत बड़े बकायेदारों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। उप विकास आयुक्त सह नीलाम पत्र पदाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने बड़े बकायेदारों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने के लिए कठोर कदम उठाए हैं। उप विकास आयुक्त डॉ कुमार ने बताया कि नीलाम पत्रवाद के अंतर्गत जिन बकायेदारों पर लंबे समय से सरकारी राशि बकाया है, उनके खिलाफ पहले ही थाना स्तर से वारंट निर्गत किए जा चुके हैं।

इन वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर कार्रवाई का अनुरोध किया गया है' प्रशासन की ओर से जिले के 30 बड़े बकायेदारों की सूची पुलिस अधीक्षक कार्यालय को भेजी गई है, ताकि उनके खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई तेज की जा सके। अधिकारियों का कहना है कि इन मामलों में लंबे समय से बकाया राशि की वसूली नहीं हो पा रही थी, इसलिए अब सख्ती बरतते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। जिन बकायेदारों के खिलाफ वारंट जारी है, उनमें हिंदू चकिया के संजीव कुमार पांडे, बेलवा घोड़ासहन के विजय शंकर प्रसाद, हिरमनी के प्रवेश आलम, हरिहारा के सिकंदर राम, सुगांव के सोनू कुमार, जीहुली के रजनीश कुमार सिंह, राजा बाजार के संजय कुमार तिवारी, कौरीहार चौक की कांति देवी और सरिता देवी, लक्ष्मीपुर के सोमेश्वर शाह, मटियारिया के ईश्वर चंद्र प्रसाद, रामपुरवा के विकास कुमार, जामा रोड के सुनील कुमार गुप्ता, गोपालपुर के मधु शंकर, नकछेद टोला के दिनेश प्रसाद, बलुआ टाल के अशोक कुमार सिंह, नाग रोड के प्रिंस कुमार गुप्ता, पनटोका के जोगेंद्र प्रसाद, बरियारपुर के प्रमोद कुमार गुप्ता, भेलवा के ओम प्रकाश प्रसाद, छतौनी वार्ड संख्या 18 के दीपक कुमार, कमालपुर के रूपेश कुमार, दीपही के लोकेश कुमार सिंह, गुलबारा के रंजन कुमार सिंह, मिठनपुरा के नरेश राय, चैनपुर के मुकेश कुमार, रानी छपरा के सुभाष प्रसाद, जगिराहा के जगन्नाथ राय व हरेंद्र राय तथा बाड़कुरवा की अफसानी खातून शामिल हैं। उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सरकारी बकाया की वसूली के लिए नीलाम पत्रवाद के मामलों में अब सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वारंट जारी होने के बाद भी जो बकायेदार सामने नहीं आ रहे हैं, उनकी गिरफ्तारी कराकर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से जिले में बड़े बकायेदारों में हड़कंप मचा हुआ है।



डीडीसी डॉ प्रदीप कुमार

**बड़े नीलाम देनदारों पर कड़ा शिकंजा, 30 वारंटियों की गिरफ्तारी का अनुरोध**

### रक्सौल में जीआरपी शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर में निकला गया भव्य जुलूस

**रक्सौल(पू.च.) (एनएसबी)।** रेलवे परिसर स्थित जीआरपी शिव मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रेल थानाध्यक्ष पवन कुमार के नेतृत्व में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

जुलूस मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए सिद्ध मंदिरों में पूजा अनुष्ठान कर पुनः मंदिर पहुंचा। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव के जयकारे लगाए गए तथा भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा। जुलूस में भगवान शिव शंकर के शिव लिंग सहित विभिन्न प्रमुख देवी देवताओं की दुर्लभ पत्थर से निर्मित मूर्तियों को पालकी में रख कर नगर भ्रमण व मंदिर दर्शन पूजन किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी शत्रुधन तिवारी, आचार्य हरिशंकर पांडेय ने बताया कि सोमवार को मंदिर में भगवान शिव सहित सभी देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा बैदिक रीति व सनातन परम्परा के साथ सम्पन्न हुआ। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के समापन पर हवन, पूजन और महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय श्रद्धालुओं में सर्वश्री भोला दास, बिट्टु कुमार गुप्ता, शांति देवी, बैधनाथ चौरसिया सहित मंदिर समिति के सदस्यों की भूमिका अहम रही।

**रेल थानाध्यक्ष पवन कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम**

### जनगणना को लेकर अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**देश भर में पहली बार पूरी तरह डिजिटल होगी जनगणना-2027**

**मोतिहारी (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में सोमवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों, सभी अनुमंडल पदाधिकारियों तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-चार्ज जनगणना पदाधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण की अध्यक्षता जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना पदाधिकारी ने की' जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना-2027 भारत की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना और स्वतंत्र भारत की आठवीं जनगणना होगी। यह देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें डेटा संग्रहण के लिए मोबाइल एप और ऑनलाइन माध्यम का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण के तहत घरों की गणना 2 मई से 31 मई 2026 तक की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना 2 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक होगी। जनगणना का प्रकाशन 1 मार्च 2027 को निर्धारित है।

**मकान सूचीकरण के लिए पदाधिकारियों का प्रशिक्षण, डीएम ने दिया निर्देश**

**जनगणना-2027 की तैयारी तेज, समाहरणालय में अधिकारियों का प्रशिक्षण**

जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना से लोगों की आर्थिक स्थिति, विकास योजनाओं के निर्माण, स्वास्थ्य-शिक्षा व आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया।प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता (राजस्व)-सह-जिला जनगणना पदाधिकारी मुकेश कुमार सिन्हा, सभी अनुमंडल व प्रखंड पदाधिकारी, जनगणना निदेशालय पटना से आए प्रशिक्षक विकास सिंह तथा जिला नोडल प्रशिक्षक आदित्य कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मोखलिसा गांव से चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**कोईलवर (एनएसबी)।** गीधा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के मोखलिसा गांव से एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी हैदर अली है। वह गीधा थाना क्षेत्र के मोखलिसा गांव निवासी मुर्तजा आलम का पुत्र बताया जाता है। मामले की जानकारी देते हुए गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की बाइक के साथ क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के आलोक में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोखलिसा गांव में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आरोपी हैदर अली को एक बाइक के साथ पकड़ा गया। पुलिस द्वारा जब बाइक से संबंधित वैध कागजात की मांग की गई तो आरोपी कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया और आरोपी को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद बाइक चोरी की होने की आशंका है। इस मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है तथा आरोपी से पूछताछ भी की जा रही है, ताकि बाइक चोरी से जुड़े अन्य पहलुओं का भी खुलासा हो सके।

### महात्मा गांधी ऑल इंडिया फुटबॉल टूनार्मेंट के दूसरे दिन झारखंड ने नेपाल को 2-0 से किया परास्त



मैन ऑफ द मैच पुरस्कार देते सभापति।

**चकिया (एनएसबी)।** स्थानीय गांधी मैदान में खेले जा रहे महात्मा गांधी ऑल इंडिया फुटबॉल टूनार्मेंट के दूसरे दिन सोमवार को मुकाबला विराटनगर स्पोर्ट्स एकेडमी नेपाल व कोलहान सॉकर चाईबासा झारखंड टीम के बीच हुआ। जिसमे झारखंड की टीम ने नेपाल को 2-0 से मात दी। झारखंड की टीम ने पहले हाफ में बेहतर प्रदर्शन करते हुए टीम के जर्सी नंबर 10 एलेक्स ने 32 वें मिनट पर पहला गोल दाग पहले हाफ की समाप्ति तक 1-0 से बढ़त बनाई रही।

पहले हाफ में हीं झारखंड के खिलाड़ी जर्सी नंबर-3 अमन को 38 वें मिनट पर गलत खेल के लिए रेफरी ने पिला कार्ड दिखा चेतावनी दी।दूसरे हाफ में मैदान में उतरी दोनों टीमों में झारखंड टीम के खिलाड़ी जर्सी नम्बर सात जोसेफ ने शानदार दूसरा गोल दाग 2- 0 से टीम को जीत दिला दी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार झारखंड टीम के खिलाड़ी जर्सी नम्बर 7 जोसेफ व बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार नेपाल को आयोजन समिति के द्वारा दिया गया। टूनार्मेंट का तीसरा मुकबला एमआईजी फुटबॉल क्लब बेंगलूर व एक्वा फुटबॉल क्लब रांची टीम के बीच खेला जायेगा। कॉमेंटेटर के रूप में रोहित सिंह स्कोरर सुकेश प्रसाद जबकि रेफरी मनीष कुमार, दिनेश कुमार गुप्ता, संतोष पांडेय, विशाल कुमार थे। मौके पर सभापति पवन सर्राफ, उप सभापति सुभाष कुमार यादव, टूनार्मेंट अध्यक्ष हरजीत सिंह राजू, अशोक यादव, सुनील सिंह, दाऊद आलम, राजन पटेल, कृष्ण शर्मा सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

**एमजीसीयूबी ने सबका साथ, सबका विकास ऑनलाइन संगोष्ठी में किया प्रतिभाग, कुलपति बोले-**

# विश्वविद्यालय में नई पहलों को आगे बढ़ाने की मिलेगी दिशा

**मोतिहारी (एनएसबी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी (बिहार) में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली तथा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित सबका साथ, सबका विकास झ्र फुलफिलिंग एस्पिरेशन ऑफ पीपुल विषयक पोस्ट-बजट आनलाइन वेबिनार में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों ने आभासी माध्यम से सहभागिता की। इस वेबिनार में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

वेबिनार का शुभारंभ प्रातः 10:00 बजे ऑनलाइन माध्यम (वेबेक्स) पर हुआ। इस अवसर पर सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुजीत कुमार चौधरी के नेतृत्व में समाज कार्य विभाग, संस्कृत विभाग तथा समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की।



शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन संगोष्ठी में उपस्थित प्रतिभागी।

वेबिनार के प्रथम सत्र में फाइव यूनिवर्सिटी टाउनशिप, गर्ल्स हॉस्टल इन एवरी डिस्ट्रिक्ट फॉर ऱ्ळएट इंस्टीट्यूशन्स तथा ह्लदिव्यांगजन कौशल योजनाह्व जैसे विषयों पर आभासी माध्यम से विभिन्न विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के नीति विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने वेबिनार में हुई चर्चा के संदर्भ में कहा कि इससे विश्वविद्यालय में नई पहलों को आगे बढ़ाने की दिशा मिलेगी। इस अवसर पर गांधी भवन के निदेशक प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं तथा दिव्यांगजनों को विशेष सुविधाएँ प्राप्त होंगी। प्रो. सुजीत कुमार चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं में अभ्यास-आधारित शिक्षा का विकास होता है तथा उनमें जागरूकता बढ़ती है। इस वेबिनार में विशेष रूप से समाज कार्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अनुपम कुमार वर्मा, डॉ. उपमेश कुमार तलवार, डॉ. मृत्युंजय, शोधार्थी मनीष त्रिगुणायत, रंजू सहित अनेक छात्र-छात्राएँ और शोधार्थी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, कई घायल

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के पहलाम गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में कई लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार जमीन को लेकर चल रहे विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहा-सुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। बताया जाता है कि मनोज साह, मनीष साह, रोशनी कुमारी, उषा देवी एवं बबली देवी ने मारपीट



की घटना को अंजाम दिया। इस मारपीट में बीरो साह, रजनी कुमारी, सज्जन देवी, बुधनी देवी, मिथलेश कुमार तथा नेहा कुमारी घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनमा में भर्ती कराया गया, जहा चिकित्सक ने गंभीर स्थिति देखते हुए बीरो साह और रजनी कुमारी को सहरसा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर जख्मी के परिजन सज्जन देवी ने आरोप लगाते हुए कहा सोना का चैन व बाली एवं 2500 रुपया नगदी एवं मोबाइल फोड़ देने का आरोप लगाया।

### सनातन बोर्ड परिषद के सह कोऑर्डिनेटर बनी पूजा कुमारी

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सनातन बोर्ड परिषद द्वारा सनातन धर्म के लोगों को जोड़कर धर्म एवं संघ की मजबूती के लिए संगठन का विस्तार किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिला कोऑर्डिनेटर,प्रमंडल कोऑर्डिनेटर एवं सह कोऑर्डिनेटर का मनोनयन किया जा रहा है। उसी कड़ी में सनातन बोर्ड के बिहार प्रदेश के संगठन मंत्री सह कोऑर्डिनेटर देवानंद मिश्र के द्वारा सहरसा हटिया गाछी निवासी पूजा कुमारी को सनातन बोर्ड परिषद का लोकसभा सह कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। श्री मिश्र ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सनातन बोर्ड परिषद में आप अपना दायित्व का सदुपयोग करते हुए सनातन बोर्ड परिषद के विधाओं को विचारों को विश्व में प्रचार प्रसार कर सनातन धर्म के लोगों को जोड़कर धर्म एवं संघ की मजबूती में सहयोग प्रदान करेंगे। वही नवनियुक्त सह कोऑर्डिनेटर पूजा कुमारी ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहां की संगठन द्वारा जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूंगी। साथ ही सनातन बोर्ड परिषद में सनातन धर्म के लोगों को जोड़कर धर्म एवं संघ की मजबूती में सहयोग प्रदान करूंगी।उन्होंने सनातन धर्म के संरक्षण व संवर्धन के लिए सतत प्रयत्नशील रहुंगी।



### लगातार तीसरी बार जदयू प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जिला प्रवक्ता नें जताया हर्ष।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जनता दलयू के लगातार तीसरी बार उमेश कुशवाहा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जिला प्रवक्ता डॉ लुतफुल्लाह ने शुभकामना व्यक्त कर बधाई दी है। उन्होने कहा कि बिहार प्रदेश जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष को लगातार तीसरी बार इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर समस्त जदयू सहरसा की ओर से हर्ष व्याप्त है। जनता दलयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, ललन शर्राफ, चंदन सिंह, संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी सभी का हृदय तल से आभार व्यक्त एवं कोटि-कोटि बधाई। जिला प्रवक्ता ने कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और सशक्त अधिक मजबूत होगा तथा बिहार में विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन की दिशा में पार्टी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। सहरसा के समस्त जनता दलयू के सम्मानित नेतागण कार्यकत्ताओं में काफी हर्ष का माहौल है उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से कार्यकत्ताओं में काफी खुशी है। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है उमेश सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में संगठन को काफी धारदार तथा मजबूती प्रदान करेंगे।ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें स्वस्थय, सफल और ऊजार्वान नेतृत्व प्रदान करने की शक्ति दे।

### खजुरहा पंचायत के बघैल में पैसे की विवाद को लेकर चली गोली, थाना पुलिस पहुंच कर आवश्यक छानबीन में जुटी

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खजुराहा पंचायत अन्तर्गत बघैल गांव में सोमवार की दोपहर पैसे का लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक पक्ष के द्वारा गोलीबारी कर फरार होने का एक मामला सामने आया है।घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार बघैल गांव निवासी रूपेश कुमार भगत के भाई का दीपक कुमार मिस्त्री के यहाँ करीब 25 हजार रुपए बकाया था।सोमवार को उससे बकाया राशि देने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गया।उसी कहासुनी के बीच दीपक कुमार मिस्त्री के पक्ष के दो युवकों के द्वारा गोली चलाया गया। जो दीवाल पर जा लगी। हलांकि किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है।घटना की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा सोनवर्षा राज थाना पुलिस को दिया गया।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई।जबकि घटनास्थल पर से पुलिस ने दो खोखा बरामद किया गया। घटना के बाबत सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी ने बताया कि पैसा के लेनदेन को लेकर हुई विवाद में गोली चली है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वैदेही रामायण कला महोत्सव आयोजित

## राम कथा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सेतु है: प्रो ओम प्रकाश भारती

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से मत्स्यगंधा कलाग्राम सहरसा स्थित बटोही सहरसा द्वारा 7-9 मार्च के बीच तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वैदेही रामायण कला महोत्सव एवं संगोष्ठी का आयोजन सत्तरकटैया प्रखंड के मनखाही गाँव में किया गया। महोत्सव का उद्घाटन नदी मित्र तथा फीजी में भारत सरकार के सांस्कृतिक राजनयिक डॉ.ओम प्रकाश भारती ने किया। उद्घाटन समारोह पर रामजी मंडल, भूतपूर्व मुखिया वीरेंद्र यादव, बटोही के सचिव डॉ.महेंद्र कुमार,समाज सेवी महेश्वर मुखिया,पन्नालाल यादव आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन बटोही के सचिव डॉ.महेंद्र कुमार तथा कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार और अविनाश आर्या ने किया। महोत्सव के प्रथम दिन मोरंग से आए कलाकार ने रामायण आधारित बालन नाटक और स्थानीय कलाकार नारदी भाजन, ओडिसी तथा भरतनाट्यम के माध्यम से रामायण कथा पर आधारित नृत्य नाटक की प्रस्तुति की। महोत्सव के दूसरे दिन बोलपुर शांतिनिकेतन पश्चिम बंगाल के कलाकारों ने अभिषेक दत्त के नेतृत्व में




उद्घाटन करते अतिथि।



नृत्य प्रस्तुत करती कालाकार।

राम कथा पर आधारित नृत्य नाटिका, रावण वध की प्रस्तुति की। पश्चिम बंगाल सिलीगुड़ी से आए कलाकारों ने रनपा, काठीनाच संथाल नृत्य आदि का प्रदर्शन किया। स्थानीय कलाकारों में मधेपुरा भतरंधा के कलाकारों ने लखन शर्मा के नेतृत्व में नटुवा नाच के शैली में राम कथा की प्रस्तुति की।महोत्सव के अंतिम दिन मिथिला में रामकथा के परंपरा विषय पर संगोष्ठी आयोजित किए,संगोष्ठी अध्यक्ष प्रो.ओम प्रकाश भारती ने किया।संगोष्ठी में शोधार्थी दीपक कुमार, सुश्रुत यादव, सोमसी यादव, राहुल यादव,विष्णु कुमार ने आदि राम कथा के विभिन्न आयाम पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। संगोष्ठी के अध्यक्ष प्रो ओम प्रकाश भारती ने कहा राम कथा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सेतु है। इसके माध्यम से मिथिला की का प्रसार वैश्विक स्तर पर हुआ है।

# सोनवर्षा राज थानाक्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना से आमजन परेशान

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार चोरों का आतंक बढने से आमजनों की परेशानियां बढ गई है। रविवार की रात बरैठ पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय तमकुलहा में लाखों रुपए के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चुरा लिया। लेकिन मात्र 3 दिनों के अंदर अज्ञात चोरों द्वारा दुसरी बार चोरी कर 65 इंच का एलसीडी, युपीएस एवं दो पंखो की चोरी कर लिया है। घटना के बाद विद्यालय के प्रभारी एचएम रूपेश कुमार ने सोवर्षा थाना को लिखित आवेदन देकर चोरी हुए समानों के बरामदगी व चोरों पर कानुनी कारवाई का गुहार लगाया है। एचएम श्री कुमार ने बताया की रविवार अज्ञात चोरों ने कक्षा नवम के दरवाजे के कुंडी को काटकर क्लास रुम में रखा एलजी कंपनी का 65 इंच का एलसीडी, युपीएस एवं दो पंखों की चोरी कर ली गई है। इससे पुर्व 5 मार्च को अज्ञात चोरों ने स्मार्ट क्लास के दरवाजे का ताला तोड़ एक युपीएस की चोरी कर लिया था। उस घटना के बाद भी एचएम ने सोनवर्षा थाना पुलिस को आवेदन देकर चोरी किए गए समानों के बरामदगी एवं चोरों पर कानुनी कारवाई का आग्रह किया था। लेकिन चोर का पता तो नहीं ही चल सका उल्टा दूसरा एलसीडी एवं युपीएस की चोरी कर ली गई। घटना के बाद पुलिस द्वारा स्कूल पहुंच कर मामले की छानबीन की गई है। इसी तरह विराटपूर पंचायत के जलसीमा में अज्ञात चोरों द्वारा धनंजय कुमार के दरवाजे पर लगी हीरों स्पैलेंडर नं बीआर 19यू 8173 बाईक 6 मार्च को अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया था। पिडित द्वारा थाने में लिखित आवेदन दिए जाने के बावजूद आजतक बाईक का पता नहीं चल पाया है। इस संबंध में सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी ने बताया कि 3 मार्च को स्कूल में एलसीडी की चोरी नहीं हुई थी एलसीडी की चोरी 8 मार्च को हुई है। जबकि बाईक चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है।



उत्क्रमित उच्च विद्यालय तमकुलहा।

# कबाड़ी की दुकान में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

## 15 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच दमकल कर्मी

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 42 स्थित सुलिंदाबाद में रविवार रात एक कबाड़ी की दुकान में आग लग गई। इस घटना में हजारों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। हालांकि, अग्निशमन विभाग की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सुलिंदाबाद निवासी राजकुमार की कबाड़ की दुकान में देर रात अचानक आग लगी। दुकान में प्लास्टिक की पानी की बोतलें और अन्य कबाड़ का सामान बड़ी मात्रा में रखा था। आग लगते ही धुआं और लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर रवाना हो गई। अग्निशमन सहायक पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि दमकल की गाड़ी सूचना मिलने के लगभग 15 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गई थी। इसके बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत की। करीब एक घंटे के लगातार प्रयास के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। आग बुझने के बाद आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। दुकान में रखी प्लास्टिक की पानी की बोतलें और अन्य कबाड़ का सामान आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गया। अग्निशमन विभाग के अनुसार, इस घटना में लगभग 15 हजार रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। समय रहते आग पर काबू पाने के कारण यह आसपास की दुकानों और घरों तक नहीं फैल सकी, जिससे बड़ी क्षति टल गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# महिलाओं का सशक्तिकरण किए बिना समाज का विकास संभव नहीं: सुगामनी देवी




आयोजित महिला दिवस समारोह।

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डी बी रोड मछली बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तीकरण के लिए महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने नारी शक्ति एवं मातृशक्ति को संबोधित कर समाज निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का स्मरण करते हुए शुभकामनाएं दीं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने कहा कि महिला सशक्तीकरण को लेकर की जा रही पहल का सम्मान किया जाना चाहिए। महिलाओं का सशक्तिकरण किए बिना समाज का विकास नहीं किया जा सकता। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सुगामनी देवी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिला मंत्री गौरव सिंह ने कहा कि मातृशक्ति के सम्मान और समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है ।भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष सुगामनी देवी ने कहा कि नारी शक्ति के बिना समाज और राष्ट्र की प्रगति अधूरी है। आज महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। शिक्षा, विज्ञान, खेल, उद्यमिता हर जगह उनकी सफलता नए भारत की शक्ति को दशार्ती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत नारी सशक्तिकरण की दिशा में नए आयाम छू रहा है। बेटियों की शिक्षा, महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी जा रही है।जिससे मातृशक्ति सशक्त और समर्थ बन रही है। भाजपा महिला मोर्चा के महामंत्री वर्षा सिंह ने कहा कि नारी केवल परिवार की शक्ति ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति की सशक्त आधारशिला भी है।महिला दिवस कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री सजनी देवी ने किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला महामंत्री बर्षा रानी, जिला मंत्री सजनी देवी ,एवं सैकड़ो महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संतों के संग से गुरुभक्ति का ज्ञान मिलता है उसके सहारे मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है हरिमोहन बाबा

## मनौरी 114वें संतमत महाअधिवेशन का भव्य समापन

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत मनोरी चैक स्थित अखिल राष्ट्रीय संतमत के 114वें वार्षिक महाअधिवेशन का तीन दिवसीय भक्ति उत्सव सोमवार को समापन हुआ। इस दौरान इस कार्यक्रम में सैकड़ों संत-महात्माओं की उपस्थिति में भक्तिमय माहौल बना, जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने राम-हनुमान भक्ति का अमृत पान किया। आचार्य महर्षि योगानंद जी महाराज की अगुवाई में आयोजित इस अधिवेशन में जम्मू-कश्मीर, भागलपुर, दुमका, लुधियाना, सुपौल, मुंगेर, हरिद्वार, बांका, नेपाल समेत कई स्थानों से प्रमुख संत शामिल हुए। मंचासीन संतों ने सतगुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर भक्ति का संदेश दिया। भगवान राम, हनुमान और माता सबरी की कथाओं के माध्यम से भक्ति के महत्व को रेखांकित किया गया। स्वामी हरिमोहन बाबा ने गुरुभक्ति पर जोर देते हुए कहा, ह्लसंतों के संग से गुरु भक्ति का ज्ञान मिलता है, जो मन को निर्मल कर मोक्ष मार्ग पर ले जाता है। विदाई गान, आरती और विनती के बीच समापन हुआ। वही दुसरी ओर आचार्य महर्षि योगानंद जी महाराज की अगुवाई में आयोजित इस अधिवेशन में जम्मू-कश्मीर, भागलपुर, दुमका, लुधियाना, सुपौल, मुंगेर, हरिद्वार, बांका, नेपाल समेत कई स्थानों से प्रमुख संत शामिल हुए। मंचासीन संतों ने सतगुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर भक्ति का संदेश दिया। भगवान राम, हनुमान और माता सबरी की कथाओं के माध्यम से भक्ति के महत्व को रेखांकित किया गया। स्वामी हरिमोहन बाबा ने गुरुभक्ति पर जोर देते हुए कहा, संतों के संग से गुरु भक्ति का ज्ञान मिलता है, जो मन को निर्मल कर मोक्ष मार्ग पर ले जाता है। विदाई गान, आरती और विनती के बीच समापन हुआ। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।



मंचासीन साधु-महत्मा व उमड़े श्रद्धालु।

# वी सैट स्कॉलरशिप सह एडमिशन टेस्ट का परिणाम घोषित, मेधावी छात्रों को मिला साइकिल व नकद पुरस्कार

**सहरसा षहर (एनएसबी)।** शहर के प्रतिष्ठित व ख्यातिप्राप्त शिक्षण संस्थान विद्याआश्रम क्लासेज, द्वारा आयोजित वी सैट का पुरस्कार वितरण समारोह एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच संपन्न हुआ। इस परीक्षा में लगभग 700 छात्रों ने भाग लिया, जिन्हें संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया। इस परीक्षा का उद्देश्य शहर के मेधावी छात्रों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी खालिद हयात, प्रगति क्लासेज के संस्थापक नंदन कुमार, महिला थाना प्रभारी ज्योति कुमारी, शिक्षाविद विष्णु स्वरूप तथा डॉ. अभिनय प्रकाश सहित अन्य महिला पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजकीय शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षक आनंद झा और डॉली जायसवाल ने किया। स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा 5 से 9 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 10 छात्रों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को साइकिल, द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों को 3000 रुपये का नकद पुरस्कार तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को विद्या आश्रम का स्टडी मटेरियल प्रदान किया गया। वहीं चैथे और पांचवें स्थान पर आने वाले छात्रों को दीवार घड़ी तथा छठे से दसवें स्थान तक के छात्रों को संस्थान का बैग देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा में कक्षा 5 से अमन राज, कक्षा 6 से शौर्य सम्राट, कक्षा 7 से लक्ष्मी भारती, कक्षा 8 से अनुभव कुमार और कक्षा 9 से अंकित कुमार ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत, नाटक और भाषण की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छात्राओं ने महिला-पुरुष भेदभाव और समाज में महिलाओं के शोषण पर आधारित एक मार्मिक नाटक प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के संस्थापक प्रभास कुमार ने अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए की। इस अवसर पर संस्थान की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।इस मौके पर संस्थान के निदेशक इंद्र देव कुमार ने कहा कि विद्याश्रम क्लासेज में विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि एक्सपेरिमेंट बेस्ड शिक्षा प्रणाली के माध्यम से पढ़ाया जाता है, जिससे उनकी समझ और रचनात्मक क्षमता का विकास होता है।कार्यक्रम में संस्थान के अकादमिक निदेशक चंदन कुमार, मैथ शिक्षक कैलाश कुमार सहित सभी शिक्षकगण, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहित करते अतिथि।

# समृद्धि यात्रा को लेकर निर्मली में एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक, मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने लिया फीडबैक

**सुपौल (एनएसबी)** । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रस्तावित समृद्धि यात्रा कार्यक्रम को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को बिहार सरकार के उर्जा, मद्य निषेध एवं योजना विभाग के मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव निर्मली पहुंचे। उन्होंने कोसी निरीक्षण भवन में एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की स्थिति तथा जनता की समस्याओं को लेकर फीडबैक लिया।

बैठक के दौरान मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को समृद्धि यात्रा के तहत सुपौल जिले के निर्मली अनुमंडल कार्यालय पहुंचेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य राज्य में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और नई योजनाओं की शुरुआत करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करें, ताकि समृद्धि यात्रा को सफल बनाया जा सके।

मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य सरकार विकास को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में चल रही योजनाओं की जानकारी ली और लोगों की समस्याओं को



बैठक में शामिल मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव व अन्य।

गंभीरता से सुना। स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने मंत्री के समक्ष सड़क, बिजली, सिंचाई सहित अन्य विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़ी मांगें रखीं।

इस पर मंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि क्षेत्र की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा और विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिया कि जनता से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

बैठक में निर्मली के विधायक अनिरुद्ध प्रसाद यादव, पिपरा विधायक रामविलास कामत, त्रिवेणीगंज विधायक सोनम रानी सहित एनडीए के कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए मिलकर काम करने की बात कही। इस अवसर पर जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष अमर कुमार चौधरी, नगर पंचायत निर्मली के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि जगन्नाथ कामत, रंजीत नायक, अरविंद कुमार शाह उर्फ गुड्डू, निशांत बोथेल, गोपाल कुमार, अमरदेव कामत, नथुनी मंडल, देबू शाह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे। बैठक में समृद्धि यात्रा की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

# सुपौल के निर्मली में समृद्धि यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

## डीएम-एसपी ने अधिकारियों संग की अहम बैठक, दिए गए निर्देश

**सुपौल (एनएसबी)।** जिले के निर्मली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित समृद्धि यात्रा को लेकर जिले में प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी कड़ी में सोमवार की शाम सुपौल जिले के निर्मली में जिलाधिकारी सावन कुमार और पुलिस अधीक्षक शरथ आरएस की संयुक्त अध्यक्षता में अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से संबंधित रूट चार्ट, आगमन-प्रस्थान की व्यवस्था, सभा स्थल की तैयारी, यातायात नियंत्रण, वीआईपी मूवमेंट और प्रशासनिक समन्वय से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी विभागों के अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और सजगता के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

डीएम ने कहा कि कार्यक्रम से संबंधित किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, बैठक स्थल, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, चिकित्सा सुविधा और साफ-सफाई सहित सभी व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने और हर बिंदु पर सतर्क रहने का निर्देश दिया।

वहीं, बैठक में पुलिस अधीक्षक शरथ आर्.एस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहनी चाहिए। कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड और रूट लाइन में तैनात पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को पूरी तरह सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है।

एसपी ने कहा कि भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट और वीआईपी सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। सभी पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों को गंभीरता से निभाएं और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

बैठक के दौरान कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक और सुरक्षा पहलुओं की बारीकी से समीक्षा की गई। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि कार्यक्रम से पहले सभी तैयारियों का स्थल पर जाकर निरीक्षण करें और किसी प्रकार की कमी होने पर उसे तत्काल दूर किया जाए।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता मो. तारिक, सचिदानंद कुमार, निर्मली एसडीएम धीरज कुमार सिन्हा, वीरपुर एसडीएम नीरज कुमार, त्रिवेणीगंज एसडीपीओ बिभाश कुमार, निर्मली एसडीपीओ राजू रंजन कुमार, वीरपुर एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार सहित विभिन्न अनुमंडल और प्रखंडों के अधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के अंत में डीएम और एसपी ने सभी अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी लोग पूरी तत्परता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि समृद्धि यात्रा का कार्यक्रम सुचारू और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम-एसपी।



प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में ।

## खबरें : एक नजर में

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 184 गर्भवती महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य जांच



जांच पड़ताल करते चिकित्सक।

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को राघोपुर रेफरल अस्पताल परिसर सहित तीन स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 184 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में महिलाओं के हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, मधुमेह, वजन, यूरिन एल्ब्यूमिन और ब्लड ग्रुप सहित कई महत्वपूर्ण परीक्षण किए गए।

वहीं डाक्टर दीपक गुप्ता और ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में होने वाली संभावित जटिलताओं की समय रहते पहचान करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। जांच के दौरान अत्यधिक या कम वजन, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और खून की कमी जैसी समस्याओं की पहचान कर संबंधित महिलाओं को उचित परामर्श और इलाज उपलब्ध कराया गया। जिन महिलाओं में खून की कमी पाई गई, उन्हें आयरन की गोलियां दी गईं और पौष्टिक आहार लेने की सलाह भी दी गई। अभियान के तहत राघोपुर रेफरल अस्पताल में सबसे अधिक 114 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। वहीं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गनपतगंज में 44 तथा करजाइन अस्पताल में 26 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस तरह तीनों केंद्रों पर कुल 184 महिलाओं की जांच पूरी की गई। हालांकि कई स्थानों पर महिलाओं की अधिक भीड़ होने के कारण जांच की प्रक्रिया देर तक जारी रही।

बीएचएम नोमान अहमद ने बताया कि जांच के दौरान पांच उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान की गई है। ऐसी महिलाओं की विशेष निगरानी और उपचार के लिए प्रत्येक माह की 21 तारीख को विशेष जांच और परामर्श की व्यवस्था की जाती है, ताकि मां और बच्चे दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रखा जा सके।

स्वास्थ्य शिविर में गर्भवती महिलाओं को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। साथ ही नाश्ता और पीने के पानी की व्यवस्था भी की गई थी। इस अभियान को सफल बनाने में आशा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने में सहयोग किया।

इस अवसर पर डा दिपक गुप्ता, ड़ा ललिता कुमारी, बीसीएम मो. शदाब, लैब टेक्नीशियन संजीव कुमार साह, अरविंद कुमार, कन्हैया राय, एएनएम और कई आशा कार्यकर्ता सहित दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। फिलहाल कुछ स्थानों पर शिविर में जांच की प्रक्रिया जारी रही ।

### मध्य विद्यालय थरबिट्टा के छात्र- छात्रा परिभ्रमण के लिए रवाना, मिथिला हाट का किया भ्रमण

**सुपौल (एनएसबी)** । मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र स्थित मध्य विद्यालय थरबिट्टा के छात्र-छात्राओ को परिभ्रमण के लिए मिथिला हाट ले जाया गया । परिभ्रमण बस को प्रधानाध्यापिका पिंकी झा सहित वार्ड सदस्य सत्यनरायण यादव, राजकुमार यादव, श्री राम कामत आदि ने झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाध्यापिका ने



परिभ्रमण को जाते स्कूली बच्चें।

कहा कि आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और पौराणिक स्थलों का भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे बच्चों को सांस्तिक विरासत और इतिहास की गहन जानकारी मिलती है। शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्रों का मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। वे पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त करते हैं और इतिहास के विभिन्न आयामों से परिचित होते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष छात्र-छात्राओं को विभिन्न ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के लिए भ्रमण पर भेजा जाता है, ताकि वे अपने आसपास की समृद्ध सांस्तिक धरोहर को निकट से जान सकें। उन्होंने बताया कि परिभ्रमण दल मिथिला हाट का परिभ्रमण करेंगे। परिभ्रमण के दौरान छात्रों के साथ शिक्षक जयप्रकाश ठाकुर, सुनील कुमार, राजकुमारी, मोहम्मद मारुफ आदि मौजूद थे ।

# समृद्धि यात्रा से पहले निर्मली में प्रशासन की मॉकड्रिल, डीएम-एसपी ने किया रूट का निरीक्षण

**सुपौल (एनएसबी)** । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रस्तावित समृद्धि यात्रा कार्यक्रम को लेकर सुपौल जिले के निर्मली में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। मंगलवार को मुख्यमंत्री के आगमन से एक दिन पहले सोमवार को प्रशासनिक टीम ने निर्धारित रूट पर मकड्रिल कर सुरक्षा और व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सुपौल के जिलाधिकारी सावन कुमार और पुलिस अधीक्षक शरथ आर्.एस्. सहित जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पटना से आई प्रशासनिक टीम भी मॉकड्रिल में शामिल हुई और कार्यक्रम की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया।

मॉकड्रिल के दौरान अधिकारियों का कारकेड मुख्यमंत्री के संभावित आगमन के रूट पर निकला। सबसे पहले टीम ने हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया, जहां मुख्यमंत्री के हेलीकप्टर के उतरने की व्यवस्था की गई है। यहां सुरक्षा, बैरिकेडिंग, वाहन पार्किंग, वीआईपी मूवमेंट और आपातकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने हेलीकप्टर उतरने के बाद मुख्यमंत्री के काफिले की आवाजाही से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को परखा।

इसके बाद प्रशासनिक टीम हेलीपैड से अनुमंडलीय अस्पताल निर्मली के रास्ते रिंग बांध की ओर रवाना हुई।



कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते अधिकारी।

रास्ते में यातायात नियंत्रण, सुरक्षा तैनाती और आम लोगों की आवाजाही को लेकर किए गए इंतजामों का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने यह भी देखा कि किसी भी स्थिति में मुख्यमंत्री के काफिले की आवाजाही में बाधा न आए, इसके लिए पुलिस बल की तैनाती किस प्रकार की गई है।

कारकेड रिंग बांध स्थित अम्बेडकर चौक होते हुए सिपाही चौक पहुंचा। प्रशासन के अनुसार मुख्यमंत्री मंगलवार को यहां करीब पांच मिनट रुकेंगे और रिंग बांध का निरीक्षण करेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए इस स्थान पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने सिपाही चौक पर सुरक्षा घेरा, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण और वीआईपी सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं का गहन निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि मुख्यमंत्री के काफिले के साथ चलने वाले वाहनों की गति, दूरी और रूट प्रबंधन किस प्रकार होगा । मकड्रिल में जैमर वैन सहित दर्जनों वाहन शामिल थे, ताकि वास्तविक कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी या सुरक्षा संबंधी समस्या सामने न आए।

सुरक्षा एजेंसियों ने संभावित खतरों को ध्यान में रखते हुए पूरे रूट का बारिकी से परीक्षण किया। सिपाही चौक से निरीक्षण के बाद अधिकारियों की टीम पुनः अनुमंडल कार्यालय निर्मली होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। यहां सभा स्थल, स्टल, वीआईपी गैलरी, आम लोगों के बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा घेरा सहित कई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को समय पर सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।

प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को सफल और सुरक्षित बनाने के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मकड्रिल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि कार्यक्रम के दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और मुख्यमंत्री का पूरा कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# छोटे बच्चों के रोजा रखने पर परिवारजनों में खुशी का माहौल, आसपास बना चर्चा का विषय

**किशनपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । कोसी कॉलोनी थरबिटिया में रमजान का पाक महीना श्रद्धा, अनुशासन और इबादत की रौनक से भरा हुआ है।

इस पवित्र माह में इलाके के कई बच्चे पहली बार रोजा रख रहे हैं । वहीं रिजवान अहमद की पुत्री मोबशीरा फातिमा, 8 एवं गुफरान अहमद के पुत्र अरमान अहमद 7 वर्ष की उम्र के ये नन्हे रोजेदार पूरे दिन बिना कुछ खाए-पिए संयम, हिम्मत और अनुशासन का परिचय दे रहे हैं।

पहली बार वजिहा प्रवीण, अफिया प्रवीण, अफान अहमद, महजबी 6 वर्ष में रोजा रखे हैं। पहली बार इबादत का यह अनुभव उनके भीतर आत्मिक सुख और अल्लाह से जुड़ाव की गहरी भावना पैदा कर रहा है। परिजन बच्चों के इस जज्बे को खूब सराह रहे हैं। अभिभावक बताते हैं कि सहरी से लेकर इफ्तार तक बच्चे पूरे जोश के साथ रोजा निभा रहे हैं। दिनभर कुरान की तिलावत, नमाज और दुआओं में उनकी दिलचस्पी बढ़ी हुई दिखाई देती है। बच्चे खुद को रमजान की रूहानियत से जुड़ा हुआ महसूस कर रहे हैं, वहीं घरों में भी छोटे रोजेदारों के कारण खास रौनक देखने को मिल रही है।

इफ्तार के समय इन नन्हे रोजेदारों की खुशी देखने लायक होती है। खजूर, फल, पकौड़ी और शरबत के साथ रोजा खोलते समय उनके चेहरे पर दिखाई देने वाली चमक परिवार के हर सदस्य को उत्साहित कर देती है। परिवारजन इफ्तार को एक छोटे उत्सव की तरह मनाते हैं और बच्चों की हिम्मत बढ़ाने के लिए उन्हें दुआएं देते हैं। कोसी कलोनी थरबिटिया में रमजान का यह माह नन्हे रोजेदारों के लिए आत्मिक विकास, अनुशासन और नेकियों की सीख का अवसर बन गया है। उनकी पहली रोजेदारी समाज में भी सकारात्मक संदेश दे रही है।



बच्चों ने रखी रोजा।

# राघोपुर में छह दिन बाद पहुंचा गैस सिलेंडर, उमड़ी भीड़, पुलिस की निगरानी में हो रहा है वितरण

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । प्रखंड में पिछले एक सप्ताह से चल रहे घरेलू गैस संकट के बीच सोमवार को कुछ राहत की खबर आई। गणपति एचपी गैस सेवा केंद्र पर छह दिनों बाद गैस सिलेंडरों से भरा एक ट्रक पहुंचा, जिसमें कुल 504 सिलेंडर लाए गए। जैसे ही गैस आने की सूचना लोगों तक पहुंची, बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस गोदाम पर पहुंचने लगे और देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जमा हो गई।

बताया जा रहा है कि राघोपुर प्रखंड में करीब 32 हजार गैस उपभोक्ता हैं। पिछले छह दिनों से गैस की आपूर्ति लगभग ठप रहने के कारण हजारों परिवार परेशान थे । कई घरों में गैस खत्म हो जाने से लोगों को खाना बनाने के लिए लकड़ी के चूल्हे, कोयला या अन्य वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा ।

सोमवार सुबह गैस ट्रक आने की खबर फैलते ही उपभोक्ता सुबह 7 बजे से ही गैस एजेंसी के बाहर पहुंचने लगे। देखते ही देखते लंबी कतार लग गई और लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए राघोपुर पुलिस को मौके पर बुलाया गया। पुलिस की निगरानी में उपभोक्ताओं को लाइन में लगाकर व्यवस्थित तरीके से गैस सिलेंडरों का वितरण कराया जा रहा है, ताकि किसी प्रकार की अफरा-तफरी या विवाद की स्थिति न बने।



गैस सिलेंडर के इंतजार में उपभोक्ता।

गणपति एचपी गैस सेवा के मैनेजर दिलीप सेन ने बताया कि गैस प्लांट से पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर की आपूर्ति नहीं होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि छह दिनों बाद प्लांट से गैस की गाड़ी आई है, जिसमें 504 सिलेंडर पहुंचे हैं।

वहीं एजेंसी प्रबंधन ने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। उनका कहना है कि उपभोक्ताओं की संख्या बहुत अधिक है, इसलिए सभी को तुरंत सिलेंडर मिल पाना संभव नहीं है। जैसे-जैसे प्लांट से आपूर्ति बढ़ेगी, स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### स्थानीय लोगों ने नदी में डूब रहे तीन युवकों को बचाया

**चौथम।** भरपुरा गांव में उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब बागमती नदी में तीन युवक डूबने लगे, लेकिन दूसरे किनारे पर बैठे कुछ लोग एवं स्थानीय नाविकों ने डूब रहे तीनों युवक को सकुशल बचा लिया गया। तीनों युवक की पहचान भरपुरा गांव के सतीश यादव के पुत्र पांडव कुमार, नंदलाल के पुत्र श्री राम कुमार जबकि बोरा लालपुर ठाकुर पट्टी के मनोज ठाकुर के प्रीतम कुमार के रूप में की गई। तीनों युवक 18 से 20 वर्ष आयु के बताए गए। इनमें एक युवक की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे सीएससी ले जाकर इलाज कराया गया। तीनों युवक सकुशल बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार तीनों युवक एक बाइक को नदी के किनारे धो रहे थे। बाइक धोने के बाद तीनों नदी में कूद कर स्नान करने लगे। इसी बीच उनमें से एक युवक डूबने लगा, जिसे बचाने के चक्कर में दो और युवक डूबने लगे। मौके पर बच्चों के शोर किए जाने पर दूसरे किनारे पर नाव का इंतजार कर रहे ग्रामीण एवं नाविकों ने नदी में छलांग लगायी और तीनों युवक को डूबने से बचा लिया गया।

### मध्य विद्यालय बिशौनी में ताला तोड़कर उपद्रव

**परबत्ता।** प्रखंड के लगार पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय बिशौनी में अज्ञात उपद्रवियों ने ताला तोड़कर उत्पात मचाया। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह जब शिक्षक एवं विद्यार्थी विद्यालय पहुंचे तो पहली मंजिल के तीन-चार कमरों का ताला टूटा पाया। कमरे के अंदर पंखा तथा फर्नीचर भी क्षतिग्रस्त मिले। प्रधानाध्यापक राजनारायण यादव ने बताया कि रविवार को विद्यालय के लगभग 40 छात्र-छात्राओं का जत्था परिभ्रमण के लिए गया हुआ था। सभी देर रात वापस लौटे थे। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि जो छात्र इस परिभ्रमण में शामिल नहीं हो सके, वे आक्रोश में आकर कुछ उपद्रवियों के साथ मिलकर इस तरह की घटना को अंजाम दे सकते हैं। हालांकि पूरे मामले की जांच विद्यालय स्तर पर की जा रही है। वहीं ग्रामीण प्रेमप्रकाश मिश्र ,अजय चन्द्र मिश्र, बिट्टू मिश्र सहित अन्य ने जिला प्रशासन से विद्यालय परिसर की जल्द से जल्द घेराबंदी कराने और मुख्य द्वार पर अच्छी तरह से गेट लगवाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में विद्यालय परिसर नशेड़ियों का अड्डा बन सकता है।

### अग्निपीड़ितों के बीच राहत सामग्री का किया वितरण

**बेलदौर।** पीरनगरा पंचायत के वार्ड नंबर 15 में अग्निपीड़ितों के बीच इंडियन इनक्लूसिव पार्टी के तनीषा भारती ने राहत सामग्री का वितरण किया। उल्लेखनीय है कि दो सप्ताह पूर्व आग लगने की घटना में लगभग आधा दर्जन परिवार का घर जल कर राख हो गया था। घटना के बाद इंडियन इनक्लूसिव पार्टी के तनीषा भारती, अखिल भारतीय पान महासंघ के जिलाध्यक्ष रामचंद्र ताती, जिला उपाध्यक्ष अरुण तांती, पिरनगरा सरपंच गजेंद्र राम और सुदर्शन गुप्ता ने घटनास्थल पर पहुंचकर आलू, 5-5 किलो दाल, प्याज, चीनी, एक-एक बोरा मुढ़ी, एक लीटर सरसों का तेल वितरित किया। बताते चले कि भोला दास वासा एवं दिघौन गांव में आगजनी हुई थी, उक्त स्थल पर भी पहुंच कर खाने-पीने की सामाग्री दिया। वहीं अग्निपीड़ित परिवार ने कहा कि बेलदौर प्रखंड क्षेत्र में दमकल नहीं है। इसके कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है। तनीषा भारती ने जिला प्रशासन से जल्द दमकल उपलब्ध कराने की मांग की।

### गुरु गोष्ठी के दौरान प्रधानाध्यापकों को मिला टास्क

**चौथम।** मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र के सभा हॉल में गुरु गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। गोष्ठी में प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज श्रीवास्तव, कल्याण पदाधिकारी नितेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी महेश कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालय व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं एवं समाधान, विद्यालय संचालन, विधि व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के दौरान, विद्यालय विकास मद की राशि आय-व्यय, विद्यालय में रूटीन की उपलब्धता, नियमित समय पर शिक्षकों की उपस्थिति, पाठ्य पुस्तक की उपलब्धता पर चर्चा एवं बच्चों के बीच साफ सफाई, एमडीएम, आईसीटी लैब, परीक्षा, संकुल अध्यापकों की बैठक में भाग लेने एवं बैठक पंजी समर्पित करने जैसे तमाम बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कई निर्देश दिए गए। बैठक में विद्यालय की साफ सुथरी व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, पठन-पाठन, साफ सुथरा शौचालय आदि तमाम बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए विधिवत संचालन का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रधानाध्यापक बालकृष्ण कुमार, मधु कुमार, संजय कुमार, सुशील कुमार, रंजीत कुमार, मुकेश चंद्रा आदि मौके पर उपस्थित थे।

### हिरोज क्लब मानसी के पूर्व फुटबॉलर सुबोध सिंह के निधन से खेल जगत में शोक की लहर

**खगड़िया।** जिले के मानसी थाना क्षेत्र निवासी खेल प्रेमी हिरोज क्लब मानसी के पूर्व फुटबॉलर एवं अधिवक्ता सुबोध सिंह के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके असामयिक निधन की खबर मिलते ही खेल जगत, सामाजिक क्षेत्र तथा आम लोगों के बीच गहरा दुःख व्याप्त हो गया। वहीं जिला फुटबाल एसोसिएशन खगड़िया के अध्यक्ष अभय कुमार गुड्डू एवं क्षेत्र के खेलप्रेमियों और उनके शुभचिंतकों ने इसे खेल जगत की अपूरणीय क्षति बताया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व उन्हें अचानक हृदयाघात हुआ था, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए पटना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा था। परिवार सहित उनके चाहने वाले उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे थे। लेकिन रविवार की देर रात्रि इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही मानसी सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल छा गया। जिला फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय कुमार गुड्डू ने कहा कि सुबोध सिंह अपने समय के प्रतिभाशाली फुटबॉलर के रुप में जाने जाते थे। उन्होंने हिरोज क्लब मानसी के लिए लंबे समय तक फुटबॉल खेलते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। खेल के प्रति उनका समर्पण, अनुशासन और टीम भावना उन्हें अन्य खिलाड़ियों से अलग पहचान दिलाती थी। मैदान पर उनका प्रदर्शन हमेशा सराहनीय रहा और वे युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहे। उन्होंने कहा कि फुटबॉल के प्रति उनके प्रेम और लगन के कारण वे स्थानीय खेल गतिविधियों से हमेशा जुड़े रहे। उन्होंने कई अवसरों पर युवा खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया और उन्हें खेल के माध्यम से अनुशासन तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। खेल के क्षेत्र में उनका योगदान आज भी लोगों को याद है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक बना रहेगा। सचिव शंकर कुमार सिंह ने बताया कि खेल के साथ-साथ सुबोध सिंह ने अधिवक्ता के रुप में भी समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित की थी। वे अपने पेशे के प्रति समर्पित होने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से भी जुड़े रहते थे। जरुरतमंद लोगों की मदद करना और समाज के हित से जुड़े विषयों में सक्रिय रहना उनके व्यक्तित्व की विशेषता थी। मिलनसार स्वभाव और सकारात्मक सोच के कारण वे समाज के हर वर्ग के लोगों के बीच सम्मानित थे।

# सीएम देंगे 328 करोड़ की 301 योजनाओं की सौगात

## 13 मार्च को समृद्धि यात्रा के दौरान नीतीश इन योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

**खगड़िया (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 13 मार्च को प्रस्तावित समृद्धि यात्रा के तहत खगड़िया दौरे को लेकर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने तैयारियों को तेज कर दिया है। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 328 करोड़ रुपये की 301 विकास योजनाओं का शिलान्यास किए जाने की संभावना है। इसी को लेकर खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने सोमवार को जिलाधिकारी नवीन कुमार और सदर अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार के साथ शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान सदर विधायक और अधिकारियों की टीम ने सबसे पहले नगर सुरक्षा तटबंध निर्माण का अवलोकन किया। यह तटबंध बलुवाही से सूर्य मंदिर होते हुए बखरी बस स्टैंड तक बनाया जा रहा है। यह परियोजना शहर को जलजमाव की समस्या से स्थायी राहत देने के उद्देश्य से तैयार की जा रही है। साथ ही यह तटबंध शहर को भारी वाहनों के दबाव से भी राहत दिलाने में सहायक होगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस तटबंध में जल निकासी की बेहतर व्यवस्था के लिए तीन स्लुइश गेट भी बनाए जा रहे हैं। इससे बरसात के दौरान शहर में पानी जमा होने की समस्या काफी हद तक कम हो सकेगी। सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने मौके पर निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर सुरक्षा तटबंध शहर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है और इसके पूरा होने से खगड़िया शहर को जलजमाव के साथ-साथ जाम की समस्या से भी बड़ी राहत मिलेगी। निरीक्षण के क्रम में विधायक ने गंडक नदी पर बन रहे पुल का भी जायजा लिया और अधिकारियों से इसकी प्रगति की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने शहर के स्टेशन रोड का भी निरीक्षण किया। स्टेशन रोड लंबे समय से जर्जर स्थिति में था और इसके पुनर्निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही थी।

निरीक्षण के बाद सदर विधायक ने जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक भी की। बैठक में मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री का खगड़िया दौरा जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उनके आगमन से चल रही परियोजनाओं को और गति मिलेगी।

# बम की झूठी सूचना पर खाली कराया गया न्यायालय परिसर

**खगड़िया (एनएसबी)।** खगड़िया व्यवहार न्यायालय परिसर में बम की सूचना के बाद सोमवार को पुलिस ने न्यायालय परिसर को खाली कराकर सधन जांच अभियान चलाया। हालांकि जांच के दौरान किसी प्रकार आपत्तिजनक समान नही मिला, जिसके बाद पुनः अधिवक्ताओं एवं आम लोगों को न्यायालय परिसर में प्रवेश की अनुमति दे दी गयी।

बताया जाता है कि किसी ने पुलिस को न्यायालय परिसर में बम होने की सूचना दी। इसके बाद वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश पर सदर एसडीपीओ मुकुल कुमार रंजन के नेतृत्व में पुलिस ने न्यायालय परिसर को खाली कराया। इस दौरान पुलिस ने न्यायालय परिसर



की सधन जांच की। बम निरोध दस्ता को भी बुलाया गया। जिला विधिज्ञ संघ के महासचिव नागेश्वर गुप्ता ने कहा कि हमलोगों को सूचना दी गयी कि न्यायालय परिसर में किसी प्रकार की अप्रिय सूचना हो सकती है, जिसके आलोक में

**बम निरोधक दस्ते को बुलाकर की गयी जांच, कुछ भी नहीं मिला आपत्तिजनक**

न्यायालय परिसर को खाली करने को कहा गया। अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने कहा कि बम की अफवाह पर सतर्कता को लेकर न्यायालय परिसर को खाली कराया गया।

इधर, एसडीपीओ मुकुल कुमार रंजन ने कहा कि पुलिस को जानकारी मिलने के बाद खगड़िया व्यवहार न्यायालय परिसर में सधन जांच अभियान चलाया गया। सतर्कता को लेकर न्यायालय परिसर को खाली कराया गया। उन्होने कहा कि जांच के दौरान कुछ नही मिला।

# ऐतिहासिक होगी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनसभा : अनुराधा


**खगड़िया (एनएसबी)।** जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने कहा कि 13 मार्च को प्रस्तावित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा और जनसभा खगड़िया के लिए ऐतिहासिक साबित होगी। सोमवार को सदर अनुमंडल पथ स्थित अपने निजी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के कार्यालय कक्ष में एनडीए नेताओं और पदाधिकारियों के साथ तैयारी को लेकर मंत्रणा के दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास और सुशासन की नई इबारत लिखी जा रही है। समृद्धि यात्रा के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों और विकास योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है। जिला अध्यक्ष कुशवाहा ने बताया कि समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री



नीतीश कुमार करोड़ों की लागत की निर्मित योजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। साथ ही कई नई योजनाएं का शिलान्यास भी करेंगे। नगर सुरक्षा तटबंध बायपास रोड तथा स्टेशन रोड सहित अन्य प्रगतिशील योजनाओं का मुआयना करेंगे। उन्होने कहा कि समृद्धि यात्रा को लेकर जिले के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

# सांसद ने हर वर्ष 52 जरूरतमंद कन्याओं का विवाह कराने का लिया संकल्प

**खगड़िया (एनएसबी)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि समाज में बेटियों और बहनों का सम्मान और उनका उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सांसद ने इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हमारी बहन अभियान का अपने लोकसभा क्षेत्र में आगाज किया। उन्होंने कहा कि आज भी कई परिवार आर्थिक कठिनाइयों के कारण अपनी बेटियों के विवाह को लेकर चिंतित रहते हैं। ऐसे जरूरतमंद परिवारों की सहायता के उद्देश्य से उन्होंने संकल्प लिया है कि हर वर्ष अपने लोकसभा क्षेत्र की 52 जरूरतमंद बहनों एवं बेटियों का विवाह सांसद नहीं भाई के रूप में कराने की जिम्मेवारी हमारी है, ताकि किसी भी बेटी या बहन के विवाह में आर्थिक अभाव बाधा न



बने। सांसद ने कहा कि यह पहल केवल एक सामाजिक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का प्रतीक है। सांसद ने कहा कि हमारी बेटियाँ और बहनें हमारे समाज की शक्ति और सम्मान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना किसी भी समाज या राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है।

# टूटेगा सौ साल पुराने कबीर मठ का द्वार

**परबत्ता (एनएसबी)।** नगर पंचायत परबत्ता के बीचोंबीच स्थित करीब सौ वर्ष पुराना कबीर मठ का ऐतिहासिक तोरण द्वार अब विकास की भेंट चढ़ने को विवश है। नगर पंचायत द्वारा नाला निर्माण के लिए इस द्वार को तोड़े जाने की बातें सामने आई है। यह द्वार केवल कबीर मठ का मुख्य प्रवेश द्वार ही नहीं, बल्कि परबत्ता गांव की पहचान और लैण्डमार्क रहा है।

करीब सौ वर्ष पूर्व ईंट, सुर्खी और चूना से निर्मित यह भव्य गेट कबीर पंथ के अनुयायियों के लिए आस्था और श्रद्धा का प्रतीक माना जाता रहा है। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार इस ऐतिहासिक द्वार से जुड़े कई किस्से आज भी लोगों के बीच प्रचलित हैं। कबीर मठ में जब भी सार्वजनिक भंडारा या धार्मिक आयोजन होता था, तब यह द्वार भीड़ नियंत्रण का साक्षी बनता रहा है। समय के साथ ग्रामीणों और मठ प्रबंधन की उदासीनता के कारण यह ऐतिहासिक धरोहर जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। अब नगर पंचायत नाला निर्माण के लिए इसे तोड़ने का निर्णय लेने की बात सामने आई है जिससे स्थानीय लोगों में निराशा देखी जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन चाहता तो नाला निर्माण के दौरान गेट के सामने सीमेंट का पाइप डालकर इस ऐतिहासिक द्वार

**नाला निर्माण के लिए नगर परबत्ता पंचायत इस तोरण द्वार को तोड़कर हटाएगा**

को सुरक्षित रखा जा सकता था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक धरोहर के महत्व को नजरअंदाज कर दिया है। लोगों का मानना है कि यह द्वार केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि परबत्ता की पहचान और इतिहास का हिस्सा है। ऐसे में इसके संरक्षण की दिशा में गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए।

स्थानीय कबीर पंथियों के अनुसार, इस मठ की स्थापना महंथ जूरी दास नायक ने करवाया था। इसके बाद महंथ हीरा दास, गुरुशरण दास, सुखदेव दास ने इस कबीर पंथी परंपरा को आगे बढ़ाया। महंथ मोती दास के कार्यकाल में परबत्ता में अस्पताल तथा केएमडी कॉलेज के अलावा अनुसूचित जाति के सैकड़ों परिवारों को जमीन उपलब्ध कराया गया जो आज भी मोती नगर मोजाहिद्पुर नाम से अवस्थित है। सार्वजनिक कार्य के लिए भूमि दान और कुआं आदि का निर्माण कार्य कराया गया, जो आज भी संचालित है। इसके पश्चात महंथ शीतल दास ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा उच्च विद्यालय का निर्माण कर संस्कृत भाषा की शिक्षा को आगे बढाया। वर्तमान में महंथ संतशरण दास मठ की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ग्रामीण इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इस तोरण द्वार के टूट जाने के बाद इसका पुनर्निर्माण कब और कैसे होगा।

# केला रेशा उद्योग से महिलाओं को मिलेगी नई पहचान : डीएम

**पसराहा (एनएसबी)।** खगड़िया जिले के पसराहा थाना अंतर्गत बन्देहरा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में केला रेशा (बनाना फाइबर) उत्पादक महिलाओं के सम्मान और प्रोत्साहन हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त श्वेता भारती और जिला कृषि पदाधिकारी अविनाश कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह आयोजन महिला सशक्तीकरण और स्थानीय संसाधनों पर आधारित ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आई महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों ने केला रेशा से निर्मित बैग, चटाई, फाइल कवर और अन्य हस्तशिल्प वस्तुओं की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई, जिसकी अधिकारियों ने मुक्तकंठ से सराहना की।




संबोधन के दौरान जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि खगड़िया में केले की प्रचूर खेती को देखते हुए इसके अवशेषों से रेशा तैयार करना महिलाओं के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बन सकता है। उन्होंने प्रशासन की ओर से प्रशिक्षण, मशीनरी और बाजार उपलब्ध कराने का भरोसा देते हुए महिलाओं से संगठित होकर काम करने की अपील की। उप विकास आयुक्त श्वेता भारती ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि गुणवत्ता और नवाचार के दम पर ये उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जो तने पहले कचरा समझकर फेंक दिए जाते थे, अब वे किसानों और महिलाओं के लिए आय का जरिया बन रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जेजेबीएफ के संयोजन और जिला विकास प्रबंधक पूजा भारती के संचालन में संपन्न यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास और स्वावलंबन की नई इबारत लिखने में सफल रहा।

# नगर सभापति ने सौंदर्यीकरण के बाद बलुआही कब्रिस्तान का किया उद्घाटन

**खगड़िया (एनएसबी)।** नगर परिषद क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों के विकास को भी प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में वार्ड संख्या 19 स्थित बलुआही कब्रिस्तान में कराए गए सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत उद्घाटन नगर सभापति अर्चना कुमारी ने फीता काटकर किया। इस सौंदर्यीकरण कार्य पर करीब 33 लाख रुपये की लागत व्यय की गई है। उद्घाटन समारोह के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बताया जाता है कि बलुआही कब्रिस्तान लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण उपेक्षित था। नगर परिषद द्वारा यहां सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई व्यवस्था, परिसर को व्यवस्थित करने तथा आवश्यक संरचनात्मक सुधार के लिए विशेष योजना के तहत कार्य कराया गया। अब इस विकास कार्य के पूरा होने से यह स्थान पहले की तुलना में अधिक साफ-सुथरा, व्यवस्थित और सुविधाजनक दिखाई देगा।

उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि नगर परिषद खगड़िया का लक्ष्य केवल सड़क और नाला निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास को भी समान महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कब्रिस्तान जैसे पवित्र स्थलों का सम्मानजनक और व्यवस्थित होना आवश्यक है, ताकि वहां आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर सभापति ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लगातार सड़क, नाला, जलनिकासी, स्ट्रीट लाइट, कुआं जीर्णोद्धार तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। बलुआही कब्रिस्तान का सौंदर्यीकरण भी इसी विकास श्रृंखला का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय

**33 लाख की लागत से हुआ विकास कार्य, धार्मिक और सामाजिक स्थलों के विकास पर विशेष जोर**

**नगर परिषद खगड़िया का प्रयास है कि शहर के हर क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य हो, ताकि कोई भी मोहल्ला या समुदाय खुद को उपेक्षित महसूस न करे : नगर सभापति**

में भी नगर परिषद क्षेत्र के अन्य धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों के विकास के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि नगर परिषद खगड़िया का प्रयास है कि शहर के हर क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य हो, ताकि कोई भी मोहल्ला या समुदाय खुद को उपेक्षित महसूस न करे। शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाना नगर परिषद की प्राथमिकता है। इस अवसर पर उपसभापति प्रतिनिधि शहाबुद्दीन, वार्ड पार्षद पप्पू यादव, वार्ड पार्षद शाहिद आलम, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नसीम उर्फ लंबू, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नौशाद आलम, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पिंटू कुमार, तौसीफ आलम सहित कई अन्य लोग और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

सभी ने नगर परिषद द्वारा कराए गए इस विकास कार्य की सराहना की और इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। स्थानीय लोगों ने कहा कि कब्रिस्तान के सौंदर्यीकरण से न केवल परिसर की व्यवस्था बेहतर हुई है, बल्कि आने वाले लोगों को भी काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने नगर सभापति अर्चना कुमारी और नगर परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं की गयीं सम्मानित

**खगड़िया (एनएसबी)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला प्रशासन, कला एवं संस्कृति विभाग और महिला एवं बाल विकास निगम के तत्वावधान में खेल भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समानता के प्रति समाज को जागरूक करना तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्द्धन करना था।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण, सामुदायिक नेतृत्व, सामाजिक सेवा तथा प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को जिलाधिकारी और उपविकास आयुक्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में बारहवीं पास महादलित टोले की



पुलिस पदाधिकारी को सम्मानित करते अधिकारी।

बालिकाओं, बैडमिंटन, वाद-विवाद, चित्रकला, पेंटिंग आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई। सम्मान प्राप्त करने वाली महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास और सामूहिक सहयोग के माध्यम से महिलाएं समाज में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकती हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने और समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण अवसर है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी

**बारहवीं पास महादलित टोले की बालिकाओं सहित बैडमिंटन, वाद-विवाद, चित्रकला, पेंटिंग आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाएं सम्मानित**

प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, पुलिस सेवा, उद्यमिता तथा सामाजिक कार्यों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आगे बढ़ें। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने कहा कि शिक्षा महिलाओं के सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। जब एक महिला शिक्षित होती है तो वह पूरे परिवार को शिक्षित और जागरूक बनाती है। बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार अनेक योजनाएं चला रही है, जिनके माध्यम से बालिकाओं को विद्यालयों से जोड़ने तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, लैंगिक समानता, महिला अधिकार, पोषण, स्वास्थ्य तथा सामाजिक सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि महिलाओं की समान भागीदारी के बिना समाज एवं राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

# हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी का होना चाहिए समर्थन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जगजीवन राम श्रमिक महाविद्यालय जमालपुर के एनएसएस इकाई के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह सह विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार -गोष्ठी का विषय था नारी सशक्तीकरण और विकसित भारत 2047 कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डा.) देवराज सुमन ने की तथा संचालन एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डा राजेश कुमार सिंह कर रहे थे।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप भी आर एम कलेज, मुंगेर की प्रभारी प्राचार्या डा निर्मला कुमारी और विशिष्ट अतिथि के रुप में डा कंचन कुमारी (अर्थशास्त्र विभाग, जे एम एस महाविद्यालय, मुंगेर) और डा ज्योति कुमारी ( आर डी एण्ड डीजे कॉलेज, मुंगेर) आमंत्रित थीं।

विश्वविद्यालय -प्रशासक डा जयंत कुमार और पूर्व डीएस डब्लू प्रो भवेश चन्द्र पांडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन एनएसएस गीत और सरस्वती वंदना के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ।

हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक ड सुनील कुमार ने प्राचीन और मध्यकालीन सशक्त महिलाओं का उदाहरण देते हुए वर्तमान भारत में महिलाओं की स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया तथा नारी को अबला नहीं, सबला बताते हुए हर क्षेत्र मे महिलाओं की भागीदारी का समर्थन किया।


जेआरएस महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन।

महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डा पूजा, डा मांडवी, डा साबिहा के द्वारा विकसित भारत 2047 के लिए नारी सशक्तीकरण को महत्वपूर्ण बताया,जो नारियों की जागरुकता और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के द्वारा ही संभव है।

विशिष्ट अतिथि डा कंचन कुमारी ने भारतवर्ष की इकोनोमी का खाका प्रस्तुत करते हुए नारी - सशक्तीकरण में नारियों के लिए शिक्षा, खेल पर्याप्त सुविधा और स्टार्टअप के लिए बजट में स्थान की चर्चा की। उन्होंने भारतवर्ष में नारियों की सामाजिक स्थिति और आर्थिक स्थिति के आंकड़े को गंभीरतापूर्वक प्रस्तुत किया।

डा ज्योति कुमारी ने अपने वक्तव्य के क्रम में स्पष्ट संकेत किया कि नारी सशक्तीकरण तो ठीक है किन्तु वह इतना भी सशक्त न हो जाए कि सामाजिक, सांसतिक, पारिवारिक पहचान को प्रभावित करने लगे। नारी सशक्तीकरण में समानता का भाव छिपा हुआ है। कोई किसी से कम नहीं, कोई किसी से ऊपर नहीं। हम साथ - साथ चलकर 2047तक निश्चय ही विकसित देशों की श्रेणी में लाएंगे।

मुख्य अतिथि डा निर्मला कुमारी ने महिला दिवस पर सम्मान प्रदान करने के लिए जे आर एस महाविद्यालय के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया। संतान -पालन और पारिवारिक दायित्व निभाती हुई कृषि, उद्योग और उत्तम परंपरा के पालन में नारियों की भूमिका पहले भी महत्वपूर्ण रही है और आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जरूरत है नारियों के योगदान को आंकते हुए उन्हें जागरूक करने, शिक्षित बनाने और आर्थिक ष्टि से समृद्ध बनाने की है।

मुख्य वक्ता के रूप में अपना वक्तव्य रखते हुए प्रोक्टर डा जयंत कुमार ने नारी-सशक्तिकरण को उनकी निर्णय लेने की क्षमता, आर्थिक स्वतंत्रता और बराबरी से जोड़ने की बात कही। उन्होंने बताया कि स्थिति उलटी है। हम संभाषण के क्रम में नाम मात्र सफल महिलाओं की चर्चा कर हर वर्ष महिला दिवस मना लेते हैं। जबकि सच्चाई यह हैकि हमारी बेटियां आज भी शिक्षण-संस्थानों तक आने से डरती हैं। अथवा माता-पिता किसी संभाव्य संकट से खबराकर उन्हें घर से बाहर निकलने से रोकते हैं। नारी सशक्तिकरण के लिए लोग जागरूक हो रहे हैं लेकिन गति बहुत धीमी है। विश्व-सूचकांग में भारतवर्ष की महिलाएं बहुत पीछे हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों में अधिकतर उपस्थित रहे।

उपस्थित सहायक प्राध्यापकों में श्री राजा कुमार, डा अमरेन्द्र कुमार, डा सागर सरकार, डा निर्मल, डा अबरार आदि उपस्थित थे। छात्राओं में वैष्णवी कुमारी, आस्था, पूजा कुमारी आदि ने अपना विषय बद्ध संभाषण प्रस्तुत किया। धन्यवाद -ज्ञापन के क्रम में गणित -विभाग के विभागाध्यक्ष डा अमर कुमार ने अध्यक्ष महोदय सहित आगत अतिथियों, वक्ताओं, प्राध्यापकों अभिभावकों और छात्र-छात्राओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खबरें : एक नजर में

### मोटरसाइकिल पिकअप गाड़ी की टक्कर में सेवानिवृत्ति रेलकर्मी गंभीर रूप से जख्मी, जख्मी रेल कर्मी को आसपास के लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** मुंगेर जमालपुर मुख्य मार्ग के दौलतपुर गायत्री मंदिर समीप एक मोटरसाइकिल एवं पिकअप गाड़ी के बीच जबरदस्त टक्कर हुई जिसमें मोटरसाइकिल सवार बुरी तरीके जख्मी हो गया। सड़क दुर्घटना में जख्मी जख्मी मोटरसाइकिल चालक की पहचान ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र निवासी सेवानिवृत्ति रेल कर्मी राजकुमार के रूप में हुआ है। सड़क दुर्घटना में जख्मी रेल कर्मी बारे मे पत्नी निशा रानी ने बताई मैं अपने पति के मोटरसाइकिल पर बैठकर मुंगेर की ओर जा रही थी। मोटरसाइकिल जैसे ही दौलतपुर समीप पहुंची तो सामने से तेज रफ्तार से आ रही एक पिकअप गाड़ी मोटरसाइकिल में जोड़ से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मेरे पति मोटरसाइकिल से नीचे गिर गया और उनका बाया पैर बुरी तरीके से जख्मी हो गया। पति को सड़क पर नीचे गिरते देख पिकअप गाड़ी वाला अपना गाड़ी छोड़कर भाग गया। जख्मी पति को किसी तरह आम लोगों के सहयोग से रेल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही पत्नी ने यह भी बताया कि घटना की लिखित एवं मौखिक जानकारी जमालपुर पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग किया गया है। इधर जमालपुर पुलिस कार्रवाई करते हुए घटना स्थल से पिकअप गाड़ी को थाना लाई है।


अस्पताल में भर्ती जख्मी रेलकर्मी।

# निरंजन एवं सुमन के आकर्षण गोल से फुल्का ने रामपुर को हराया, 2-0 पराजित होकर रामपुर टूर्नामेंट से हुए बाहर

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी) ।** युगल रंजीत मेमोरियल फुटबल टूर्नामेंट 2026 फुलका के ऐतिहासिक मैदान में तीसरे मैच में सपोर्टिंग क्लब फूलका बनाम यूनाइटेड क्लब रामपुर के बीच खेला गया।रोमांचक मुकाबले में स्पोर्टिंग क्लब फूलका ने यूनाइटेड क्लब रामपुर को 2 - 0 से पराजित किया गोल करने वाले खिलाड़ी जर्सी नंबर 11 सुमन कुमार सुमन और जर्सी नंबर 14 निरंजन कुमार बिच्छू ।जिसमें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए सुमन कुमार सुमन का चयन किया गया मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन बैंक, गोविंदपुर शाखा प्रबंधक राजीव रंजन मौजूद थे।निर्णायक मंडली के रूप में रामरक्षा यादव, सुधांशु कुमार , अजय कुमार और ष्णानंद जी मौजूद थे।कमेटी के द्वारा बताया गया कल का रोमांचक मैच इलेवन स्टार जमालपुर बनाम खगड़िया के बीच 3रू30 खेला जाएगा। गणमान्य व्यक्तियों में मनोज कुमार, अनिल कुमार यादव, अजय कुमार, विनय कुमार, प्रताप कुमार,कन्हैया तांती, प्रवीण शंकर सिंह ,संजय कुमार,शंभू सिंह आदि मौजूद थे।


विजेता टीम के साथ आयोजक।

# 198 रेल यात्रियों का मॉडल स्टेशन जमालपुर में हुआ स्वास्थ्य जांच

## आम यात्रियों के लिए समेकित स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति अभियान समेकित स्वास्थ्य जागरूकता शिविर मडल स्टेशन जमालपुर में लगाया गया। आयोजित शिविर में रेल यात्रियों एवं कर्मचारियों का ब्लड शुगर, टीवी, एचआईवी, बीपी एवं सिप्लिम जैसे बीमारी का जांच किया गया।

जांच शिविर के बारे में ड ध्रुव कुमार साह एवं डीआईएस आदित्य राज ने बताया कि इस तरह के शिविर आयोजित के पीछे आम लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं स्वस्थ करने का होता है। क्योंकि सरकार द्वारा आयोजित इस तरह के शिविर समय-समय पर आयोजित कर जनता को जागरूक करना होता है। शिविर में लगभग 198 यात्रियों का स्वास्थ्य जांच करते हुए उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं चिकित्सकीय सलाह उपचार समय-समय पर करने की बात कही गई।

इधर जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित सिविल का भरपूर सहयोग स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार एवं उनके सहयोगियों के द्वारा किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के राजेश कुमार, विनोद कुमार, ममता कुमारी, रश्मि, कुमारी अभिषेक कुमार, अविनाश सहित कई मौजूद थे।



स्टेशन परिसर में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर।

### लखीसराय में मद्य निषेध विभाग की कार्रवाई : छापेमारी में 13 गिरफ्तार, भारी मात्रा में शराब बरामद

**लखीसराय (एनएसबी)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से मद्य निषेध थाना लखीसराय द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। दिनांक 8 मार्च 2026 को की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने शराब बेचने और पीने के आरोप में कुल 13 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। इस अभियान में भारी मात्रा में चुलाई शराब भी जब्त की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने कवैया थाना क्षेत्र के लाली पहाड़ी में छापेमारी कर रूदो देवी (पति मुकेश मांझी) को 12600 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं, लखीसराय थाना अंतर्गत बालगुदर में की गई कार्रवाई में बच्चू सहनी (पिता रूपल सहनी) को 5000 लीटर शराब के साथ पकड़ा गया। कजरा थाना के केशोपुर में पुलिस ने गौतम चौधरी (पिता स्व राजेन्द्र चौधरी) को 6000 लीटर चुलाई शराब बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। शराब बेचने वालों के साथ-साथ पुलिस ने पीने वालों के खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाया। बालगुदर से पप्पू पासवान और राजू कुमार को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। केशोपुर क्षेत्र से अनुज कुमार, ष्ण कन्हैया और धर्मेन्द्र कुमार की गिरफ्तारी हुई। इसके अतिरिक्त बड़हिया थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से राजा राम मांझी, कमलेश कुमार, अमीनदर दास, कैलाश कुमार और श्याम किशोर मांझी को भी शराब के सेवन के आरोप में हिरासत में लिया गया। पकड़े गए व्यक्तियों में से कुछ पड़ोसी जिले समस्तीपुर के भी निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने सभी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।


गिरफ्तार धंधेबाज महिला।


गिरफ्तार धंधेबाज पुरुष।


गिरफ्तार पीने वाले।

# लखीसराय : जिला पदाधिकारी ने किया जनगणना 2027 के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**लखीसराय (एनएसबी)।** सोमवार को जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में भारत की आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी जनगणना कार्य को प्रभावी, पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों एवं कर्मियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना था।



दीप प्रज्ज्वलित करते डीएम।


प्रशिक्षण में भाग लेते अधिकारी।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं सांख्यिकीय प्रक्रिया है। इसी के आंकड़ों के आधार पर सरकार भविष्य की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों का निर्धारण करती है। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मियों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को पूरी गंभीरता से समझें और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी पारदर्शिता के साथ करें।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षक राधेश्याम सर ने बताया कि इस बार की जनगणना में डिजिटल प्लेटफर्म का व्यापक उपयोग किया जाएगा। कर्मियों को सीएमएमएस पोर्टल, एचएलबीसी वेब एप्लिकेशन और अन्य डिजिटल टूल्स के व्यावहारिक उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों के उपयोग से डेटा संकलन की प्रक्रिया अधिक सटीक और तीव होगी। प्रशिक्षण में मकान सूचीकरण, प्रपत्रों को भरने की विधि और डेटा प्रबंधन से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर हैंड्स-अन ट्रेनिंग भी दी गई ताकि क्षेत्र में कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या न आए।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता-सह-जिला जनगणना पदाधिकारी नीरज कुमार, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, जिला योजना पदाधिकारी आशुतोष कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी राम विनोद प्रसाद यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, चार्ज अधिकारी एवं अन्य संबंधित शासकीय सेवक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### लखीसराय में 12 मार्च को लगेगा एक दिवसीय जिला स्तरीय विशेष जब कैंप

**लखीसराय (एनएसबी)।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के निर्देशानुसार जिला नियोजनालय, लखीसराय के तत्वावधान में आगामी 12 मार्च 2026 को एक दिवसीय जिला स्तरीय विशेष जब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, महिसोना, लखीसराय के प्रांगण में होगा। इस संबंध में जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि कैंप में स्थानीय एवं बाहरी स्तर के लगभग 8 से 10 प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगे। इस जब कैंप में 8वीं, 10वीं, 12वीं के साथ-साथ तक (बीए बीएससी बीकम) बी एड, बीसीए, आईटीआई और डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यह जब कैंप पूरी तरह से निरूशुल्क है। उन्होंने अपील की है कि अधिक से अधिक बेरोजगार युवक और युवतियां इस अवसर का लाभ उठाने के लिए कैंप में पहुंचें। इस कार्यक्रम की सूचना जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न समाचार माध्यमों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दी गई है।

### अब रात 8 बजे तक खुला रहेगा श्री युवक अनुमंडलीय पुस्तकालय

**लखीसराय (एनएसबी)।** स्थानीय पाठकों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए श्री युवक अनुमंडलीय पुस्तकालय के समय में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। अब यह पुस्तकालय सुबह से लेकर देर शाम तक पाठकों की सेवा में उपलब्ध रहेगा। पुस्तकालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, 9 मार्च 2026 से पुस्तकालय का संचालन सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जाएगा। समय में इस विस्तार का मुख्य उद्देश्य उन पाठकों को राहत देना है जो दिनभर व्यस्तता के कारण या देर शाम तक अध्ययन करना चाहते हैं। पुस्तकालयाध्यक्ष नीतू कुमारी ने बताया कि पाठकों की बढ़ती मांग और उनकी सुविधा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। इस नए समय निर्धारण से जिले के छात्र-छात्राओं और पुस्तक प्रेमियों में खुशी की लहर है।

# ब्रह्मपुत्र एवं सूरत एक्सप्रेस के विलंब से परिचालन होने से यात्री हुए परेशान, जमालपुर भागलपुर कियूल 15 मिनट से 3 घंटे तक विलम्ब से चली ट्रेन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर भागलपुर कियूल रेल खंड होते हुए महानगर से आने एवं जाने वाली ट्रेन अपने निर्धारित समय से घंटा विलम से परिचालन हो रहा है जिससे आम यात्री परेशान है। सोमवार को मडल स्टेशन पर ब्रह्मपुत्र मेल सहित सूरत एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 2 से 3 घंटे विलंब से परिचालक की स्थिति को देखकर यात्री प्लेटफार्म पर परेशान दिखे। परेशान यात्री सुरेश कुमार, नीतीश कुमार, रमेश ठाकुर,अमन कुमार, रमेश सिंह, विजय कुमार आदि ने बताया कि ट्रेन का परिचालन तो बराबर लेट से ही होता है पर पर्व त्यौहार जैसे मौसम में ट्रेन का परिचालन विलंब से होना हम लोगों के लिए काफी कष्टदायक साबित होता है। रेलवे की किस लचर व्यवस्था जो वर्षो से चली आ रही है इसमें सुधार होना चाहिए। इधर विलंब से चल रही ट्रेन की सूची में भागलपुर दानापुर इंटरसिटी, विक्रमशिला, साहिबगंज दानापुर इंटरसिटी, ब्रह्मपुत्र मेल, पटना दुमका एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, अंग एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, मालदा पटना, हावड़ा जयनगर, बांका राजेंद्र नगर जैसे महत्वपूर्ण ट्रेन अपने निर्धारित समय से विलंब से परिचालन हुआ।


ट्रेन पर चढ़ते यात्री।

# जड़ वस्तु के प्रति विशेष आकर्षण को कम करता है कीर्तन

## मनुष्य के जीने का ढंग बदल गया, व्यक्ति आत्मसुख तत्व से ग्रस्त हो स्वार्थी हो गया, बाबा नाम केवलम् अनन्य भाव का कीर्तन है

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ के पुरोधा प्रमुख श्रद्धेय आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत 13,14 एवं 15 मार्च को होने वाले विश्व स्तरीय धर्म महासम्मेलन को संबोधित करने रेल मार्ग से पहुंचे जमालपुर। आनंदमार्गियों ने भव्य रूप से स्वागत किया । उन्होंने कहा कि लोग ज्यादा से ज्यादा कीर्तन करे।अनन्य भाव से कीर्तन करें बाबा नाम केवलम् अनन्य भाव का कीर्तन है।कीर्तन करने से जड़ वस्तु से मन को ऊपर उठ सकता है।

आनंद मार्ग प्रचारक संघ के पुरोधा प्रमुख श्रद्धेय आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत ने कहा कि जड़ वस्तु के प्रति अत्याधिक आकर्षण के कारण अवसाद रोग डिप्रेशन का जन्म होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 34 करोड़ से अधिक अवसाद रोग के मरीज पूरी दुनिया में है। भारतीय जनसंख्या का लगभग 5 प्रतिशत करीब 6 करोड़ लोग अवसाद रोग से ग्रस्त हैं। अवसाद रोग के कारण की चर्चा करते हुए पुरोधा प्रमुख जी ने कहा कि 'मनुष्य के जीने का ढंग बदल गया, व्यक्ति आत्मसुख तत्व से ग्रस्त हो स्वार्थी हो गया। आर्थिक विषमता के कारण समाज बिखर गया है । स्वतंत्रता की आड़ में युवक-युवतियां चारित्रिक पतन की ओर उन्मुख हो रहे हैं और अंततः हताश, निराश हो अवसास्त हो रहे हैं। अवसाद ( डिप्रेशन) के मुख्य पांच कारण की चर्चा करते हुए उन्होंने पतंजलि योगसूत्र चौप्टर 23 हवाला देते हुए कहा कि मनुष्य अविद्या (अज्ञानता) ,अस्मिता (अहंकार ), राग (आसक्ति), द्वेष ( विरक्ति) एवं अभिनिवेश( मृत्यु का भय )से ग्रस्त है। उन्होंने कहा कि 'डिप्रेशन से मुक्ति के लिए अष्टांग योग का अभ्यास आवश्यक है। अष्टांग योग के अभ्यास से अंतः स्रावी ग्रंथियों का रसस्राव ( रासायनिक द्रव हार्मोस ) संतुलित हो जाता है, जिसके फलस्वरुप विवेक का जागरण होता है और मनुष्य का जीवन आनंद से भर उठता है। मनुष्य के खुशहाल रहने का गुप्त रहस्य अष्टांग योग में छुपा हुआ है।


बाबा नगरी पहुंचे पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत।

# शिक्षा व सफाई के लिए मुसहर टोलों में चले विशेष अभियान : डॉ. भवेश

## मुसहर जाति विकास कार्यशाला का आयोजन

नवसंदेश ब्यूरो

**उदवंतनगर।** प्रखंड के चैराई स्थित नई आशा सभागार में मुसहर जाति विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिलेभर से आए इस समाज के युवकों में अपने अपनी समस्याओं की चर्चा करते हुए विकास के लिए शासन-प्रशासन से मिलकर विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया।

कार्यशाला के दरमियान वक्ताओं ने कहा कि आज भी मुसहर टोलों में नाली-गली पेयजल, शौचालय, आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड के साथ जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की गंभीर समस्या है। आवश्यक प्रपत्र नहीं होने के कारण मुसहर जाति के बच्चा से लेकर वृद्ध तक सरकार प्रायोजित कई योजनाओं से वंचित हो रहे हैं।



कार्यशाला को संबोधित करते पद्मश्री भीम सिंह भवेश।

उन्होंने कहा कि सरकार को प्राथमिकता के आधार पर मुसहर जाति के सभी टोला को नाली गली पेयजल एवं शौचालय से आच्छादित करते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन, शताब्दी योजना, आयुष्मान, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड से आच्छादित करने की जरूरत है। इस अवसर पर नई आशा के संरक्षक डॉ भीम सिंह भवेश ने कहा कि विकास के लिए सबसे पहले माहौल बनाने के लिए टोलों की साफ-सफाई एवं बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा ही एक ऐसा साधन है, जिसके माध्यम से गरीबी दूर की जा सकती है। उन्होंने शिक्षा एवं सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही। बैठक की अध्यक्षता धरमू राम एवं संचालन शैलेंद्र कुमार ने किया। उपस्थित लोगों में लाल बिहारी राम, बृजनंदन राम, भरत कुमार, गोलू कुमार, अमिर कुमार, जय किशन कुमार, राहुल कुमार, दुर्जन राम, अनंत कुमार, ममिता कुमारी, सविता कुमारी आदि प्रमुख थे।

# बदमाशों ने बालू घाट पर की फायरिंग, घटना का कारण स्पष्ट नहीं

**आरा (एनएसबी)।** जिले के चैरी थाना क्षेत्र के अंधारी बालू घाट पर रविवार की देर रात अज्ञात हथियारबंद बदमाशों द्वारा फायरिंग कर दी गई। उनके द्वारा करीब चार से पांच राम फायरिंग करने की चर्चा की जा रही है। घटना को लेकर आसपास की इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के अंधारी बालू घाट पर रविवार की देर रात अज्ञात हथियारबंद बदमाशों द्वारा ताबड़तोड़ पांच राम फायरिंग कर दी गई। हालांकि फायरिंग के दौरान किसी प्रकार की कोई हताहत नहीं हो पाई है। वही फायरिंग किसने और क्यों की? इसका कारण भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इधर, पुलिस द्वारा बताए जाने के अनुसार बालू घाट करीब चार से पांच राउंड फायरिंग करने की बात सामने आ रही है। घटनास्थल से किसी प्रकार का कोई खोखा बरामद नहीं हो सका है। हालांकि पुलिस द्वारा अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्राथमिकी दर्ज उपरांत पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

# पीएचडी प्री–एंट्रेंस टेस्ट का एडमिट कार्ड जारी

**आरा (एनएसबी)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में पीएचडी में नामांकन के लिए आयोजित होने वाली पीएचडी प्री-एंट्रेंस टेस्ट (पीईटी) परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि वे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए आवेदन संख्या और जन्मतिथि दर्ज करनी होगी।

विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के अनुसार पीईटी परीक्षा के सफल एवं पारदर्शी आयोजन को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए शहर के विभिन्न कॉलेजों में परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। केंद्रों पर अभ्यर्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा, प्रश्नपत्र की गोपनीयता तथा निगरानी के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिया है कि वे परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचें। परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना भी आवश्यक होगा। परीक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पीईटी के माध्यम से विभिन्न विषयों में पीएचडी में प्रवेश के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को आगे की चयन प्रक्रिया, जैसे साक्षात्कार आदि के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

परीक्षा को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर पर्यवेक्षक, उड़नदस्ता दल और तकनीकी टीम की तैनाती की गई है। किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के लिए सख्त निगरानी की व्यवस्था भी की गई है। पीएचडी परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में उत्साह देखा जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## नए प्राचार्य के नेतृत्व में बीएस कॉलेज बचरी में दिख रहा व्यापक बदलाव

**पीरो (एनएसबी)।** बीएस कॉलेज बचरी पीरों में नए प्राचार्य के पदभार ग्रहण करने के बाद शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। कॉलेज में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने और परिसर की व्यवस्था बेहतर बनाने की दिशा में कई पहल शुरू की गई हैं। प्राचार्य ने पदभार संभालने के बाद शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर कॉलेज के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने सभी से मिलकर संस्थान को आगे बढ़ाने और पढ़ाई का बेहतर माहौल बनाने की अपील की। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वे भविष्य में बेहतर अवसर हासिल कर सकें। कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। साथ ही कक्षाओं का नियमित संचालन सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनने के लिए समय-समय पर संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे छात्र अपनी बात सीधे रख सकें। प्राचार्य ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के लिए संसाधनों का विकास जरूरी है और कॉलेज में शैक्षणिक सुविधाओं को चरणबद्ध तरीके से बेहतर बनाया जाएगा। शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी नए प्राचार्य की पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि कॉलेज में पढ़ाई का माहौल बेहतर हुआ है और विद्यार्थियों में भी पढ़ाई को लेकर उत्साह बढ़ा है।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ने एससी/एसटी थाना का किया निरीक्षण

**आरा (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक राज द्वारा एससी/एसटी थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर की स्वच्छता, कार्यालय व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण, अपराध नियंत्रण से संबंधित विभिन्न तख्तियों, दस्तावेजों एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की गहनता से जांच की गई। इस दौरान थाना में लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अनुसंधानकताओं को मामलों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं प्रभावी अनुसंधान एवं निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। साथ ही विधि-व्यवस्था संधारण एवं आम जनता को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया।

### प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू विद्यालय जितौरा की प्रधानाध्यापिका को किया गया सम्मानित

**पीरो (एनएसबी)।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय जितौरा की प्रधानाध्यापिका डा. श्री कांति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कई अन्य महिलाओं को सम्मानित किया गया।



डा. श्री कांति बतौर प्रभारी प्रधानाध्यापक पिछले पांच साल से प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू विद्यालय जितौरा में पदस्थापित रहकर क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रही है। उनके व्यक्तिगत प्रयास से कभी खंडहर सा दिखने वाला प्लस टू उच्च विद्यालय जितौरा गुलजार हो रहा है। यहां बड़ी तादाद में क्षेत्र की बालिकाओं का नामांकन हुआ है। जिन्हें बेहतर शिक्षा प्रदान की जा रही है। डा. श्री कांति को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए गत वर्ष शिक्षक दिवस के मौके पर राज्य सरकार द्वारा राजकीय सम्मान से सम्मानित किया गया था। पुनः एक बार उन्हें जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किए जाने पर बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष गोरखनाथ सिंह, बिहार टीचर्स एसोसिएशन भोजपुर के जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, दीपक कुमार, मो जब्बार सहित अन्य सहयोगी शिक्षकों व अभिभावकों ने उन्हें बधाई दी है।

### बिहिया बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसे में जख्मी युवक की मौत, घर में हाहाकार

**आरा (एनएसबी)।** सड़क हादसे में जख्मी युवक की मौत हो गई। इलाज के दौरान आरा के निजी अस्पताल में रविवार की रात उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के बेलौना गांव निवासी अमावस पासवान का 24 वर्षीय पुत्र मनु कुमार है। इधर, मृतक के परिजन ने बताया कि बीते चार फरवरी को होली के दिन सुबह में वह बाइक द्वारा बिहिया चैरस्ता से बाजार कर गांव लौट रहा था। उसी दौरान बिहिया बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन ने उसके बाइक में टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। तब परिजन द्वारा से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया था। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी फूलकुमारी देवी एवं एक पुत्री प्रियंका कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। घटना के बाद में उनकी पत्नी फूलकुमारी देवी परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### वार्षिकोत्सव में शिशु मंदिर बागर के बच्चों ने बिखेरे जलवे

**उदवंतनगर (एनएसबी)।** सरस्वती शिशु मंदिर बागर में वार्षिकोत्सव स्वरांजली का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भोजपुर विभाग के विभाग प्रमुख लाल बाबू प्रसाद तथा मुख्य अतिथि महंत श्री श्री 108 गोविंदाचार्य जी महाराज सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुआ। आगत अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान कराया गया।



मुख्य अतिथि गोविंदाचार्य जी महाराज सहित सभी आगंतुकों के आशिर्वचन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन जैसे लघु नाटक की प्रस्तुति देख लोग गदगद हो गए तथा बच्चों की प्रस्तुति को सराहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह विजय केसरी तथा विभाग प्रमुख लाल बाबू प्रसाद ने पंच परिवर्तन व विद्या भारती की विकास यात्रा से बच्चों को अवगत कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय परिवार प्रयासरत है। अभिभावकों के सहयोग से शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। अब्बल आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। उपेन्द्र पाण्डेय ने सामूहिक ज्ञान प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन आचार्य विजय तथा आभार कृष्ण बलराम ने कहा। मौके पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य, सचिव संजीव कु झा, भोजपुर विभाग के 15 विद्यालयों के प्रधानाचार्य, बीडीसी अनिल राय, मुखिया प्रतिनिधि बलराम यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष अजय राय, पूर्व उपप्रमुख पप्पू साह सहित कई गणमान्य मौजूद थे।


# घर से निकले दुकानदार का शव बरामद

## दोस्त पर ही गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवसंदेश ब्यूरो

**आरा।** जिले के धोबहा थाना क्षेत्र के इजरी सलेमपुर गांव में घर से निकले किराना दुकानदार का शव बरामद हुआ है। उसका शव गांव स्थित दूसरे के घर के दरवाजे से बरामद हुआ। मृतक के पीठ पर दाहिने तरफ एवं सिर के पीछे भाग में जख्म का निशान पाया गया है। जिसके कारण परिजन द्वारा उसके दोस्त पर ही गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है।

शव मिलते ही गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। धोबहा थाना क्षेत्र के इचरी सलेमपुर गांव वार्ड नंबर-7 निवासी ददन प्रसाद का 40 वर्षीय पुत्र श्रीराम प्रसाद है। वह पेशे से किराना दुकानदार था। गांव में ही अपना


शोक में डूबे परिजन व (इनसेट) मृतक का फाइल फोटो।

दुकान चलाता था। इधर, मृतक के भाई मुन्ना प्रसाद ने बताया कि रविवार की शाम घर से बाजार घूमने निकला था। तभी उसका दोस्त अनिल ठाकुर अपने घर पर ले गया जहां पर उन लोगों ने खाया पिया। इसके बाद वह उसी के घर में सो गया। जब उसका बेटा रात में नौ बजे में अनिल ठाकुर के घर गया, तो उसने देखा कि उसके पिता खरार्टा लेकर

### पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम

सो रहे हैं। तब उसने कहा कि मैं पिता को घर ले जा रहा हूँ, तो अनिल ठाकुर ने कहा कि यही सो रहे हैं, तो रहने दो, तुम जाओ। इसके बाद उनका बेटा वापस घर चलाया। इसी बीच सोमवार की सुबह अनिल ठाकुर के घर के कुछ आगे वह मृत अवस्था में पड़ा था। जिसके बाद अनील ठाकुर द्वारा इसकी सूचना उसके परिजन को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। दूसरी तरफ मृतक के भाई मुन्ना प्रसाद ने उसके दोस्त अनिल ठाकुर पर साजिश के तहत गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

इधर, पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। वहीं धोबहा थानाध्यक्ष वर्षा रानी ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अनिल ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। अभी परिजन द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है।

# अपोलो डायग्नोस्टिक का महापौर ने किया उद्घाटन

**आरा (एनएसबी)।** शहर के सदर अस्पताल रोड स्थित अपूर्वा टावर के बेसमेंट में रविवार को अपोलो डायग्नोस्टिक का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन शहर की महापौर इंदु देवी ने किया। इस मौके पर महापौर इंदु देवी ने कहा वर्तमान समय में किसी भी मरीज का इलाज बगैर जांच और टेस्ट कराए बिना संभव नही है। अपोलो डायग्नोस्टिक के खुलने से मरीजों को काफी सहूलियत होगी। हर तरह की जांच की सुविधा यहां उपलब्ध है। 24 घंटे में रिपोर्ट देने का दवा कंपनी ने किया है। अपोलो डायग्नोस्टिक्स द्वारा घर जाकर भी सैंपल लिया जाएगा, जिसका कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं लिया जाएगा। इस मौके पर प्रोपराइटर जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव उर्फ बंधन श्रीवास्तव ने कहा मेरा उद्देश्य लोगों को सही और सटीक जांच कम पैसे में उपलब्ध कराना है। दूसरे लैब में थायराइड वगैरह की जांच रिपोर्ट 72 घंटे में मिलती थी। हमारे यहां यह सुविधा 24 घंटे के अंदर उपलब्ध है। घर पर भी जाकर सैंपल कलेक्शन की सुविधा दी गई है, जो फ्री ऑफ कास्ट है। अपोलो डायग्नोस्टिक्स के पदाधिकारी ने बताया कि बुजुर्ग लोगों का शुगर, कोलेस्ट्रॉल एवं हीमोग्लोबिन आदि जांच की सुविधा फ्री में दी जा रही है। यहां जांच करने वाले मरीजों को पैकेज भी दिया जाएगा। 700 से लेकर 3 हजार में पैकेज उपलब्ध है। अपोलो डायग्नोस्टिक भोजपुर जिले का पहला सेंटर है। क्वॉलिटी मेंटेन करते हुए लोगों को सुविधा दी जाएगी। उपस्थित लोगों में वीर विजय, मनजीत कुमार, ओमप्रकाश, गुड्डू श्रीवास्तव दीपू श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहें।



# ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**आरा (एनएसबी)।** आरा-सासाराम रेलखंड पर नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर गली नंबर-7 स्थित लहठान भवन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना नवादा थाना पुलिस को दी गई।

सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी मुलुकनाथ महतो के 45 वर्षीय पुत्र बलिराम महतो है। वह गुजरात में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करते थे।

इधर, मृतक के बेटे अंकित कुमार ने बताया कि वह गुजरात जाने के लिए घर से निकले थे। इसी बीच यह घटना घट गई। इसके बाद नवादा थाना पुलिस द्वारा फोन द्वारा इसकी सूचना उन्हें दी गई। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी चंद्रावती देवी, दो पुत्री सुषमा, अंशु एवं एक पुत्र अंकित कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। घटना के बाद उसकी पत्नी चंद्रावती देवी परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डिग्री कॉलेज में महिला दिवस पर प्रोग्राम, छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**शाहपुर (भोजपुर) (एनएसबी)।** श्री त्रिदंडी देव राजकीय डिग्री महाविद्यालय, गौतम नगर, शाहपुर में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य प्रो. गुलाब फलाहारी ने महिला प्राध्यापकों को सम्मानित कर की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए। महिलाओं को समान अवसर देना और उनके अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार (एनएसएस) ने महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान की सराहना की। भाषण प्रतियोगिता में खुशी कुमारी ने प्रथम, विवेक कुमार ने द्वितीय और पिंकी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में खुशबू शर्मा प्रथम तथा खुशी कुमारी द्वितीय स्थान पर रहीं। इस मौके पर महिला प्राध्यापक डॉ. आस्था कुमारी और डॉ. छाया कुमारी, शिक्षक डॉ. अबुल कलाम, डॉ. अम्बरीष गौतम, डॉ. रणधीर कुमार सिंह, डॉ. राजेश, डॉ. संतोष कुमार तिवारी, डॉ. दिनेश, डॉ. नवल किशोर प्रसाद, अजीत कुमार राम, डॉ. बुद्धदेव राम, डॉ. सैयद मुर्शीद फैज, डॉ. रूपेश कुमार और डॉ. प्रवीण कुमार कॉलेज कर्मियों में डॉ. राजन तिवारी, चन्दन तिवारी, प्रकाश चैबे, दीपक कुमार एवं सुशील ठाकुर आदि थे।




## मदरसा इसलाहुल मुस्लेमीन में खतम कुरान के मौके पर शानदार जलसे का आयोजन

# सख्त राहों में भी आसान सफर लगता है...

**पीरो (एनएसबी)।** अनुमंडल मुख्यालय के मिल्की मुहल्ला स्थित मदरसा इसलाहुल मुस्लेमीन में खतम कुरान के मौके पर शानदार जलसे का आयोजन किया गया। इस दौरान तकरीर के साथ साथ नामचीन शायरों द्वारा शेरो शायरी, नज्म, गजल पेश किए गए। जलसे के दौरान दूर दर्शन के शायर आफताब आलम खान ने एक से बढ़ कर एक शायर पेश कर महफिल को बांधे रखा।

उनकी पेशकश-सख्त राहों मे भी आसान सफर लगता है, ये मेरी मां की दुआओं का असर लगता है.....वो तो असर है मां की दुआओं मे, वरना इतना सुकुन कहां था इन हवाओं में...वही हाफिज अबु बकर ने ने शायरी पेश करते हुए फरमाया-बच्चों को अपने साहिबे इमान बनाओं, कुरआन पढ़ाओं- कुरआन पढ़ाओं.....मोमिन बनो, इस्लाम की पहचान बना तुम। संवर जाए अगर किरदार तो मीठे बोल हो जाए....महफिल में मौजूद लोगों ने खूब सराहा। अन्य शायरों ने भी एक से बढ़कर एक नज्म पढे। जलसे के मौके पर कारी नाजीर हुसैन व हाफिज गुलाम सरवर आदि ने कहा कि हम आधुनिक तकनीक व विज्ञान के साथ साथ बच्चों में आध्यात्मिक व नैतिक तहजीब विकसित करने पर विशेष जोर देते हैं। हमारा मानना है कि बिना नैतिक मूल्यों के विकास के इल्म का कोई मतलब नहीं रह जाता है। नैतिकता व सामाजिकता के बिना कोई भी इल्म बेकार है।



मदरसों में बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के बच्चे नैतिक, आध्यात्मिक व सामाजिक व्यवहार के साथ इल्म हासिल करते हैं। इस दौरान मौलाना जमशेद अनवर, हाफिज नुमान खान, हाजी अयूब खान, सरफराज खान, अफरोज आलम खान, वार्ड पार्षद मो तौफिक खान, अरबाब खान, खालीद खान, मुन्ना खान, गुड्डु खान, अकरम खान, अरसद खान समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# कृषि समन्वयक की आकस्मिक मौत

**उदवंतनगर (एनएसबी)।** कृषि कार्यालय में पदस्थापित कृषि समन्वयक विजेन्द्र सिंह की आकस्मिक मौत से शोक की लहर दौड़ पड़ी। मौत की खबर सुनते ही स्वजन व सहकर्मी फफक कर रो पड़े। कृषि समन्वयक रण विजय सिंह ने बताया कि सभी कृषि संबंधों के स्थानांतरण हेतु तीन प्रखंडों का विकल्प देने का अंतिम तिथि सोमवार को था उसी क्रम में वे जिला कृषि कार्यालय आए थे इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी हालात को देखते हुए आनन फानन में मौजूद कृषि समन्वयक उन्हें सदर अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। आन ड्यूटी डाक्टर ने बताया कि हृदय गति रूकने से उनकी मौत हो गई। आकस्मिक निधन से उनकी पत्नि मीना देवी पर दुःखों का पहाड़ टूट गया।